

पश्चिम एशिया संकट : निर्यातकों को बीमा समर्थन देने पर विचार : गोयल -10



सकारात्मक विदेशी संकेतों से शेयर बाजारों में लौटी तेजी, सेंसेक्स 639 अंक उछला -10



सिनेमा में असाधारण योगदान के लिए अमोल पालेकर को मेटा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड -11




टी-20 विश्वकप विजेता टीम को 131 करोड़ रुपये का विशेष बोनस देगा बीसीसीआई -12


आज का मौसम

$32.0^0$ अधिकतम तापमान

$21.0^0$ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.28

सूर्यास्त 06.18

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी 04:19 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2083

बुधवार, 11 मार्च 2026, वर्ष 36, अंक 33, पृष्ठ 12+4 ■ मूल्य 6 रुपये


## ईरान बोला- नहीं रोकेंगे युद्ध, ट्रंप की धमकी होर्मुज स्ट्रेट बंद किया तो करेंगे बड़े हमले

### इजराइल और खाड़ी देशों पर ईरान ने बरसायीं मिसाइलें, कहा-होर्मुज स्ट्रेट से नहीं गुजरने देंगे टैंकर

दुबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने मंगलवार को कहा कि वह देश का एक लीटर तेल भी बाहर नहीं जाने देगा, साथ ही कहा, जो भी देश इजराइल-अमेरिका के राजदूतों बाहर निकालेगा उनके जहाजों को वह होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने देगा। ईरान ने कहा कि वह युद्धविराम नहीं चाहता, बल्कि हमलावरों को कड़ा जवाब देगा। ईरान के इस आक्रामक रुख का जवाब देते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने धमकी दी है कि ईरान तेल के प्रवाह को रोकने के लिए यदि कोई कदम उठाता है, तो अमेरिका पहले से 20 गुना तेज हमले करेगा।

अमेरिका ने कहा कि वह ईरान के ऐसे ठिकानों को निशाना बनाएगा जिन्हें आसानी से नष्ट किया जा सकता है। यदि ऐसा हुआ तो ईरान के लिए दोबारा देश को खड़ा करना लगभग असंभव हो जाएगा। ट्रंप ने कहा कि ऐसी स्थिति में मौत और तबाही देखने को मिलेगी, हालांकि उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसी नौबत न आए।

ईरान ने मंगलवार को दबाव बनाने की नीति के तहत इजराइल और खाड़ी देशों पर नए हमले किए। इस युद्ध के चलते तेल की कीमतों में उछाल लाया है और वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में मिसाइलों की चेतावनी वाले सायरन बजने लगे, जबकि बहरीन में अधिकारियों ने कहा कि ईरान ने राजधानी में एक रिहायशी इमारत को निशाना बनाया जिसमें 29 वर्षीय एक महिला मारी गई जबकि आठ अन्य घायल हो गए। इस बीच, सऊदी अरब ने कहा कि उसने अपने तेल समृद्ध पूर्वी क्षेत्र में दो ड्रोन को नष्ट कर दिया, जबकि कुवैत के नेशनल गार्ड ने कहा कि उसने छह ड्रोन मार गिराए हैं। बाद में सुबह के समय, यरूशलम में भी सायरन बजने लगे और तेल अवीव में विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं। इस बीच, ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर कलीबाफ ने कहा हम अभी संघर्षविराम के पक्ष में नहीं हैं।



तेहरान में तेल के कुएं में विस्फोट के बाद धधकती आग।

### ट्रंप ने पुतिन से ईरान-यूक्रेन संकट पर की चर्चा

**मॉस्को।** राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार देर रात रूसी राष्ट्रपति पुतिन से फोन पर बात की। यह बातचीत ऐसे समय में हुई, जब ईरान पर अमेरिकी-इजराइली हमलों के कारण वैश्विक ऊर्जा व्यवधान उत्पन्न हुआ है और होर्मुज जलडमरूमध्य लगभग बंद हो गया है। दोनों नेताओं ने टेलीफोन पर एक घंटे तक हुई बातचीत। रूसी राष्ट्रपति द्वारा ऊर्जा अधिकारियों की एक शीर्ष बैठक बुलाने और यह घोषणा करने के कुछ घंटों बाद ही ट्रंप ने पुतिन को फोन किया कि मॉस्को अपने मित्र देशों (भारत और चीन) के लिए एक विश्वसनीय भागीदार है और यदि यूरोपीय संघ प्रतिबंध हटाने को तैयार है तो रूस दीर्घकालिक आधार पर आपूर्ति फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। पुतिन ने चेतावनी दी कि संघर्ष से तेल और गैस प्रवाह में गंभीर रूप से बाधा उत्पन्न होने का खतरा है।



### जयशंकर ने ईरानी विदेश मंत्री से की बात

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट, विशेष रूप से ऊर्जा आपूर्ति पर बढ़ते असर को लेकर चिंताओं के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची से फोन पर बातचीत की। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर कहा, हम संपर्क में रहने पर सहमत हुए हैं। ईरान द्वारा फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित एक संकरे समुद्री परिवहन मार्ग, होर्मुज को अवरुद्ध कर दिए जाने के बाद वैश्विक तेल और गैस की कीमतों में उछाल आया है। जयशंकर ने अराघची को ईरान और क्षेत्र में हो रहे घटनाक्रम पर भारत की गहरी चिंता से अवगत कराया।

### ट्रंप को ईरान की धमकी- आपका सफाया न हो जाए

**दुबई।** ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारिजानी ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धमकी दी है। लारिजानी ने लिखा, ईरान जैसा बलिदानी राष्ट्र तुम्हारी खोखली धमकियों से नहीं डरता। तुमसे बड़े भी ईरान को खत्म नहीं कर सके। सावधान रहें, कहीं खुद आपका सफाया न हो जाए। अतीत में ईरान पर ट्रंप की हत्या की साजिश रचने का आरोप लग चुका है। बता दें कि ट्रंप ने ईरान को धमकी दी कि अगर तेहरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल का प्रवाह रोका तो वह ईरान पर बीस गुना अधिक भीषण हमला करेंगे।

### बिरला के खिलाफ 50 से अधिक सदस्य खड़े हुए, रीजीजू बोले- नहीं किया पक्षपात

## विपक्ष ने बिरला को हटाने के लिए लोकसभा में संकल्प किया पेश

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्ष ने बिरला को पद से हटाने के लिए एक संकल्प मंगलवार को सदन में पेश किया। जिसके समर्थन में 50 से अधिक सदस्य खड़े हुए, जिसके बाद पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने इस संकल्प को प्रस्तुत करने की अनुमति दी। संकल्प पेश किए जाने से पहले एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि ओम बिरला ने जगदंबिका पाल की नियुक्ति की है, ऐसे में पाल पीठासीन सभापति की भूमिका का निर्वहन नहीं कर सकते।

कांग्रेस के सांसद केसी वेणुगोपाल ने ओवैसी की बात का वस्तुतः समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने लोकसभा उपाध्यक्ष का निर्वाचन नहीं किया है और संवैधानिक शून्यता की स्थिति पैदा की है। उनका कहना था कि सदन को एक व्यक्ति का चयन करना चाहिए जो कार्रवाई का संचालन करे। तृणमूल कांग्रेस के सौगत रॉय ने इसी राय का समर्थन किया। भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि जो भी आसन पर होगा उसे अध्यक्ष की तरह अधिकार होगा। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सदन के नियम के तहत जिन्हें पीठासीन सभापति नियुक्त किया गया है उसे सदन संचालन का पूरा अधिकार है। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष के लोग चर्चा करने से भाग रहे हैं।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि जिस विषय पर आसन से आदेश दे दिया गया है, उस पर व्यवस्था का प्रश्न उठाया गया, जो उचित नहीं है। पाल ने कहा कि अध्यक्ष का पद रिक्त नहीं है और ऐसे में व्यवस्था का प्रश्न नहीं उठाया जाना चाहिए। कहा कि अध्यक्ष बिरला ने कभी किसी के साथ पक्षपात नहीं किया। कहा, विपक्ष के 50 से ज्यादा सांसद मुझसे मिले हैं और कहा कि वे अविश्वास प्रस्ताव से सहमत नहीं हैं, हम मजबूरी में ऐसा कर रहे हैं।



### रीजीजू का राहुल पर तंज, प्रियंका नेता प्रतिपक्ष होती तो अच्छा होता

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर गंभीरता पूर्ण व्यवहार नहीं करने का आरोप लगाया और तंज कसते हुए कहा कि यदि प्रियंका गांधी को विपक्ष का नेता बनाया गया होता, तो परफॉरमेंस शायद थोड़ा अच्छा होता।

### एसआईआर के मुद्दे पर रास में विपक्ष का हंगामा नड्डा ने कहा- विपक्ष का आचरण निंदनीय

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में मंगलवार को शून्यकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों ने मतदाता सूचियों के एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया और सदन से बहिर्गमन कर गए, जिसके बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष सदन की कार्यवाही को बाधित कर रहा है और उसका यह आचरण निंदनीय है। उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति सीपी राधाकृष्णन ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाने के बाद जब शून्यकाल शुरू करने के लिए कहा, तभी तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया। आसन की अनुमति मिलने पर उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर चर्चा की मांग सदस्य लगातार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल सदन के नेता ने कहा था कि चुनाव सुधार पर चर्चा हुई थी। लेकिन एसआईआर पर चर्चा की मांग अब तक पूरी नहीं हुई है। इस बीच, विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष एवं सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि एसआईआर बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है।

### न्यूज ब्रीफ

#### इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। इंडिगो पिछले तीन माह में अपने परिचालन में बड़े व्यवधान का सामना कर रही है। नए सीईओ की नियुक्ति तक एयरलाइन के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया अंतरिम व्यवस्था के तहत इंडिगो के प्रबंधन का कामकाज देखेंगे। इंटरग्लोब एविएशन के चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता ने कहा कि राहुल एयरलाइन के प्रबंधन का कार्य संभालने लौट रहे हैं ताकि कंपनी को मजबूत किया जा सके।

#### दिल्ली में हर 2 घंटे में छीना जाता है एक मोबाइल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जनवरी, 2024 से इस साल 15 फरवरी के बीच 9,460 मोबाइल फोन छीने गए। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को यह आंकड़ा प्रस्तुत किया। आंकड़ों से पता चलता है कि 776 दिनों में हर दो घंटे में एक फोन छीने जाने की सूचना मिली। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा, जैसा कि दिल्ली पुलिस द्वारा रिपोर्ट किया गया है, जनवरी 2024 से 15 फरवरी 2026 की अवधि के दौरान, फोन छीनने के कुल मामले और दर्ज की गई प्राथमिकी क्रमशः 9,460 और 9,436 हैं।

## यूसीसी लागू करने का समय आ गया सरकार फैसला करे : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अब समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का समय आ गया है। शीर्ष अदालत ने 1937 के शरिया कानून के प्रावधानों को मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभावपूर्ण बताते हुए निरस्त करने के अनुरोध वाली याचिका को एक बहुत अच्छा मामला बताया और कहा कि इस पर केवल विधायिका (सरकार) को ही विचार करना चाहिए।

सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि यदि न्यायालय शरिया उत्तराधिकार कानून को निरस्त करता है, तो इससे कानून में शून्य की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी, क्योंकि मुस्लिम उत्तराधिकार को नियमित करने वाला कोई वैधानिक कानून नहीं है। सीजेआई ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण से कहा, सुधारों के प्रति हमारे अति-उत्साह में, हम उन्हें वंचित कर सकते हैं, और उन्हें पहले से मिल रहे अधिकारों से कम मिल सकता है। यदि 1937 का शरिया कानून खत्म हो जाता है, तो फिर सवाल क्या उठता है? क्या इससे एक अनावश्यक शून्य उत्पन्न नहीं होगा? न्यायमूर्ति बागची ने कहा, भेदभाव के मुद्दे पर आपका मामला बहुत मजबूत है, लेकिन क्या यह उचित नहीं होगा कि न्यायालय इस मामले को विधायिका के विवेक पर छोड़ दे, जिसे राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों (डीपीएसपी) के अनुसार, समान नागरिक संहिता लागू करने का अधिकार प्राप्त है? सीजेआई ने कहा, इसका उत्तर है समान नागरिक संहिता। न्यायमूर्ति बागची ने इस बात पर जोर दिया कि 'एक पुरुष की एक पत्नी' का नियम सभी समुदायों पर समान रूप से लागू नहीं हो रहा है। लेकिन क्या इसका मतलब यह है कि अदालत सभी बहुविवाहों को असंवैधानिक घोषित कर सकती है? इसलिए, हमें निदेशक सिद्धांतों को प्रभावी बनाने के लिए विधायी शक्ति का सहारा लेना होगा। इस मुद्दे को विधायिका के विवेक पर छोड़ना ही सबसे अच्छा होगा। इस अदालत ने बार-बार विधायिका से यह सिफारिश की है कि वह समान नागरिक संहिता लागू करे।



#### पीठ की टिप्पणी

आप कुछ तैयारी करें तथा कुछ और संदर्भ एवं वैकल्पिक उपाय के साथ आएं। यदि कुछ असंतुष्ट मुस्लिम महिलाएं सामने आती हैं, जो 1937 के अधिनियम से बाहर निकलना चाहती हैं, तो न्यायिक हस्तक्षेप उचित होगा।

- शरिया कानून के प्रावधानों को रद्द करने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी
- कहा- कानून में सुधार की जल्दबाजी न करें, इससे नुकसान की आशंका

### ईंधन संकट से लोग घबराए, सरकार ने गैस आवंटन में किया बदलाव, आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू

## एलपीजी, सीएनजी-पीएनजी की 100 प्रतिशत होगी आपूर्ति वाणिज्यिक 80% और उर्वरक इकाइयों को 70% देगी सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया में जारी जंग का असर भारत पर सीधा नजर आ रहा है। इससे देश के कई बड़े शहरों में फूड बिजनेस पर संकट गहरा गया है। इसी बीच सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं और परिवहन क्षेत्र के लिए निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्राकृतिक गैस के आवंटन में बदलाव किया है।

इसके तहत एलपीजी उत्पादन, सीएनजी और पाइप से मिलने वाली रसोई गैस (पीएनजी) को अन्य सभी क्षेत्रों पर प्राथमिकता दी जाएगी। संघर्ष के कारण भारत की एक-तिहाई गैस आपूर्ति बाधित होने के बीच पेट्रोलियम मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर गैर-प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को मिलने वाली गैस प्रमुख उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। भारत अपनी 19.1 करोड़ मानक घन मीटर प्रतिदिन गैस खपत का लगभग आधा हिस्सा आयात के जरिये पूरा करता है। होर्मुज जलडमरूमध्य से टैंकर की आवाजाही रुकने के कारण पश्चिम एशिया से आने वाली करीब छह करोड़ मानक घन मीटर प्रतिदिन की गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है। बची हुई एलएनजी को नए सिरे से प्राथमिकता के आधार पर आवंटित किया गया है ताकि एलपीजी उत्पादन, सीएनजी और पीएनजी की मांग का 100 प्रतिशत, वाणिज्यिक उपभोक्ताओं की 80 प्रतिशत और उर्वरक इकाइयों की 70 प्रतिशत जरूरत पूरी की जा सके। सोमवार देर रात जारी राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत जारी नवीनतम आदेश एलएनजी की बिक्री से संबंधित सभी लंबित अनुबंधों और अन्य वाणिज्यिक समझौतों को रद्द कर देगा। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एक्स पर लिखा, घरेलू उपभोक्ताओं के लिए कोई कमी नहीं है और घबराने का कोई कारण नहीं है।



लखनऊ में गैस सिलेंडर लेने के लिए लगी कतार। ● एजेंसी

- भारत 19.1 करोड़ मानक घन मीटर प्रतिदिन गैस की करता है खपत आधा हिस्सा करता है आयात
- होर्मुज स्ट्रेट के कारण प. एशिया से आने वाली 6 करोड़ मानक घन मीटर प्रतिदिन की आपूर्ति हुई प्रभावित

### हवाई यात्रा होगी महंगी, एयर इंडिया ने बढ़ाया किराया

**नई दिल्ली।** संघर्ष के कारण विमान ईंधन एटीएफ की कीमतों में तेजी आने पर एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस 12 मार्च से प्रत्येक घरेलू उड़ान के टिकट पर 399 रुपये का ईंधन अधिभार लागू करेंगी। इससे हवाई यात्रा महंगी हो जाएगी। नई अधिभार प्रणाली चरणबद्ध तरीके से लागू की जाएगी। पहले चरण में, 12 मार्च से घरेलू व दक्षेस के लिए उड़ानों पर 399 रुपये प्रति टिकट का ईंधन अधिभार लागू होगा।

### परेशानी से बचाने के लिए मोदी ने मंत्रियों को दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने वरिष्ठ मंत्रियों के साथ बैठक की और यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने को कहा कि उपभोक्ताओं को पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति और कीमत पर पश्चिम एशिया संघर्ष का असर न झेलना पड़े। सूत्रों ने बताया कि मोदी सक्रिय रूप से यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि भारतीय उपभोक्ताओं को बढ़ती कीमतों का सीधा असर न भुगतना पड़े, क्योंकि भारत कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का आयातक है।

## केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन की बढ़ाई अवधि

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को बैठक के दौरान छह बड़े फैसले लिए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि फैसलों में मुख्य रूप से जल जीवन मिशन की अवधि दिसंबर 2028 तक बढ़ाने का फैसला लिया गया। साथ ही चीन समेत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों के लिए एफडीआई नियम सरल किए हैं।

इसके अतिरिक्त मदुरै एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट घोषित करना, पश्चिम बंगाल में संतरागाछी से खड़गपुर तक चौथी रेलवे लाइन बनाना, सैंथिया-पाकुड़ चौथी लाइन, मध्य प्रदेश में बदनावर-थांदला-टिमरवानी हाईवे को चार लेन का बनाना और जेवर एयरपोर्ट को फरीदाबाद की तरफ से जोड़ना शामिल है। मंत्रिमंडल ने जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है।

#### मंत्रिमंडल के अहम फैसले



- चीन समेत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों के लिए एफडीआई नियमों को सरल बनाया

### निर्णय | मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 को मंत्रिपरिषद की मंजूरी, 59,163 ग्राम सभाओं तक बस सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य

## खसरा-खतौनी की जांच के बाद ही होगी जमीन की रजिस्ट्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रि परिषद की बैठक में आमजन से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। मंत्रि परिषद में रखे गए 31 प्रस्तावों में से परिवहन विभाग का मोटरयान कराधान अधिनियम-1997 में संशोधन संबंधी प्रस्ताव को छोड़कर बाकी 30 प्रस्तावों पर मुहर लगी।

स्टाम्प एवं पंजीकरण राज्य मंत्री रविंद्र जायसवाल ने बताया कि अब खतौनी और स्वामित्व रिकॉर्ड की जांच के बिना जमीन की रजिस्ट्री नहीं होगी। दानपत्र विलेख में संपत्ति का मूल्यांकन बाजार मूल्य के बजाय सर्किल रेट के आधार पर होगा और उसी के अनुसार एक प्रतिशत पंजीकरण शुल्क लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 से हर गांव तक बस पहुंचाने का बड़ा फैसला हुआ। इसके अलावा ओला-उबर एग्रीगेटर के अनिवार्य पंजीकरण, जमीन की रजिस्ट्री से पहले खतौनी जांच, सरकारी कर्मचारियों की आचरण नियमावली में सख्ती और राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद नियमावली-2026 लागू करने जैसे बड़े निर्णय लिए। परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 12,200 गांवों तक बस सेवा नहीं पहुंचती, लेकिन नई योजना के लागू होने के बाद उप्र की सभी 59,163 ग्राम सभाओं तक बस सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के तहत चलने वाली बसों को परमिट और टैक्स से पूरी तरह मुक्त रखा जाएगा, जिससे निजी ऑपरेटरों को बस संचालन के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इन बसों के संचालन के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित की जाएगी, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एआरटीओ और एआरएम सदस्य होंगे। यही समिति रूट और किराया निर्धारण के साथ संचालन व्यवस्था तय करेगी। दया शंकर ने कहा कि ग्राम स्तर की सड़कों को देखते हुए इन बसों का आकार छोटा रखा जाएगा।

बसों की अधिकतम लंबाई सात मीटर और सीट क्षमता 28 होगी। बसें सुबह गांवों से चलकर ब्लॉक और तहसील होते हुए सुबह 10 बजे तक जिला मुख्यालय पहुंचेंगी। इसके बाद दिन में अन्य मार्गों पर चलेंगी और शाम तक फिर गांव लौट आएंगी।



कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- सरकारी कर्मचारियों आचरण नियमावली में सख्ती, राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद नियमावली-2026 लागू

### अब ओला-उबर का भी होगा पंजीकरण

परिवहन विभाग के एक अन्य फैसले में अब प्रदेश में ओला, उबर और अन्य एग्रीगेटर टैक्सी सेवाओं को अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराना होगा। बिना पंजीकरण, फिटनेस, मेडिकल परीक्षण और पुलिस सत्यापन के कोई भी वाहन संचालित नहीं हो सकेगा। एग्रीगेटर कंपनियों को लाइसेंस के लिए पांच लाख रुपये शुल्क देना होगा।

## अन्य फैसले

### उप्र. उच्चतर न्यायिक सेवा नियमावली में संशोधन को स्वीकृति

**अमृत वितार, लखनऊ:** यूपी कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा नियमावली, 1975 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। उच्च न्यायालय की संस्तुति के आधार पर उत्तर प्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा (अठारहवां संशोधन) नियमावली, 2026 लागू की जाएगी। इसके तहत भर्ती, कोटा और चयन प्रक्रिया से जुड़े कुछ नियमों में बदलाव किया गया है। संशोधन के अनुसार भर्ती के स्रोत से जुड़े नियम-5, कोटा से संबंधित नियम-6, चयन प्रक्रिया से जुड़े नियम-18, पदोन्नति से संबंधित नियम-20, नियुक्ति से जुड़े नियम-22 और परिशिष्ट-1 में बदलाव किया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत सिविल जज (सीनियर डिवीजन) से पदोन्नति का कोटा 65 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। यह पदोन्नति श्रेष्ठता और वरिष्ठता के आधार पर तथा उपयुक्तता परीक्षा पास करने वाले अधिकारियों को दी जाएगी। वहीं सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के जरिए पदोन्नति का कोटा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया है। इसमें वही सिविल जज शामिल हो सकेंगे, जिन्होंने उस पद पर कम से कम तीन साल की सेवा और उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा में कम से कम सात साल की सेवा पूरी की हो। इसके अलावा अधिवक्ताओं (बार) से सीधी भर्ती का कोटा पहले की तरह 25 प्रतिशत ही रहेगा।

### अयोध्या में बनेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

**अमृत विचार, लखनऊ:** कैबिनेट बैठक में अयोध्या में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए भूमि हस्तांतरण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत बनाया जाएगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अयोध्या के चक नंबर-4, मोहल्ला वशिष्ठ कुंड, परगना हवेली अवध, तहसील सदर में स्थित नजूल भूमि के सात गाटा नंबर (1026, 1027, 1029, 1030, 1031, 1033 मि. और 1035) कुल लगभग 2500 वर्गमीटर क्षेत्रफल को अयोध्या म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के पक्ष में हस्तांतरित किया जाएगा। जिलाधिकारी अयोध्या द्वारा नगर आयुक्त के अनुरोध पर यह प्रस्ताव सरकार को भेजा गया था। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार यह भूमि कुछ शर्तों और प्रतिबंधों के अधीन नगर निगम अयोध्या को निःशुल्क आवंटित की जाएगी।

### मेरठ में बनेगा समेकित विनिर्माण व लॉजिस्टिक्स क्लस्टर

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश मंत्रिमंडल बैठक में अटल औद्योगिक आधारभूत संरचना मिशन के तहत जनपद मेरठ में समेकित विनिर्माण एवं लॉजिस्टिक्स क्लस्टर (आईएमएलसी) के लिए आधारभूत विकास कार्यों को मंजूरी दे दी गई है। इन कार्यों पर लगभग 213.81 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रदेश में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) द्वारा विकसित एक्सप्रेसवे (आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे और निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे) के किनारे 29 स्थानों पर औद्योगिक कॉरिडोर परियोजना के तहत समेकित विनिर्माण एवं लॉजिस्टिक्स क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मेरठ नोड में सड़क निर्माण, आरसीसी नालियां, आरसीसी कल्वर्ट, अग्निशमन केंद्र, भूमिगत जलाशय, जलापूर्ति लाइन, घेराबंदी, विद्युत व्यवस्था और अन्य आवश्यक औद्योगिक आधारभूत ढांचे का विकास किया जाएगा।

# पीएम आवास योजना-शहरी 2.0 की नई नीति मंजूर

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत किफायती आवास (एएचपी) और किफायती किराया आवास (एआरएच) घटकों के क्रियान्वयन के लिए नई नीति को मंजूरी दे दी गई। इस नीति के तहत मध्यम और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को शहरों में किफायती दरों पर आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

योजना के अंतर्गत आवास निर्माण के लिए प्रत्येक लाभार्थी को केंद्र सरकार की ओर से 1.50 लाख रुपये और राज्य सरकार की ओर से एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। वहीं परियोजनाओं में शामिल डेवलपर्स को भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क, मानचित्र स्वीकृति शुल्क और वाह्य विकास शुल्क में छूट दी जाएगी, जबकि लाभार्थियों को स्टाम्प शुल्क में राहत मिलेगी।



यूपी कैबिनेट बैठक के निर्णयों की जानकारी देते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। अमृत विचार

किफायती किराया आवास (एआरएच) मॉडल-2 के तहत शहरी गरीबों, कामकाजी महिलाओं, औद्योगिक इकाइयों के कर्मचारियों तथा ईडब्ल्यूएस और एलआईजी वर्ग के परिवारों के लिए निजी व सार्वजनिक संस्थाओं द्वारा किराये के आवास विकसित किए जाएंगे।

### मंत्रिपरिषद से पास अन्य प्रमुख प्रस्ताव

- निवेश प्रोत्साहन नीति के तहत बड़े निवेश प्रस्तावों को अनुमोदन
- उच्चतर न्यायिक सेवा नियमावली-1975 में संशोधन
- टेक्सटाइल एवं गारमेंटिंग नीति-2022 में संशोधन
- बुंदेलखंड पैकेज के तहत डेयरी परियोजनाओं का विस्तार
- उच्च शिक्षा के शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा
- खनिजों की ई-नीलामी के लिए प्लेटफॉर्म प्रदाता नामित
- यूपी क्रिकेट एसोसिएशन से जुड़े शुल्क निर्धारण संशोधन
- यूपी पावर कॉरपोरेशन को ऋण सुविधा की स्वीकृति
- पीएसी के लिए 46 नए वाहनों की खरीद
- लखवार और रेणुका बांध परियोजनाओं में यूपी के अंशदान को मंजूरी
- भिक्षावृत्ति निवारण अधिनियम में संशोधन
- अयोध्या में सतर्कता अधिष्ठान कार्यालय के लिए भूमि हस्तांतरण
- जल जीवन मिशन योजनाओं के लिए अतिरिक्त राज्यांश की स्वीकृति

### कांशीराम आवासों से हटेगा अवैध कब्जा

**अमृत विचार:** वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अधिसूचित न होने के बावजूद कैबिनेट में कांशीराम आवास योजना पर भी चर्चा हुई। योजना के तहत बने आवासों पर अनधिकृत कब्जे हटाकर उन्हें मरम्मत के बाद पात्र दलित परिवारों को पुनः आवंटित करने का निर्णय भी लिया है। सरकार का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध कराना है।

### कर्मचारियों के निवेश व संपत्ति नियम सख्त

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई प्रदेश मंत्रि परिषद की बैठक में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि सरकारी कर्मचारियों की आचरण नियमावली-1956 में संशोधन को भी मंजूरी दी गई है। अब यदि कोई कर्मचारी छह माह के मूल वेतन से अधिक निवेश करता है तो इसकी सूचना विभाग को देनी होगी। दो माह के मूल वेतन से अधिक मूल्य की चल संपत्ति खरीदने या बेचने पर भी सूचना देना अनिवार्य होगा। साथ ही कर्मचारियों को हर वर्ष अपनी अचल संपत्तियों का विवरण देना होगा।

### आठ नए शहरों को पहले चरण में 425 करोड़ रुपये मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ:** कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नए शहर प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रदेश के आठ शहरों के विकास के लिए 425 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इस योजना का उद्देश्य तेजी से बढ़ रही शहरी आबादी को ध्यान में रखते हुए नए शहरों का सुनियोजित और सुव्यवस्थित विकास करना तथा लोगों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। निर्णय के अनुसार बरेली, वाराणसी, उरई, चित्रकूट, बांदा, प्रतापगढ़, गाजीपुर और मऊ में नए शहरों के समग्र विकास के लिए सीड कैपिटल के रूप में यह धनराशि जारी की जाएगी। योजना के तहत भूमि अर्जन में आने वाले खर्च का अधिकतम 50 प्रतिशत तक राज्य सरकार सीड कैपिटल के रूप में उपलब्ध कराती है, जिसे अधिकतम 20 वर्ष की अवधि के लिए दिया जाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना के लिए कुल 3000 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिसमें से पहले चरण में 425 करोड़ जारी किए जाएंगे।

# विकास प्राधिकरणों के डिफॉल्टरों के लिए एकमुश्त समाधान योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 18,982 डिफॉल्टर मामलों में 11,848.21 करोड़ रुपये का बकाया

**अमृत विचार:** कैबिनेट बैठक में विकास प्राधिकरणों, आवास एवं विकास परिषद तथा विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों की संपत्तियों के डिफॉल्टरों को राहत देने के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) 2026 लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। योजना का उद्देश्य लंबे समय से लंबित बकाया राशि की वसूली करना और डिफॉल्टर आवंटियों को बकाया चुकाने का अवसर देना है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि विभिन्न विकास प्राधिकरणों और संबंधित संस्थाओं में संपत्तियों से जुड़े 18,982 डिफॉल्टर मामलों में करीब 11,848.21 करोड़ रुपये बकाया हैं। इसके अलावा मानचित्र स्वीकृति से जुड़े 545 मामलों में लगभग 1,482.10 करोड़ रुपये की राशि लंबित है। इन बकाया रकम की वसूली के लिए ओटीएस योजना लाई गई है। योजना के तहत आवासीय, व्यावसायिक और अन्य आवंटित संपत्तियों के साथ नीलामी या आवंटन पद्धति से दी गई संपत्तियों को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा सरकारी संस्थानों, स्कूलों, चैरिटेबल संस्थाओं और अन्य संगठनों को आवंटित संपत्तियां तथा मानचित्र स्वीकृति से जुड़े डिफॉल्टर मामले भी योजना के दायरे में आएंगे।

ओटीएस योजना के तहत डिफॉल्टर आवंटियों से केवल साधारण ब्याज लिया जाएगा, जबकि दंड ब्याज पूरी तरह माफ कर दिया जाएगा। योजना के लिए आवेदन की अवधि तीन माह होगी और प्राप्त आवेदनों का निस्तारण भी तीन माह के भीतर किया जाएगा। भुगतान की व्यवस्था के अनुसार 50 लाख रुपये तक की देय राशि पर एक-तिहाई भुगतान 30 दिन में और शेष दो-तिहाई तीन मासिक किस्तों में जमा करनी होगी। वहीं 50 लाख रुपये से अधिक की राशि पर एक-तिहाई भुगतान 30 दिन में और बाकी दो-तिहाई तीन द्विमासिक किस्तों में छह माह के भीतर जमा करना होगा।

सरकार का मानना है कि इस योजना से डिफॉल्टरों को राहत मिलेगी और विकास प्राधिकरणों व आवासीय संस्थाओं की बड़ी राशि की वसूली संभव हो सकेगी।

## राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद नियमावली-2026 को मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश में उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा और शिकायतों के प्रभावी समाधान के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद (प्रथम संशोधन) नियमावली-2026" को मंजूरी दे दी गई।

- शिकायत निस्तारण और निगरानी तंत्र होगा और प्रभावी

नई नियमावली लागू होने के बाद राज्य और जिला स्तर पर उपभोक्ता संरक्षण परिषदों की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी और व्यवस्थित बनाया जाएगा। सरकार का उद्देश्य उपभोक्ताओं के हितों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करना और बाजार में पारदर्शिता बढ़ाना है। खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों के अनुसार, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत राज्य और जिला स्तर पर परिषदों का गठन किया जाता है, जो उपभोक्ताओं से जुड़े मुद्दों, शिकायतों और नीतिगत सुझावों पर सरकार को सलाह देती हैं। नई नियमावली के माध्यम से परिषदों के गठन, सदस्यों की नियुक्ति, बैठक की प्रक्रिया और कार्यों को स्पष्ट रूप से निर्धारित किया गया है। नियमावली के अनुसार राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद की अध्यक्षता राज्य सरकार द्वारा नामित मंत्री करेंगे, जबकि परिषद में विभिन्न विभागों के अधिकारी, विशेषज्ञ, उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधि और समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े सदस्य शामिल किए जाएंगे।

## ग्रीनपार्क के शुल्क की नई दरें तय

**अमृत विचार, लखनऊ:** कानपुर के ऐतिहासिक ग्रीनपार्क स्टेडियम में होने वाले कुछ क्रिकेट आयोजनों के लिए शुल्क संरचना में संशोधन करते हुए प्रदेश कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के साथ हुए 30 वर्षीय लीज अनुबंध में बदलाव को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय के तहत यूपी टी-20 लीग के लिए प्रति मैच प्रतिदिन 2.50 लाख रुपये और भारत-ए बनाम ऑस्ट्रेलिया-ए जैसे द्वितीय श्रेणी के अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए पांच लाख रुपये प्रतिदिन शुल्क तय किया गया है। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार इन शुल्कों में हर पांच वर्ष में 25 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी।

# कानपुर में गंगा पर नए सेतु को 460 करोड़ स्वीकृत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** कैबिनेट बैठक में कानपुर में गंगा नदी पर नया सेतु बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। यह सेतु ट्रांसगंगा सिटी को शहर से जोड़ने के उद्देश्य से बनाया जाएगा। परियोजना का निर्माण अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत कराया जाएगा।

प्रस्तावित परियोजना के तहत गंगा नदी पर चार लेन का उच्च स्तरीय पुल तथा उससे जुड़े पहुंच मार्गों का निर्माण किया जाएगा। जिस स्थान पर यह सेतु बनाया जाएगा, वहां उत्तर प्रदेश स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीसीडा) ट्रांसगंगा सिटी विकसित कर रहा है। इस औद्योगिक क्षेत्र में कानपुर और आसपास की कई औद्योगिक इकाइयों को स्थानांतरित करने की योजना है। परियोजना की कुल लागत लगभग 753.13 करोड़ निर्धारित की गई है। इसमें से 460 करोड़ अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन से उपलब्ध कराए जाएंगे, जबकि शेष राशि संबंधित प्राधिकरण अपने संसाधनों से खर्च करेगा।

## बांदा में नये डेयरी प्लांट की स्थापना को मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश मंत्रिपरिषद की बैठक में बुंदेलखंड क्षेत्र में दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता बढ़ाने से जुड़ा महत्वपूर्ण प्रस्ताव मंजूर किया गया। इस निर्णय के तहत बुंदेलखंड पैकेज के अंतर्गत जनपद बांदा में 20 हजार लीटर प्रतिदिन क्षमता का नया डेयरी प्लांट स्थापित किया जाएगा। वहीं झांसी में पहले से संचालित 10 हजार लीटर प्रतिदिन क्षमता के डेयरी प्लांट का विस्तार कर उसकी क्षमता बढ़ाकर 30 हजार लीटर प्रतिदिन की जाएगी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से बुंदेलखंड क्षेत्र में डेयरी क्षेत्र को नई गति मिलेगी। और स्थानीय दुग्ध उत्पादकों को अपने दूध के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध हो सकेगा। मंत्रिपरिषद ने परियोजनाओं के सिविल एवं मैकेनिकल कार्य टर्न-की आधार पर कराने के लिए इंडियन डेयरी मशीनरी कंपनी लिमिटेड को कार्यदायी संस्था नामित करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी है।

# उच्च शिक्षा के शिक्षकों को चिकित्सा सुविधा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मंत्रिपरिषद की बैठक में उच्च शिक्षा विभाग से जुड़े एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके तहत प्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को नकदरहित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना से प्रदेश के दो लाख से अधिक शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 5 सितंबर 2025 को शिक्षक दिवस के अवसर पर उच्च शिक्षा के शिक्षकों को नकदरहित चिकित्सा सुविधा देने की घोषणा की थी, जिसे अब कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में कार्यरत नियमित एवं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के शिक्षक, स्ववित्तपोषित मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों के शिक्षक और राज्य विश्वविद्यालयों में कार्यरत शिक्षक शामिल किए जाएंगे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को भी योजना के दायरे में लाया गया है। योजना के अंतर्गत शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को भी सरकारी और संबद्ध निजी अस्पतालों में नकदरहित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। इसके तहत प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक के उपचार की सुविधा दी जाएगी।

## 215 करोड़ के निवेश से मेडिकल डिवाइस पार्क को मिलेगी गति

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश मंत्रिपरिषद की बैठक में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र स्थित मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। कैबिनेट ने टीआई मेडिकल्स प्राइवेट लिमिटेड को भूमि सब्सिडी प्रदान करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कंपनी गौतमबुद्ध नगर में विकसित हो रहे मेडिकल डिवाइस पार्क में 4.48 हेक्टेयर भूमि पर लगभग 215.20 करोड़ रुपये का निवेश कर चिकित्सा उपकरण निर्माण इकाई स्थापित करेगी। यह परियोजना राज्य की एफडीआई, एफसीआई एवं फॉर्च्यून इंडिया-500 निवेश प्रोत्साहन नीति-2023 के अंतर्गत प्रस्तावित है।

# सिखों के विवाह पंजीकरण के लिए नई नियमावली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** कैबिनेट बैठक में सिख समुदाय के विवाह पंजीकरण को सरल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश आनंद विवाह रजिस्ट्रीकरण नियमावली-2026 को मंजूरी दे दी गई। नई नियमावली के लागू होने से सिख धर्म में प्रचलित आनंद कारज विवाह का पंजीकरण अब निर्धारित प्रक्रिया के तहत आसानी से कराया जा सकेगा।

यह नियमावली आनंद मैरिज एक्ट-1909 (संशोधित 2012) की धारा-6 के तहत राज्य सरकार को प्राप्त अधिकारों के आधार पर बनाई गई है। साथ ही यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट में दायर अमनजोत सिंह चड्ढा बनाम भारत संघ व अन्य मामले में 4 सितंबर 2025 को दिए गए निर्देशों के अनुपालन में लिया गया है। नियमावली के तहत विवाह



पंजीकरण की व्यवस्था तहसील से लेकर राज्य स्तर तक तय की गई है। तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी (एसडीएम) को रजिस्ट्रार, जनपद स्तर पर जिलाधिकारी को जिला रजिस्ट्रार, मंडल स्तर पर मंडलायुक्त को मंडलीय रजिस्ट्रार और राज्य स्तर पर निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ को मुख्य रजिस्ट्रार नामित किया जाएगा। विवाह के पक्षकार या उनके रिश्तेदार विवाह संपन्न होने की तिथि से तीन महीने के भीतर निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए 1500 रुपये के न्यायालय शुल्क स्टाम्प के साथ आवेदन देना होगा।

# दो राष्ट्रीय सिंचाई परियोजनाओं में 717.11 करोड़ खर्च करेगा यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखवार और रेणुकाजी बांध परियोजनाओं में यूपी की हिस्सेदारी को कैबिनेट की मंजूरी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में निर्माणाधीन दो महत्वपूर्ण जल परियोजनाओं लखवार बहुउद्देशीय परियोजना और रेणुकाजी बांध परियोजना में उत्तर प्रदेश की वित्तीय हिस्सेदारी को मंजूरी दे दी गई। इन दोनों परियोजनाओं में राज्य सरकार कुल 717.11 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च करेगी। कैबिनेट ने उत्तराखंड के देहरादून और टिहरी गढ़वाल जिले में यमुना नदी पर बन रही लखवार बहुउद्देशीय परियोजना में उत्तर प्रदेश के हिस्से के रूप में 356.07 करोड़ रुपये खर्च करने को स्वीकृति दी है। इस परियोजना के तहत 204 मीटर ऊंचा बांध, 300 मेगावाट क्षमता का भूमिगत बिजलीघर और बैराज का निर्माण किया जा रहा है। परियोजना से लाभार्थी राज्यों के लगभग 33,780 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा।

इसी तरह हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में गिरी नदी पर बन रही रेणुकाजी बांध परियोजना में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी के रूप में 361.04 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस परियोजना में 148 मीटर ऊंचा बांध बनाया जा रहा है और इससे 40 मेगावाट बिजली उत्पादन भी प्रस्तावित है।

इन दोनों राष्ट्रीय परियोजनाओं के पूरा होने के बाद उत्तर प्रदेश को कुल 3.721 बीसीएम अतिरिक्त जल प्राप्त होगा।

समीक्षा

परियोजनाओं में समयसीमा, गुणवत्ता और पारदर्शिता से समझौता अस्वीकार्य : मुख्यमंत्री

# एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं के लिए भूमि खरीद में लाएं तेजी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में प्रस्तावित और निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं के लिए भूमि क्रय प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को आयोजित उच्चस्तरीय प्रगति समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि एक्सप्रेस-वे नेटवर्क का विस्तार उत्तर प्रदेश में निवेश, औद्योगिक गतिविधियों और क्षेत्रीय संतुलित विकास को नई दिशा देगा। उन्होंने संबंधित जिलाधिकारियों और विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया



समीक्षा बैठक में निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की समीक्षा करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

कि भूमि अधिग्रहण से जुड़ी सभी बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करते हुए कार्यों में तेजी लाई जाए।

बैठक में चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस-वे, फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेस-वे, आगरा-लखनऊ-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस-वे, झांसी लिंक एक्सप्रेस-वे और जेवर लिंक एक्सप्रेस-वे की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा में बताया गया कि गंगा एक्सप्रेस-वे का मुख्य कैरिजवे निर्माण पूरा हो चुका है और शेष कार्य तेजी से चल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि शेष कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा कर एक्सप्रेस-वे को शीघ्र संचालन के लिए तैयार किया जाए। साथ ही मेरठ से हरिद्वार तक इसके संभावित विस्तार पर भी कार्य प्रगति पर है।

मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जून माह तक यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। इसके लिए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त मैनपॉवर लगाने और सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने को कहा गया।

# 6500 से अधिक संविदा चालकों परिचालकों की भर्ती इसी माह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


**अमृत विचार:** परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने मंगलवार को परिवहन निगम मुख्यालय के सभागार कक्ष में परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि इस माह के अंत से संविदा पर 3060 चालकों एवं 3614 परिचालकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। भर्ती की कार्यवाही शुरू है। चालकों परिचालकों की भर्ती से बसों के संचालन में और सुधार होगा। इससे यात्रियों को राहत मिलेगी। परिवहन



परिवहन निगम मुख्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक करते मंत्री दयाशंकर सिंह।

मंत्री ने कहा कि संचालन में सुधार लाया जाए। जिन क्षेत्रों में बसों के संचालन में एवं आय में कमी की शिकायत पायी जाएगी, उस क्षेत्र के आरएम/ एआरएम के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

परिवहन मंत्री ने बजट पर चर्चा करते हुए कहा कि बजट को शत-प्रतिशत खर्च करें। बसों की खरीद प्रक्रिया को तेज किया जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव अर्चना अग्रवाल, प्रबंध निदेशक परिवहन निगम प्रभु एन. सिंह, विशेष सचिव परिवहन केपी सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।




# बेता नाले में नहाने गए छह बच्चे, पांचवीं के छात्र की डूबकर मौत

संवाददाता, मलिहाबाद

- साथी को डूबता देख भागे बच्चों ने रास्ते में एक राहगीर को बताई घटना
- ग्रामीणों व परिजन ने खोजबीन कर बच्चे को निकालकर पहुंचाया सीएचसी

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के कनार गांव में मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। बेता नाले में नहाने गए छह बच्चों में से 12 वर्षीय रुद्र प्रताप सिंह की गहरे पानी में डूबने लगा। साथी को डूबता देख अन्य पांचों भागने लगे। जानकारी मिलते ही परिजन व ग्रामीण मदद के लिए दौड़े। ग्रामीणों ने बच्चे को बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मलिहाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


रुद्र प्रताप।

कनार गांव में बृजेश गौतम, पत्नी सरोज और छह बेटियों के साथ रहते हैं। उनका इकलौता बेटा रुद्र प्रताप सिंह गांव के सरकारी स्कूल में कक्षा-5 का छात्र था। मंगलवार दोपहर रुद्र प्रताप अपने पांच दोस्तों विनय, ऋषि, यश, अभी गौतम और अभिषेक के साथ गांव के पास स्थित बेता नाले में नहाने गया था। सभी बच्चे नाले में नहा रहे थे, तभी अचानक रुद्र प्रताप सिंह का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। रुद्र को डूबता देख साथ गए पांचों बच्चे बुरी तरह घबरा गए और वहां से भाग निकले।

बदहवास हालत में लुधौसी गांव की ओर भाग रहे बच्चों को रास्ते में एक अज्ञात व्यक्ति मिला। बच्चों ने रोते हुए उसे पूरी बात बताई। उस व्यक्ति ने बिना देर किए गांव पहुंचकर ग्रामीणों को घटना की सूचना दी। जानकारी मिलते ही ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे। काफी खोजबीन के बाद रुद्र को नाले के गहरे पानी से बाहर निकाला गया। ग्रामीण उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, वहां चिकित्सकों ने रुद्र को मृत घोषित कर दिया। अन्य पांचों बच्चे सुरक्षित अपने घर पहुंच गए हैं।

इकलौते बेटे की मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मां और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

इस हादसे के बाद से पूरे कनार गांव में मातम पसरा हुआ है। करीब तीन बजे सूचना मिलते ही मलिहाबाद पुलिस पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल पर पड़ताल करने के पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि परिजन ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

## सात दिन में पूर्ण करें अधूरे कार्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार गोंड न मंगलवार को ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले अधूरे कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बकाया भुगतान भी समय से पहले करना होगा। विकास भवन स्थित जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय पर सभी एडीओ पंचायत और सचिवों के कार्यों की बारीकी से समीक्षा की गई। इस दौरान पंचायत भवन, अंत्येष्टि स्थल, कॉमन सर्विस सेंटर, एसबीएम के कार्य अधूरे मिले। निर्देश दिए की जो कार्य अंतिम चरण पर हैं वह सप्ताह भर में पूर्ण कर लिए जाएं। साथ ही अन्य सभी कार्य मार्च खत्म होने से पहले पूर्ण कर लें। भुगतान लंबित न रखें, जो बजट है वो खर्च करें। केंद्र व राज्य के वित्त आयोग की खर्च धनराशि, निर्माण कार्य की प्रगति आदि कार्य पोर्टल पर अपलोड करें। लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# रेकी कर बंद घरों में चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

## 25 लाख के जेवर, 47 हजार रुपये व एक बाइक बरामद

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार :** पेंटिंग व कारपेंटर का काम करने के बहाने बंद घरों की रेकी कर चोरी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह के तीन सदस्यों को बिजनौर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बिजनौर थाना क्षेत्र में एक और पीजीआई क्षेत्र में एक चोरी की वारदात करना कबूल किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 25 लाख के जेवर, करीब 47 हजार रुपये व चोरी में प्रयुक्त एक बाइक बरामद की है।

एडीसीपी साउथ रल्लापल्ली वसंथ कुमार ने बताया कि रावेंद्र कुमार गौतम उर्फ छोटू निवासी दुर्गापुरम कॉलोनी फरीदीपुर ठाकुरगंज, सन्नी रावत उर्फ कालिया निवासी ग्राम हंसखेडा पारा व शिवा चौरसिया उर्फ जॉन निवासी काशीराम कालोनी सदरौना पारा को गिरफ्तार किया गया है। तीनों को प्रधानमंत्री आवास योजना गेट नंबर दो के सामने तिराहे से पकड़ा गया।

एडीसीपी ने बताया कि बिजनौर क्षेत्र में हाल के दिनों में संजय कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार, संतोष कुमार पांडेय और राजेश तिवारी के बंद मकानों में चोरी की घटनाएं हुई थी। आरोपियों की धरपकड़ के लिए सर्विलांस सेल समेत चार पुलिस टीम गठित की गई थी। एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पहले वे आर्केस्ट्रा में काम करते थे। वहीं पर तीनों की दोस्ती हुई थी। बाद में मुख्य आरोपी रावेंद्र कैब चलाने लगा और सन्नी व शिवा पेंटिंग-कारपेंटर का काम करने लगे।

इसी बहाने वे अलग-अलग इलाकों में जाते थे और वहां बंद पड़े मकानों पर नजर रखते थे। आरोपियों ने बताया कि जब उन्हें कोई घर लंबे समय से बंद मिलता था तो रेकी कर ताला तोड़कर घर में घुस जाते और नकदी व कीमती जेवरात चोरी कर फरार हो जाते थे। चोरी का सामान बेचकर रकम आपस में बांट लेते थे। आरोपी रावेंद्र पर 13, शिवा पर 22 और सन्नी पर 19 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की है।



बरामद माल के साथ गिरफ्तार किए गए चोरी के आरोपी। अमृत विचार

### 500 रुपये के लिए पिता की हत्या करने वाले किशोर को दबोचा

- **अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज इलाके के एक गांव में 500 रुपये के लिए ग्राम पंचायत सदस्य रामकरन (45) की हत्या के मामले में पुलिस ने नाबालिग बेटे को मंगलवार दोपहर बाल सुधार गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में रामकरन की मौत सिर की हड्डी टूटने से हुई है। किशोर ने पूछताछ में बताया कि पिता शराब के लती थे। आए दिन उसे और मां को पीटते थे। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज बृजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक पूछताछ में 17 वर्षीय किशोर ने बताया कि 9 मार्च को पापा ने रिश्तेदारी में जाने के बहाने 500 रुपये मांगे थे। रुपये देने से इंकार किया तो वह झगड़ा करने लगे। गुस्से में किशोर ने लाठी से पिता रामकरन के सिर पर वार कर दिया। जिससे उनकी मौत हो गई। किशोर ने बताया कि करीब एक सप्ताह पिता ने नशे के लिए घर में रखा राशन भी बेच डाला था। मां ने जब विरोध किया तो उन्हें बेरहमी से पीटने के बाद गला दबाकर मारने का प्रयास किया था। इसके बाद मां ननिहाल चली गई थी। किशोर ने बताया कि सोमवार को भी पिता ने उसे पीटा था। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त लाठी भी बरामद कर ली गई है।

# 900 नई अदालतों के गठन मामले में सुनवाई 13 को

लखनऊ, विधि संवाददाता

**अमृत विचार:** 900 नई अदालतों के गठन के मामले में प्रमुख सचिव, विधि ने हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के समक्ष उपस्थित होकर भरोसा दिलाया है कि एक माह में सक्षम स्तर पर औपचारिक प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा।

इस पर न्यायालय ने मामले की अगली सुनवायी के लिए 13 अप्रैल की तिथि नियत की है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति एके चौधरी की खंडपीठ ने स्वतः संज्ञान लेकर दर्ज की गयी, एक जनहित याचिका पर पारित किया है। याचिका में प्रदेश में 9149 अदालतों के गठन का मुद्दा है। राज्य सरकार की उच्च स्तरीय कमेटी ने अक्टूबर 2024 में ही पहले चरण में 900 अदालतों के गठन की बात सैद्धांतिक रूप से स्वीकार किया था। इनमें 225 एचजेएस स्तर के, 375 सिविल जज सीनियर डिवीजन और 300 सिविल जज जूनियर डिवीजन की अदालतें हैं। हालांकि बात आगे न बढ़ पाने पर न्यायालय ने नाराजगी जताई थी तथा पिछली सुनवाई पर प्रमुख सचिव विधि को तलब कर लिया था।

# मां-बेटे की हत्या में छह से अधिक संदिग्ध हिरासत में


संवाददाता, मोहनलालगंज

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोटकर हत्या की पुष्टि, पड़ोसी की तलाश में जुटी पुलिस
- मंगलवार को डीसीपी साउथ व एसीपी मोहनलालगंज पहुंचे गांव की छानबीन

**अमृत विचार:** सिसेंडी कस्बा चौकी से कुछ दूरी पर सोमवार को रेशमा बानो (45) और नेत्रहीन बेटे शादाब (18) की हत्या के मामले में पुलिस आधा दर्जन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं, घटना के बाद से फरार एक पड़ोसी की तलाश में पुलिस की चार टीमें दबिश दे रही हैं। संदिग्धों से पूछताछ में पुलिस को अहम जानकारियां मिली हैं। पुलिस रंजिश, जमीनी विवाद समेत सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। वहीं, मंगलवार को डॉक्टरों के पैनल ने वीडियोग्राफी में दोनों के शवों का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम में गला घोंटकर हत्या की पुष्टि हुई। वहीं, दुष्कर्म की आशंका पर स्लाइड बनाई गई है।

मंगलवार दोपहर डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल व एसीपी मोहनलालगंज विकास पांडेय पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। डीसीपी ने ग्रामीणों व मृतका के रिश्तेदारों से घटना के संबंध में जानकारी की। डीसीपी ने बताया कि घटना के राजफाश के लिए पांच टीमें गठित की गई हैं। कई संदिग्ध हिरासत में हैं। संदिग्धों से मिली जानकारी के आधार पर अन्य की तलाश जारी है। उधर, रात को परिवारवालों ने मां-बेटे के शव को कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया।

एसीपी विकास पांडेय ने बताया कि घर के आस-पास और मुख्य मार्गों पर लगे 125 से अधिक सीसी कैमरों की रिकार्डिंग खंगाली गई है। मृतका के घर से कुछ दूरी पर लगे कैमरे में घटना के समय लगातार लोगों की आवाजाही दिख रही है। पास के मकान पर लगा कैमरा खराब मिला। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार रात करीब साढे. आठ बजे रेशमा के घर से गांव का एक युवक भीगी हालत में भागते हुए दिखा। जिसके कुछ देर बाद ही पता चला रेशमा व उसके बेटे की हत्या हो गई है।


सिसेंडी गांव में जांच के दौरान ग्रामीण से जानकारी लेते पुलिसकर्मी।

### नशे में फब्तियां कसने व मंडराने वाले हिरासत में

- मृतका रेशमा के घर के पास ही एक सीमेंट सरिया की दुकान है। वहां बिहार का एक मजदूर काम करता है। मृतका की बहन ने पुलिस को बताया कि वह अक्सर नशे की हालत में उसकी बहन पर छींटाकशी करता रहता था। टोकने पर उसपर भी अश्लील कमेंट करता था। पुलिस उसे व आसपास नशे में रहने वाले छह लोगों को हिरासत में लिया है। सभी के मकान काफी दूर है। फिर भी वह उस महिला की दुकान पर मसाला खाने के लिए आते थे और वहीं मंडराते रहते थे। साथ ही मृतका के घर के बगल में बने सचिवालय में सोमवार की सुबह ही सीतापुर जिले से में रहने वाले छह मजदूर पहुंचे थे। जो कस्बे में सड़क के किनारे नाली का निर्माण कर रहे हैं। पुलिस ने उन सभी से भी पूछताछ की।

### बहनोई से बोला था कोई खटखटा रहा दरवाजा

- मृतका रेशमा के बहनोई का कहना है कि 7 :30 बजे जब शादाब से बात हो रही थी तो उसने कहा था कि कोई दरवाजा जोर-जोर से खट्टा रहा है। इस जानकारी के बाद पुलिस सर्विलांस की मदद भी ले रही है। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि हत्यारों ने योजना के तहत सोमवार को फाग समारोह के दौरान हत्या करने का प्लान किया। जिससे कि मां-बेटे हत्या के दौरान मदद के लिए शोर मचाए तो उनकी आवाज फाग समारोह में बज रहे स्पीकरों की तेज आवाज में दब जाए। यही नहीं सभी ग्रामीण समारोह में होंगे। इसलिए किसी का ध्यान रेशमा के घर पर जाएगा भी नहीं।

### दीवार पर मिली मसाले की पीक

- पुलिस को सीसी कैमरें में रेशमा सोमवार शाम 7 :22 पर बाजार से सब्जी खरीद कर घर पैदल जाते हुए दिखी है। मृतका के मोबाइल फोन से भी आखिरी बार साढे.सात बजे बात हुई थी। उसके बाद मोबाइल फोन बंद हो गया था। फॉरेंसिक टीम को घटनास्थल पर कमरे की एक दीवार पर पान मसाले की पीक मिली। फॉरेंसिक टीम ने उसका भी सैंपल लिया है। आशंका है आरोपी पान मसाला भी खाता है। नेत्रहीन शादाब का गला घोंटने के बाद कातिलों ने पानी भरे हौद में डूबोया था। साथ ही लोवर नीचे कर पीछे कई डंडे मारे थे।

## न्यूज ब्रीफ

### संस्थान की जमीनों पर फिलहाल नहीं होगा निर्माण

**अमृत विचार, लखनऊ :** ला मार्टिनियर की जमीनों पर सड़क/फ्लाई ओवर बनाए जाने के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के समक्ष एलडीए ने भरोसा दिलाया है कि फिलहाल वह उक्त जमीनों पर कोई निर्माण कार्य नहीं करेगी। वहीं न्यायालय को यह भी बताया गया कि बुधवार को मार्टिनियर चैरिटीज के ट्रस्टियों की इसी मामले पर बैठक होनी है। इस पर न्यायालय ने मामले की अगली सुनवायी के लिए 13 मार्च की तिथि नियत करते हुए, बैठक के निर्णय से अवगात कराने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर व न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की खंडपीठ ने ला मार्टिनियर कॉलेज की याचिका पर पारित किया है। याचिका में कहा गया है कि कोठी मार्टिन साहब, गणेशगंज स्टेशन में कॉलेज की जमीनें हैं, जहां से ग्रीन कॉरीडोर प्रोजेक्ट के तहत सड़क व फ्लाई ओवर का निर्माण किए जाने की सरकार की योजना है। कहा गया कि उक्त निर्माण संस्थान की मालिकाना हक वाली जमीनों पर किया जा रहा है जबकि एलडीए, जिला प्रशासन अथवा राज्य सरकार ने इसके लिए न तो संस्थान की सहमति प्राप्त की है और न ही कोई अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू की है। याचिका पर सुनवायी करते हुए, 27 फरवरी को न्यायालय ने प्रश्नगत जमीनों के पैमाईश का आदेश दिया था। 9 मार्च को सुनवायी के दौरान न्यायालय ने पाया था कि पैमाईश की कोई प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है, इस पर जिलाधिकारी को हाजिर होने का आदेश दिया था। आदेश के अनुपालन में उपस्थित हुए जिलाधिकारी विशाक जी को अगली सुनवायी पर पुन: उपस्थित होने का आदेश दिया गया है।

### न्यूनतम मजदूरी अधिनियम से ही मनरेगा श्रमिकों को मजदूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने स्पष्ट किया है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 के तहत संचालित महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में कार्यरत श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी वही होगी जो न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के तहत नियत की गई है। वहीं इस मामले पर राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि कृषि मजदूरों के लिए 252 रुपये प्रतिदिन की न्यूनतम मजदूरी निर्धारित है और यही धनराशि प्रदेश में मनरेगा श्रमिकों के लिए भी निर्धारित की गयी है। राज्य सरकार के इस स्पष्टीकरण के बाद न्यायालय ने उपरोक्त टिप्पणी करते हुए, याचिका को निस्तारित कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति अबधेश कुमार चौधरी की खंडपीठ ने संदीप सिंह की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। याचिका में मनरेगा योजना के अंतर्गत कार्यरत कृषि श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी दिए जाने की मांग की गई थी।

# मुंबई भागने की फिराक में था पत्नी का हत्यारोपी, गिरफ्तार

संवाददाता, निगोहां

- हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद, आरोपी को भेजा जेल

**अमृत विचार :** शेखनखेड़ा गांव में घरेलू विवाद में पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या कर फरार हुए आरोपी पति राजेश रावत को निगोहां पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को उसके पैतृक गांव नगराम के अकहरदू गांव से ग्रामीणों की मदद से पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद कर ली है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।


निगोहां हत्यारोपी

शेखनखेड़ा गांव में रविवार रात मजदूर राजेश रावत ने पत्नी राजेश्वरी (46) की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी थी। घटना के समय उनके पांचों बच्चे गांव में एक निमंत्रण कार्यक्रम में गए हुए थे। वापस लौटने पर मां का शव देख बच्चों को घटना की जानकारी हुई। पुलिस आरोपी की तलाश में दबिशें दे रही थी। मंगलवार को राजेश के पैतृक गांव अकहरदू में देखे जाने की सूचना पर ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने घेराबंदी की। उसके बाद आरोपी राजेश को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस आरोपी राजेश को लेकर थाने पहुंची। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि करीब दो साल पहले पैतृक गांव की जमीन बेचकर ससुराल के गांव शेखनखेड़ा में जमीन खरीदर कर घर बनवाया था। वह परिवार संग उसी में रहता था। आरोपी शराब पीने का आदी था। उसी लत के चलते कुछ जमीन बेच भी चुका था। शराब पीने और जमीन बेचने को लेकर अक्सर पत्नी से विवाद होता था। पत्नी द्वारा शराब पीने से मना करने और जमीन बेचने से रोकने को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। घटना वाले दिन भी नशे में घर पहुंचने पर दोनों के बीच झगड़ा हुआ, जिसके बाद उसने कुल्हाड़ी से राजेश्वरी पर हमला कर दिया। एसओ निगोहां अनुज तिवारी ने बताया कि आरोपी कुल्हाड़ी लेकर बाइक से भाग गया था। कुल्हाड़ी पैतृक गांव से पालखेड़ा जाने वाले कच्चे रास्ते पर कीकर के जंगल में छिपा दिया था। आरोपी मुंबई भागने की फिराक में था। इसीलिए वह रुपये लेने के लिए अपनी बहन सविता के घर अकंताखेड़ा आया था। लेकिन वहां ताला बंद था। इससे पहले की वह भाग पाता, उसे ग्रामीणों की मदद से पकड़ लिया गया।

# 61 ग्रामीणों की हुई हेपेटाइटिस- बी की जांच, सभी की रिपोर्ट निगेटिव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रहीमाबाद के तरौना और जालामऊ में स्वास्थ्य विभाग ने लगाए शिविर

**अमृत विचार :** रहीमाबाद क्षेत्र के तरौना और जालामऊ गांव में हेपेटाइटिस-बी संक्रमण की आशंका को देखते हुए मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर लगाकर ग्रामीणों की जांच की। दोनों गांवों में कुल 61 लोगों का रैपिड टेस्ट किया गया, जिसमें सभी की रिपोर्ट नेगेटिव आई। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि हेपेटाइटिस-बी पॉजिटिव पाए गए मरीजों के परिवारों और उनके संपर्क में रहने वाले लोगों की जांच की जा रही है, ताकि संक्रमण के कारणों का पता लगाया जा सके। मंगलवार को टीम ने मुंशीखेडा, तरौना एवं ग्राम जालामऊ का स्थलीय निरीक्षण किया गया। तरौना गांव में 50 और जालामऊ गांव में 11 लोगों की जांच की गई। सभी की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। हालांकि कुछ पीड़ित परिवारों ने जांच कराने से मना भी कर दिया है।

**यह है मामला :** रहीमाबाद में 24 फरवरी को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया था। चार गांव के 19 लोगों ने रक्तदान किया था। बलरामपुर अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने रक्तदान की प्रक्रिया पूरी कराई थी। सभी ब्लड यूनिट की जांच में हेपेटाइटिस-बी संक्रमण की पुष्टि हुई थी। ये जांचें बलरामपुर अस्पताल और लोहिया संस्थान में हुई थीं। सभी रक्तदाताओं में संक्रमण की पुष्टि से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया था। रविवार को सुबह 14 रक्तदाताओं के दोबारा ब्लड सैम्पल एकत्र किए गए। बाकी पांच लोग सैंपल देने नहीं आ सके। नमूनों को जांच के लिए केजीएमयू के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में भेजा गया। रक्त नमूने गलत वॉयल में आ गए। उसके बाद दोबारा सही वॉयल में नमूने मंगाए गए।

सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि पीपीपी मॉडल पर संक्रमित मरीजों के पॉजिटिव होने की जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा, "जांच में यदि कोई लापरवाही सामने आती है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।


ग्रामीणों से जानकारी लेती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### केजीएमयू की रिपोर्ट से राहत, लोहिया की सवालों में

- केजीएमयू के माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने 14 ग्रामीणों के ब्लड सैम्पल की दोबारा जांच की। जिसमें 13 लोगों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। सिर्फ एक व्यक्ति की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इससे पहले लोहिया संस्थान ने इन सभी लोगों के ब्लड सैम्पल की जांच की थी। सभी की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। अब लोहिया संस्थान की जांच रिपोर्ट सवालों के घेरे में आ गई है। हालांकि जिस तकनीक से लोहिया संस्थान ने जांच की थी। अभी उस तकनीक से केजीएमयू में जांच नहीं की गई है।

### डायलिसिस के दौरान हो रहे संक्रमित

- बलरामपुर अस्पताल की खुली पीपीपी मॉडल डायलिसिस यूनिट में मरीजों के बीच हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमण की आशंका पैदा हो गई है। अस्पताल में कुल 14 डायलिसिस मशीन हैं, जिनमें से तीन मशीनों पर संक्रमित मरीजों की डायलिसिस होती है। वर्तमान में यहां 18 मरीज पंजीकृत हैं, इनमें से ज्यादातर डायलिसिस से पहले हेपेटाइटिस बी-सी संक्रमण से मुक्त थे। मरीजों के तीमारदारों का कहना है कि मरीज यही संक्रमण डायलिसिस के दौरान ही पाए गए, जिससे स्टाफ की चूक की आशंका जताई जा रही है। गौरतलब है कि करीब तीन साल पहले भी डायलिसिस यूनिट में 30 से अधिक मरीज हेपेटाइटिस बी संक्रमित हो गए थे। उस समय भी मरीज डायलिसिस से पहले संक्रमण से मुक्त थे।

बैठक

महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने की लखनऊ मंडल के कार्यों की समीक्षा

# रेलवे की आय, संसाधन और संरक्षा मजबूत करने पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने मंगलवार को लखनऊ मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मंडल नियंत्रक कक्ष का निरीक्षण और मंडल की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मंडल प्रशासन की कॉफी टेबल बुक एक सदी की गूंज-लखनऊ जंक्शन और 'संरक्षा पत्रिका' के प्रथम संस्करण का विमोचन भी किया। पुस्तक में लखनऊ जंक्शन और लखनऊ मंडल की ऐतिहासिक यात्रा, विकास और योगदान को चित्रों और दस्तावेजों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

समीक्षा बैठक में मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से परिचालन सुगमता, यात्री सुविधाओं के विकास, आय-व्यय, इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं, शिकायत निवारण और कर्मचारी कल्याण से जुड़ी प्रगति की जानकारी दी। बताया कि संरक्षा, समयपालन और यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। महाप्रबंधक ने रेलवे की आय बढ़ाने, संसाधनों के बेहतर उपयोग और संरक्षा मानकों को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने रेल पथों के अनुरक्षण, सिग्नल प्रणाली, चल स्टॉक के रखरखाव और विद्युत कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। सेवानिवृत्त होने वाले 12 कर्मचारियों को स्मृति चिह्न प्रदान किए तथा सफाई मित्रों को पीपीई किट और यात्रियों को कपड़े के थैले वितरित किए। अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) भुवनेश सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) नीतू सहित अन्य शाखाधिकारी उपस्थित रहे।


लखनऊ जंक्शन पर यात्री को कपड़े के थैला देते पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर, मंरेप्र गौरव अग्रवाल, साथ में अन्य।

### एनई रेलवे मेंस कांग्रेस ने महाप्रबंधक को सौंपा 10 सूत्री ज्ञापन

- महाप्रबंधक को एनई रेलवे मेंस कांग्रेस के मंडलमंत्री राकेश चंद्र वर्मा ने टीम के साथ 10 सूत्री मांगपत्र सौंपा। इसमें कर्मचारियों की कमी दूर करने के लिए नई भर्ती, जीडीसी भर्ती बहाली, एलडीसी में सभी विभागों को शामिल करने, पूल वाइज नए आवास निर्माण, माता-पिता के लिए पास मेडिकल सुविधा, शीतकालीन पेट्रोलिंग 12 किमी, 12 घंटे ड्यूटी रोस्टर पर दो दिन विश्राम, पूर्ण रात्रि ड्यूटी भत्ता तथा आवागमन के दौरान दुर्घटना को ऑन ड्यूटी मानने की मांग की गई। कार्यक्रम में महिला लोको पायलट मोनिका गौतम से बुके दिलाकर यूनियन ने नई पहल की।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को मिला एयरोड्रम लाइसेंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**• सीएम योगी को सौंपा गया दस्तावेज जल्द तय होगी उद्घाटन तिथि**

**अमृत विचार:** जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के संचालन की दिशा में बड़ा कदम आगे बढ़ गया है। एयरपोर्ट प्रबंधन के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर भारत सरकार की ओर से जारी एयरोड्रम लाइसेंस उन्हें प्रस्तुत किया।

एयरपोर्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टोफ श्नेलमैन के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को परियोजना की प्रगति और आगामी चरणों की जानकारी दी। एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के साथ अब एयरपोर्ट के औपचारिक उद्घाटन और वाणिज्यिक उड़ानों की शुरुआत की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। अधिकारियों के अनुसार एयरपोर्ट का एयरोड्रम सिक्योरिटी प्रोग्राम फिलहाल ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) के पास समीक्षा के लिए लंबित है। सुरक्षा से जुड़ी यह अंतिम मंजूरी मिलते ही एयरपोर्ट प्रबंधन सभी संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय कर उद्घाटन और वाणिज्यिक संचालन की तिथि तय करेगा।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टोफ श्नेलमैन। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### जीआरपी की महिला पुलिसकर्मी सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ:** जीआरपी मुख्यालय लखनऊ में सोमवार को पुलिस महानिदेशक रेलवे प्रकाश डी ने सराहनीय कार्य करने वाली महिला पुलिसकर्मियों और महिला अनुसेवकों को सम्मानित किया। उन्होंने हेड कांस्टेबल निर्दोष कुमारी (जीआरपी थाना सीतापुर), रीता सिंह (उन्नाव), रजनी कुमारी (बड़ौत), गोदावरी ओझा (गोरखपुर), कविता राय (देवरिया), दीप्ति (टूण्डला), राजरानी (मथुरा) और प्रियंका देवी (प्रयागराज), कांस्टेबल सुमन यादव (प्रयागराज), अनुराधा देवी (कर्वी) और प्रकांक्षा (झांसी) को प्रशस्ति पत्र दिया। महिला अनुसेवकों में सीता रानी यादव और बबिता (जीआरपी मुख्यालय लखनऊ) को भी प्रशस्ति पत्र दिया। महानिदेशक ने जीआरपी थाना अयोध्या कैंट में तैनात आरक्षी अखण्ड प्रताप सिंह को भी प्रशस्ति पत्र और नगद पुरस्कार दिया। उन्होंने 6 मार्च को स्टेशन परिसर में अचेत होकर गिरे एक यात्री को सीपीआर देकर उसकी जान बचाई थी।

### दरोगा को डिजिटल अरेस्ट कर 15 लाख ठगे

**अमृत विचार, सीतापुर:** जिले में साइबर ठगों ने पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में तैनात एक दरोगा को ही अपना शिकार बना लिया। साइबर अपराधियों ने दरोगा नारायण सिंह को पांच दिनों तक 'डिजिटल अरेस्ट' रखा और सीबीआई व सुप्रीम कोर्ट का डर दिखाकर उनसे 15 लाख रुपये ऐंठ लिए। ठगों ने दरोगा को डराया कि उनके खिलाफ पाकिस्तान के किसी अपराधी से संबंध होने का वारंट जारी हुआ है। डर के मारे दरोगा ने आरटीजीएस के जरिए रकम ट्रांसफर कर दी। होश आने पर पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ठगों के खाते में 95 हजार रुपये होल्ड करा दिए हैं।

# त्योहारों और पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश

## कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा कर सतर्कता बरतने को कहा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**• समाज-विरोधी या राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएं अधिकारी: योगी**



**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को आगामी पर्व-त्योहारों, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा तथा अन्य महत्वपूर्ण आयोजनों को देखते हुए कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सतर्कता, समन्वय और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 13 मार्च को अलविदा की नमाज, 14-15 मार्च को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा सब-इंस्पेक्टर एवं समकक्ष पदों की लिखित परीक्षा, 19 मार्च से चैत्र नवरात्र तथा 20-21 मार्च को ईद-उल-फितर मनाए जाने की संभावना है। ऐसे में यह समय कानून-व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाएं।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू करने की अनुमति न दी जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि धार्मिक आयोजनों से आमजन को असुविधा न हो। समाज-विरोधी या राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री ने पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने को कहा। 14 और 15 मार्च को प्रदेश के 1090 परीक्षा केंद्रों पर चार पालियों में परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें लगभग 15.75 लाख अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के अन्य जिलों से आने की संभावना को देखते हुए प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि कहीं भी जाम या अव्यवस्था की स्थिति न बने। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता और गोपनीयता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की जिम्मेदार तैनाती, इंटेलिजेंस तंत्र की सक्रियता तथा सोशल मीडिया पर सतत निगरानी के निर्देश दिए गए। प्रत्येक परीक्षा केंद्र के बाहर पीआरवी-112 की गाड़ी अनिवार्य रूप से तैनात रखने को भी कहा गया।

चैत्र नवरात्र की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रमुख शक्तिपीठों और धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता और भीड़ प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अयोध्या में श्रीरामनवमी के अवसर पर देशभर से श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए विशेष तैयारियां करने को कहा गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए जमाखोरी और कालाबाजारी पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस बैठक में मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तथा शासन स्तर के अधिकारी मौजूद रहे।

# दो सरकारी अस्पतालों और सैन्य अस्पताल में एमओयू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**• हर व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण इलाज हमारी प्राथमिकता: ब्रजेश पाठक**



**अमृत विचार:** प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए प्रयागराज में एक नई पहल की गई है। प्रयागराज के दो प्रमुख सरकारी अस्पतालों और छावनी चिकित्सालय के बीच मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि इस पहल से आमजन को आधुनिक और सुपर स्पेशियलिटी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।

उन्होंने बताया कि तेजबहादुर सप्रू चिकित्सालय (बेली अस्पताल) और मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय (कॉल्विन अस्पताल) में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सुपर स्पेशियलिटी आईसीयू स्थापित की जाएंगी। इन इकाइयों को हब एंड स्पोक मॉडल के तहत टेलीमेडिसिन से जोड़ा जाएगा, जिससे विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों की रियल-टाइम मॉनीटरिंग संभव हो सकेगी।

छावनी चिकित्सालय, प्रयागराज 108 शैय्याओं वाला आधुनिक अस्पताल है, जहां आईसीयू, वेंटिलेटर, डायलिसिस यूनिट और ऑटोमेटेड पैथोलॉजी लैब जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। महाकुंभ 2025 के दौरान इस अस्पताल की टीम ने 700 से अधिक गंभीर मरीजों का सफल उपचार किया था।

डिप्टी सीएम ने बताया कि प्रत्येक इकाई में नियमित रूप से विशेषज्ञों की ओपीडी भी संचालित की जाएगी। साथ ही चिकित्साकर्मियों को एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, ईईजी और कार्डियक इमरजेंसी जैसी उन्नत चिकित्सा तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस पहल से प्रयागराज मंडल की करीब 1.4 करोड़ आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलने की उम्मीद है।

# इको टूरिज्म वैन सेवा शुरू करने की तैयारी

## पहले चरण में लखनऊ, वाराणसी और मथुरा में पर्यटकों को मिलेगा नया अनुभव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**• एआर-वीआर तकनीक और 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन क्यूजीन' योजना से भी जोड़ी जाएगी वैन सेवा**

**अमृत विचार:** उप्र. राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) प्रदेश में पर्यटन को नई दिशा देने के लिए जल्द ही इको टूरिज्म वैन सेवा शुरू करने जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य पर्यटकों को आधुनिक तकनीक के साथ पर्यावरण अनुकूल पर्यटन अनुभव उपलब्ध कराना है। परियोजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा और पहले चरण में मथुरा, वाराणसी और लखनऊ में इसकी शुरुआत होगी।

पर्यटन विभाग के अनुसार, इन शहरों में सेवा के संचालन और पर्यटकों की प्रतिक्रिया के आधार पर आगे इसे प्रदेश के अन्य पर्यटन जिलों तक विस्तारित किया जाएगा। यूपीएसटीडीसी की यह पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सतत और पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन की अवधारणा को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस सेवा के माध्यम से पर्यटकों को पारंपरिक पर्यटन के साथ आधुनिक तकनीक का अनुभव भी मिलेगा। इको टूरिज्म वैन में ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) और वर्चुअल रियलिटी (वीआर) जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा, जिससे पर्यटक यात्रा के दौरान ही ऐतिहासिक स्थलों, सांस्कृतिक धरोहरों और प्राकृतिक स्थलों का वर्चुअल अनुभव प्राप्त कर सकेंगे।

पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए वैन में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगाया जाएगा। इसके अलावा टिकट बुकिंग के लिए डिजिटल पेमेंट और ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी, जिससे पर्यटकों को यात्रा की योजना बनाने में आसानी होगी। यूपीएसटीडीसी इस सेवा को मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी "वन डिस्ट्रिक्ट, वन क्यूज़ीन" योजना से भी जोड़ेगा। इसके तहत पर्यटकों को यात्रा के दौरान संबंधित क्षेत्र के स्थानीय और पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चखने का अवसर मिलेगा। इससे स्थानीय रेस्टोरेंट, छोटे उद्यमी और पारंपरिक व्यंजन बनाने वाले रसोइयों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

इको टूरिज्म वैन पर्यटकों को प्रमुख पर्यटन स्थलों के साथ-साथ ग्रामीण और कम प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों तक भी पहुंचाएंगी। इससे इन क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

# आईजीआरएस में रामपुर रहा अव्वल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**• शाहजहांपुर और बाराबंकी संयुक्त रूप से रनर**

**अमृत विचार:** एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) की फरवरी माह की रिपोर्ट में रामपुर जिले ने शत-प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। रामपुर को निर्धारित पूर्णांक 140 में पूरे 140 अंक मिले। वहीं शाहजहांपुर और बाराबंकी ने 137-137 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि जालौन 136 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। आईजीआरएस हर माह जिलों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करते हुए रिपोर्ट जारी करता है।

आईजीआरएस की फरवरी रिपोर्ट के अनुसार बरेली, श्रावस्ती और हाथरस ने 135-135 अंक प्राप्त कर चौथा स्थान साझा किया है, जबकि बलिया, आजमगढ़ और भदोही 134 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे। इसके अलावा अंबेडकरनगर, प्रयागराज, कन्नौज, पीलीभीत और हमीरपुर भी टॉप-10 जिलों की सूची में शामिल रहे। अधिकारियों का कहना है कि आईजीआरएस की नियमित निगरानी से जिलों में विकास कार्यों की गति तेज हुई है।

**समस्या** कंपनी को पहले वर्ष आम में हुआ घाटा, लाखों रुपये हर माह किराया

# निर्यात के लिए नहीं मिले फल–सब्जियां, पैक हाउस बंद

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**• बाहरी निर्यात से पैक हाउस प्रभावित आम की अभी से तैयारी शुरू**

**अमृत विचार:** मलिहाबाद में बना मंडी परिषद का मैंगो पैक पिछले वर्ष आम का निर्यात करने के बाद से बंद पड़ा है। उस समय कंपनी को मांग के अनुसार निर्यात के लिए आम नहीं मिले, किसी तरह 29 टन आम का निर्यात किया। इसके बाद हर माह सात लाख रुपये किराया, बिजली और मशीनरी समेत लाखों खर्च निकालने के लिए अन्य फल और सब्जियां भी निर्यात के लिए नहीं मिलीं। हर माह लाखों का नुकसान उठा रही कंपनी ने फिर से आम पर भरोसा जताकर अभी से निर्यात की तैयारी शुरू कर दी है।

पैक हाउस जून 2025 में एक कंपनी ने टेंडर लेकर नये सिरे से संचालित किया था। आम का निर्यात बढ़ाने के लिए विभागीय स्तर पर तमाम बैठकें व तैयारी की गईं, कई देशों से ऑडर लिए। तमाम कवायद के बावजूद निर्यात के लिए आम नहीं मिला। इसकी वजह पैक हाउस से अधिक दाम बागवानों को बाहरी निर्यातकों ने दिए और बागों से आम खरीदकर सीधे निर्यात किया। इस वजह से पैक हाउस एक माह ही चल सका। जबकि हर माह किराये समेत लाखों का खर्च निकालने के लिए केला, हरी मिर्च और अन्य सब्जियां भी निर्यात के लिए नहीं मिलीं। कोलकाता से सब्जियां खरीदने पर बात हुई, लेकिन अधिक खर्च के कारण यह कवायद भी फेल हो गई। कंपनी के सीईओ अमित अग्रवाल ने बताया कि इस बार अधिक से अधिक आम का निर्यात करेंगे। बैठक करके तैयारी शुरू कर दी है।

### पैक हाउस से सिर्फ एक फीसद ही आम का निर्यात

- प्रदेश में लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, प्रतापगढ़, बनारस, सहानपुर समेत 14 जिलों में सबसे अधिक आम का उत्पादन होता है। पैक हाउस से महज 1 फीसद ही निर्यात हो पाता है। जून 2025 में 29 टन आम जापान, मलेसिया, लंदन, बेल्जियम समेत कुछ देशों में गया था। इससे पहले पैक हाउस संचालित कर रही कंपनी भी इन्हीं कारणों से आम का निर्यात नहीं बढ़ा सकी। जबकि इस बार नई कंपनी ने कुछ देशों की मांग के अनुसार गामा रेडिएशन यूनिट लगाई है। इसे निर्यात इंटीग्रेट यूनिट से जोड़ा है। जहां मांग के अनुसार फल व सब्जियों की प्रोसेसिंग, पैकिंग, गामा रेडिएशन ट्रीटमेंट करती है।

### युद्ध का खाड़ी देशों में निर्यात पर असर

- इधर, अमेरिका–इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध से खासकर खाड़ी देशों में कृषि उत्पाद का निर्यात पूरी तरह से ठप है। हवाई सेवाएं बंद होने से सब्जियां व उत्पाद डंप पड़े हैं। सब्जियां खराब भी हो रही है। माल न भेज पाने की वजह से निर्यातकों ने किसानों के खरीद भी बंद कर दी है। किसान भी स्थानीय बाजार और राज्यों में बिक्री कर रहे हैं।

# आईएमआरटी कॉलेज और नीलकंठ स्वीट्स की काटी सीवर लाइन

**अमृत विचार, लखनऊ:** नगर निगम के जलकल विभाग ने जलकर के बड़े बकायेदारों सीवर लाइन को काट दिया। मंगलवार को गोमती नगर के विपुल खंड-6 स्थित आईएमआरटी इंटर कॉलेज पर जलकर का कुल 27 लाख 61 हजार 723 रुपये बकाया होने पर संस्थान की सीवर लाइन डिस्कनेक्ट कर दी। उसी परिसर के बगल में स्थित आईएमआरटी बिजनेस स्कूल पर 2 लाख 71 हजार 92 रुपये का जलकर बकाया होने पर सीवर लाइन काट दी। इसके अलावा गोमती नगर के विवेक खंड 3 में नीलकंठ स्वीट्स के कई प्रतिष्ठानों की सीवर लाइन को 9.61 लाख रुपये बकाये पर काट दिया गया।

# लखनऊ नगर निगम, लखनऊ

3, त्रिलोकनाथ मार्ग, लखनऊ – 226001 (उ.प्र.)
वेबसाईट– https://lmc.up.nic.in एवं ई–मेल– nnlko@up.nic.in

नगर निगम जोन–1 कार्यालय में प्राप्त नाम परिवर्तन सम्बन्धी आवेदन पर नियमानुसार नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213(बी–2) की नोटिस जारी पर की जा चुकी हैं जिसमें निम्न विवरण के अनुसार नाम परिवर्तन प्रस्तावित है, यदि विवरण में अंकित नाम परिवर्तन के संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति साक्ष्यों सहित जोन–1 कार्यालय में प्रस्तुत कर दें, आपत्ति प्राप्त न होने पर नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

**जोन–1**

| क्र0 सं0 | भवन संख्या एवं मोहल्ले का नाम | दर्ज भवन स्वामी का नाम | प्रस्तावित भवन स्वामी का नाम | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| | | **लालकुआँ** | | |
| 1 | H.NO.63/002J/7 हाता रसूल खाना लखनऊ। | कामेश्वरी भार्गव | अभिशेक भार्गव | रजिस्ट्री, वसीयत , मृत्यु प्रमाण पत्र, आई0डी0 आदि। |
| | | **जे0सी0 बोस** | | |
| 2 | 118/142B/B-2 कैण्ट रोड | मो0 खलील | मो0 उसमान | दान विलेख,शपथ पत्र ,आधार आदि। |
| 3 | 117/130A/1 (GIS) जम्बूर खाना | रामकाली | सुनील कुमार | मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, नाटरी शपथ पत्र आदि। |
| 4 | 118/089/1/3 कैण्ट रोड | अशोक कुमार खन्ना | रिषी खन्ना और अमित खन्ना | कोट केश शपथ पत्र आदि। |
| 5 | 118/138 कैण्ट रोड | रवि यादव | खलीलन निशा | विक्रय विलेख ,शपथ पत्र, आधार आदि। |
| 6 | 32/020/VIF-621 GIS बाल्मीकी मार्ग | देवेन्द्र कुमार आहूजा | दिनेश कुमार श्रीवास्तव | विक्रय विलेख ,शपथ पत्र, आधार आदि। |
| 7 | 47/VF-506C विधान सभा | अशोक कुमार | धीरज सिंह | रजिस्ट्री शपथ पत्र, आधार आदि। |
| 8 | 118/138/GF-1 कैण्ट रोड | पवन कुमार यादव | मो0 अख्तर | रजिस्ट्री शपथ पत्र आदि। |
| | | **हजरतगंज रामतीर्थ** | | |
| 9 | 28/020A/SF-201 अशोक मार्ग | गंगा रानी | रेवन्त रोहित भल्ला | रजिस्ट्री छायाप्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र, नोटरी शपथ पत्र आदि। |
| 10 | 28/010A/SF-207 | रेनू रस्तोगी | रेवन्त रोहित भल्ला | रजिस्ट्री छायाप्रति ,नोटरी शपथ पत्र आदि। |
| 11 | 19/103/GF-6A (GF-6,7) पार्क रोड | लीना विज | साधना दुबे | रजिस्ट्री छायाप्रति ,नोटरी शपथ पत्र आदि। |
| 12 | 29/207(29/024/13) राणा प्रताप मार्ग | डा0 बलराम भार्गव | मनीष कुमार रस्तोगी,अरिमा रस्तोगी व गीता देवी रस्तोगी | रजिस्ट्री छायाप्रति ,नोटरी शपथ पत्र आदि। |
| 13 | 28/021/201 अशोक मार्ग | राकेश जैन , श्रीमती ऊषा जैन | निशा पाण्डेय व जयन्त पाण्डेय | रजिस्ट्री छायाप्रति ,नोटरी शपथ पत्र आदि। |
| 14 | 31/69F महात्मा गांधी | किशन चन्द एवं अन्य | विनोद कुमार अर्जुन दास, श्रीमती कविता अर्जुनदास एवं रेहावी पंजाबी | शपथ पत्र, रजिस्ट्री की छाया प्रति आदि। |
| 15 | 31/007/FF-3(31/101) महात्मा गांधी वार्ड मार्ग | श्रीमती स्मिता भार्गव | जतिन आहूजा | रजिस्ट्री छाया प्रति, नोटरी शपथ पत्र, आदि। |
| 16 | 31/101 महात्मा गांधी वार्ड मार्ग | श्रीमती स्मिता भार्गव | लखन लाल आहूजा | रजिस्ट्री छाया प्रति, गिफ्टडीड छाया प्रति,नोटरी शपथ पत्र, आदि। |
| 17 | 29/006C/CSNO/TF राणा प्रताप मार्ग | श्रीमती किरन सूरी | गौरव सूरी | कोर्ट ऑडर की छायाप्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र, नोटरी शपथ पत्र आदि। |
| 18 | 29/006C/CSNO/TF | सतीश कुमार सूरी | सौरभ सूरी | कोर्ट ऑडर की छायाप्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र, नोटरी शपथ पत्र आदि। |
| 19 | 41/133/302 नरही | जुबली अपार्टमेन्ट | संध्या अग्रवाल, अजय अग्रवाल | रजिस्ट्री छाया प्रति, नोटरी, शपथ पत्र, आदि। |
| 20 | 38/022/603 मीरा बाई मार्ग | नरेश दीक्षित | सुरभी सिंह | रजिस्ट्री छायाप्रति, नोटरी शपथ पत्र आदि। |
| 21 | 36/001-2 सप्रुमार्ग | हरमुकुन्द दयाल | हरमनुदयाल, हरशरद दयाल | वसीयत नामा, छायाप्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र, नोटरी शपथ पत्र आदि। |
| 22 | 36/020/1CC(1-2) सप्रु मार्ग | हरमुकुन्द दयाल | हरमनुदयाल, हरशरद दयाल | वसीयत नामा, छायाप्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र, नोटरी शपथ पत्र आदि। |
| | | **महात्मा गॉधी विक्रमादित्य वार्ड** | | |
| 23 | 01/709 जियामऊ | सुमन | राजपति देवी उर्फ राजपति यादव | रजिस्ट्री छायाप्रति ,नोटरी शपथ पत्र आदि। |
| 24 | 6/003(6/4/T-1) माल एवेन्यु | माता दाई | श्याम कुमार यादव | मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र,उत्तराधिकार प्रमाण पत्र ,अनापत्ति शपथ पत्र आदि। |
| | | **वार्ड–बशीरतगंज गणेशगंज** | | |
| 25 | 134/003 बशीरतगंज | श्रीमती माधुरी गुप्ता | श्री बृजेश कुमार गुप्ता व श्री उमेश कुमार गुप्ता | शपथ पत्र, व मृत्यु प्रमाण पत्र आदि। |
| 26 | 138/144(138/124 फतेहगंज गल्ला मण्डी | श्री प्रेम कुमरपाल | श्री हेमचन्द्र पाल व लकी पाल | प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, मृत्युप्रमाण पत्र, अनापत्तिशपथ पत्र आदि। |
| 27 | 136/096/06 दुर्गविजयगंज | श्री मती शिवपति | श्रीमती फरहत शकील | शपथ पत्र, व मृत्यु प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री की छायाप्रति आदि। आदि। |
| 28 | 215/384 सुभाष मार्ग | श्री अतुल कुमार गुप्ता | श्रीमती सीता अग्रहरी व प्रज्ञा गुप्ता व वैश्णवी गुप्ता व तेजस्व अग्रहरी | शपथ पत्र, व मृत्यु प्रमाण पत्र आदि। |
| 29 | 136/162 दुर्गविजयगंज | श्रीमती नजमा बानों | श्री दिवाकर त्रिपाठी व पुष्पाकर त्रिपाठी | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र, रजिस्ट्री की छाया प्रति आदि। |
| 30 | 78/025(78/021) न्यू गणेशगंज | श्री इन्द्रजीत विश्वा व रश्मि नारायण व प्रानवी विश्व व नंदिता सक्सेना। | श्रीमती बन्दना गुर्नैनी | शपथ पत्र, मुख्तारनामा, रजिस्ट्री आदि। |
| 31 | 134/156 बशीरतगंज | श्री राजकुमार बाजपेई | मो0 जावेद व इमरान मो0 वसीम | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र , रजिस्ट्री की छाया प्रति आदि। |
| | | **आर0एल0बी0** | | |
| 32 | 168/046/TF-1 पुराना नजीरा बाग | श्री शैलेन्द्र कपूर | श्री रीना शैयद | शपथ पत्र, रजिस्ट्री की छाया प्रति आदि। |
| | | **राम मोहन राय** | | |
| 33 | 39/007A न्यू बेरी रौड | रूद्रा गेस्ट हाउस श्री अरून कुमार अग्रवाल | श्री सिद्वार्थ बंशल | शपथ पत्र, रजिस्ट्री की छाया प्रति आदि। |
| 34 | 23/02i8/FL-1 | श्रीमती प्रीती छाबरा | श्री श्रवण कुमार अग्रवाल | शपथ पत्र, रजिस्ट्री की छाया प्रति आदि। |
| | | **नजरबाग यदुनाथ सन्याल वार्ड** | | |
| 35 | H.NO.-109/128(109/092) माडॅल हाउस | ओम प्रकाश मिश्रा | अमित राम जैन पुत्र अरिहन्त राम जैन | रजिस्ञ्री शपथ पत्र,गिफ्टडीड,मृत्यु प्रमाण पत्र आई0डी0 आदि। |
| | | **गोलागंज** | | |
| 36 | 180/07 Ff-410 तकिया आजम बेग | फरान जैदी व उमर जैदी अवध अपार्टमेंट | शहला मुमताज | रजिस्ट्री छाया प्रति, शपथ पत्र, आदि। |
| | | **नजरबाग** | | |
| 37 | 86/088(86/094A) कुर्मीटीला | अमित कुमार | इरफान | रजिस्ट्री छायाप्रति, नोटरी शपथ पत्र आदि। |
| 38 | 107/207 (107/102) | जमाल अहमद | सामिया बानों | रजिस्ट्री छायाप्रति, नोटरी शपथ पत्र आदि। |
| 39 | 107/207 (107/103) | जमाल अहमद | सानिया बानों इश्तियाक | दान विलेख शपथ पत्र, आदि। |
| 40 | 104/236 (104/098) सफदल बाग | गोमती प्रसाद | कृष्ण जरीना | मृत्यु प्रमाण पत्र, आधर शपथ पत्र |
| 41 | 106/037/ TF-12 नजरबाग | प्रीती गुप्ता | जरीना बेगम | रजिस्ट्री शपथ, पत्र आदि। |
| 42 | 105/301/FF (185) फूलबाग | रातरति शर्मा | सुनीता शर्मा | दान विलेख शपथ पत्र |
| 43 | 84/379(84/339) कटरा मकबूलगंज | ज्योति श्री करामत | नसरीन बानों | रजिस्ट्री ,शपथ पत्र आदि। |
| 44 | 110/035/5-4, नयागांव | अंजली देवी | नेहा गुप्ता | दान विलेख शपथ पत्र, आधार कार्ड आदि। |
| 45 | 106/037/FF /FL-1 नजरबाग | कमलेश वर्मा | रूपाली वर्मा | मृत्यु प्रमाण पत्र, उत्तराधिकार , शपथ पत्र आदि। |
| 46 | 106/068 नजरबाग | राजरानी अरोडा | मिलन अरोडा नरिला सरोज | मृत्यु प्रमाण पत्र, उत्तराधिकार , शपथ पत्र आदि। |
| | | **मशकगंज वजीरगंज** | | |
| 47 | H.NO.-181/085 | सैय्यद मो0मोहसीन | मो0अनवर व मो0फाहद | रजिस्ट्री शपथ पत्र, आई0डी0आदि । |

जोनल अधिकारी

# तेज बुखार से दो बच्चियों में एईएस की पुष्टि, भर्ती

## संदिग्ध मरीज मिलने से विभाग सतर्क, गांवों में सर्वे के निर्देश

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार:** मौसम में बदलाव के साथ जिले में एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) के मामले सामने आने लगे हैं। दो बालिकाओं में एईएस के लक्षण मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। दोनों को मेडिकल कॉलेज के पीकू (पेडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट) में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। वजीरगंज क्षेत्र के चेतपुर पासीपुरवा निवासी त्रिभुवन की 15 वर्षीय बेटी शालिनी को तेज बुखार और अत्यधिक कमजोरी की शिकायत हुई। वहीं काजीदेवर क्षेत्र के लक्ष्मनपुर गांव निवासी प्रेम कुमार की 11 वर्षीय बेटी स्वाति भी तेज बुखार से पीड़ित हो गई। परिजन दोनों को इलाज के लिए गोंडा मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें पीकू वार्ड में भर्ती कर लिया। जांच रिपोर्ट आने पर दोनों में एईएस की पुष्टि हुई। मामले की जानकारी मिलते ही मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतलाल पटेल ने संबंधित सीएचसी को प्रभावित गांवों में टीम भेजकर घर-घर सर्वे कराने और विस्तृत रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

### पिछले वर्ष मिले थे 26 मामले

विभाग के आंकड़ों के अनुसार 2025 में जिले में एईएस के 26 और जापानी इंसेफेलाइटिस के 5 मामले सामने आए थे। अब एईएस के 2 मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। सीएमओ ने लोगों से अपील की है कि लक्षण दिखने पर तुरंत अस्पताल में जांच कराएं, ताकि समय पर उपचार मिल सके।

## रजिस्टर्ड एग्रीमेंट के नाम पर 5.25 लाख ठगे

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जमीन का बैनामा कराने के नाम पर रजिस्टर्ड एग्रीमेंट कराकर 5 .25 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर धनपतगंज थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मामला अयोध्या जनपद के रौजागांव, थाना रुदौली निवासी सोनू कुमार पुत्र स्व. शिवराज से जुड़ा है। सोनू कुमार ने आरोप लगाया कि धनपतगंज थाना क्षेत्र के बिलनी गांव निवासी अनिल कुमार पुत्र बाबूराम ने जमीन बेचने के नाम पर धोखाधड़ी की। सोनू कुमार के अनुसार बिलनी गांव स्थित जमीन को लेकर छह लाख रुपये में सौदा तय हुआ। 26 दिसंबर 2023 को तहसील सदर में गवाहों की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच रजिस्टर्ड एग्रीमेंट हुआ। एग्रीमेंट के समय सोनू कुमार ने आरोपी को पांच लाख रुपये का चेक दिया था। आरोप है कि बाद में आरोपी ने फोन और व्हाट्सएप के माध्यम से चेक की जगह ऑनलाइन पैसे भेजने को कहा।

# फंदे से लटकते मिले युवक-युवती के शव

**फतेहपुर/हैदरगढ़, बाराबंकी:** अलग अलग स्थानों पर एक युवक व युवती के शव फांसी के फंदे से लटके मिले। युवक पत्नी के मायके से न आने से नाराज था तो युवती मानसिक बीमार बताई जा रही। जिसका इलाज नूर मंजिल से चल रहा था। जानकारी के अनुसार फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के इसरौली गांव का रहने वाला बब्लू यादव 32 पुत्र राजकरन सोमवार की शाम घर से पैदल ही निकल गया फिर रात भर नहीं लौटा। घर के अन्य सदस्य रिश्तेदार से मिलकर देर रात लौटे तो यह समझकर कि बब्लू अपनी ससुराल चला गया होगा, सभी बेफिक्र हो गए। मंगलवार सुबह ग्रामीणों से सूचना मिलने पर परिजनों पैरों तले जमीन निकल गई। पता चला कि गांव से पूर्व दिशा में स्थित संदूपुर ग्राम पंचायत के कूड़ाघर की छत से तौलिया से बने फंदे से बब्लू का शव लटक रहा था। रोते बिलखते परिजन घटनास्थल के लिए दौड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ करने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुछ ही दिन पूर्व मृतक की पत्नी अपने मायके चली गई थी। दोनों की शादी को 12 साल हो चुके हैं। हालांकि परिजन घटना को लेकर संदेह जता रहे हैं। उधर मल्लाहन पुरवा गांव निवासी रामराज की पुत्री अंकिता निषाद ने मंगलवार सुबह फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया।

## दो भाइयों का इनामी हत्यारोपी गिरफ्तार

**शाहाबाद, हरदोई :** मोहल्ला खेड़ा अजमत मे 13 साल से फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी हत्यारोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त दो सगे भाइयों की हत्या में नामजद है। हत्यारोपी के पास से पुलिस ने एक मोबाइल और कुछ नकदी बरामद की है। कस्बे के मोहल्ला खेड़ा अजमत में रंजिश के चलते 2008 में मुन्ना सिंह की हत्या कर दी गई थी, जिसमें विपिन पुत्र विनोद कुमार सिंह, उसका भाई अतुल सिंह और विकास को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। घटना के दो वर्ष बाद न्यायालय में पुलिस की पैरवी पर आरोपियों को सजा हुई थी। सजा के आठ माह बाद विपिन अपील पर जेल से छूटकर घर आया था। इसी रंजिश में विपिन ने वर्ष 2013 में मुन्ना सिंह के भाई सुनील उर्फ़ गुड्डू सिंह की हत्या कर दी और फरार हो गया। तब से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक /इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है। **ई–निविदा संख्या :** NER-LJN-2026-44 **कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर सेक्शन इंजीनियर/सीतापुर के अनुभाग में LHS 55/सी, 60/सी, 63/सी, 64/सी, 65/सी, 69/सी 113/सी और 116/सी (कुल= 8 LHS) एवं सीनियर सेक्शन इंजीनियर/बिसवां के अनुभाग में LHS सं0 4/सी, 7/सी, 11/सी, 31/सी, 43/सी, 46/सी, 48/सी, 49/सी, 50/सी, 51/सी, 54/सी, 67/सी, 80/सी, 81/सी, और 86/सी (कुल=15 LHS) के मरम्मत का कार्य (कुल=23 LHS) **अनुमानित लागत (रु.) :** 58060292.70 **अग्रिम धन (रु) :** 440300.00 **समापन अवधि :** 09 माह। **1.** उपरोक्त ई–निविदा संख्या **NER-LJN-2026-44** के लिये ई–निविदा दिनांक 01.04.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in.** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) लखनऊ**

मुजाधि/डब्लू–502

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# दुष्कर्म और धोखाधड़ी प्रकरण में दो को सात-सात साल सजा

**बाराबंकी, अमृत विचार:** विभिन्न अदालतों ने धोखाधड़ी और दुष्कर्म के दो अलग-अलग मामलों में अभियुक्तों को दोषी पाते हुए सख्त सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों मामलों में अभियुक्तों को सात-सात वर्ष के कारावास के साथ अर्थदंड से दंडित किया है। पहले मामले में थाना कोतवाली नगर में दर्ज भादवि से संबंधित अभियुक्त जय प्रकाश सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी नरौली थाना सतरिख को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा सिंह (कोर्ट संख्या-18) ने दोषी करार दिया। न्यायालय ने अभियुक्त को 7 वर्ष के कठोर कारावास और 30,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। मामले के अनुसार 20 फरवरी 2009 को वादी प्रभात सिंह निवासी आवास विकास कॉलोनी ने आरोप लगाया था कि अभियुक्त ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर दो जगह नौकरी करके धोखाधड़ी की। दूसरे मामले में थाना लोनीकटरा में दर्ज अभियुक्त मुकेश पुत्र बृजलाल निवासी साहबगंज मजरे शिवनाम थाना लोनीकटरा को अपर सत्र न्यायाधीश ने दोषी ठहराया। न्यायालय ने अभियुक्त को सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

## प्रशासन से वोटर लिस्ट सही कराने की मांग

**लखनऊ, अमृत विचार :** गोमतीनगर विस्तार स्थित ओमैक्स रेजिडेंसी–1 में प्रस्तावित आरडब्ल्यूए चुनाव को लेकर विवाद बढ़ गया है। निवासियों ने आरोप लगाया कि डिप्टी रजिस्ट्रार और चुनाव अधिकारी की मिलीभगत से त्रुटिपूर्ण वोटर लिस्ट पर चुनाव कराए जा रहे हैं। सूची में 50 से अधिक ऐसे लोग शामिल हैं जो अपना फ्लैट बेचकर सोसाइटी छोड़ चुके हैं। आपत्तियां दर्ज कराने के बावजूद संशोधन नहीं हुआ। निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि वोटर लिस्ट को सही कर चुनाव को पारदर्शी बनाया जाए व मामले की जांच कराई जाए। इस संबंध में सोसाइटी के निवासियों वेंकटेश तिवारी, वेदांत श्रीवास्तव, निकिता त्यागी, कुसुम वर्मा व आयुष वर्मा, प्रत्युष सेठ, आकाश कुमार सिंह, अभा, अनिल जैन, दिव्यम गुप्ता, ध्रुव नारायण साहू, शिवाली सिंह, सुमन राय, बृजेंद्र प्रताप सिंह और ममता आदि ने आपत्ति जताई है।

# रामलला का दर्शन करने पहुंचे आसाराम बापू

**अयोध्या, अमृत विचार:** संत आसाराम बापू मंगलवार को अयोध्या धाम पहुंचे। सरयू तट पर पैदल भ्रमण किया और आरती ने शामिल हुए। यहां सरयू तट स्थित लक्ष्मण किला में एक दिन के प्रवास के बाद बुधवार सुबह रामलला का दर्शन करेंगे। इस दौरान बात करते हुए बताया कि अपने भारत के सप्त जगह की ये ताकत है कि कैसा भी आदमी वहां प्राण छोड़े दे। उसका मंगल होता ही है। सात जगह है अयोध्या, मथुरा, माया ,काशी ,कांची ,अवंतिका पूरी, द्वारावती चेव मोक्ष दयानी सात मोक्ष दाई स्थान है। हमारे शरीर में वात, पित्त व कफ़ तीन दोष होते है। तीन दोष में इस तीर्थ में आने से एक दोष कम हो जाता है।




यूको बैंक की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बोलते विशिष्टजन। अमृत विचार

## यूको बैंक ने आयोजित की एमएसएमई कार्निवाल

**लखनऊ, अमृत विचार :** यूको बैंक द्वारा मंगलवार को होटल कसाया इन गोमतीनगर में एक दिवसीय एमएसएमई कार्निवाल का सफल आयोजन किया गया। कार्निवाल का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को बैंक की विभिन्न वित्तीय योजनाओं की जानकारी देना तथा उद्यमियों को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पी स ओझा, पूर्व राज्य समन्वयक, उत्तर प्रदेश राज्य जैव ऊर्जा विकास बोर्ड उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में यूको बैंक प्रधान कार्यालय से नीलेश भोर जी, उप महाप्रबंधक ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आशुतोष सिंह, अंचल प्रमुख, लखनऊ द्वारा की गई। इस अवसर पर अंचल कार्यालय के एमएसएमई विभाग प्रमुख पूर्वोशीष चक्रवर्ती ने उपस्थित उद्यमियों एवं ग्राहकों को बैंक की विभिन्न एमएसएमई ऋण योजनाओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की।

# बसधना हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत 3 को किया गिरफ्तार

**उन्नाव, अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के हाजीपुर चौकी अंतर्गत बसधना गांव में अधेड़ के अपहरण के बाद हत्या किए जाने के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार 8 मार्च की रात बसधना गांव में दबंग विपिन सिंह अपने साथी छोटू सनकी उर्फ शिवम सिंह और अन्य लोगों के साथ घर में शराब पार्टी कर रहा था। इसी दौरान नशे की हालत में आरोपियों ने कई राउंड फायरिंग भी की। बताया जाता है कि किसी बात को लेकर गांव के ही मनोकांत, महेंद्र और रामजी से उनका विवाद हो गया। आरोप है कि आरोपियों ने उसकी लाठी-डंडों से जमकर पिटाई की, जिससे मनोकांत की मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को ठिकाने लगाने के लिए मांखी थाना क्षेत्र के सिंधुपुर गांव के पास फेंक दिया और मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर मृतक मनोकांत की पत्नी सुमन शुक्ला ने गंगाघाट कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पहले अपहरण और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया था, लेकिन जांच के दौरान युवक की हत्या की पुष्टि होने पर मुकदमे में हत्या की धाराएं भी जोड़ दी गईं।

## मोबाइल टॉवर से 30 बैटरियां चोरी

**हरदोई, अमृत विचार :** जिले में मोबाइल टावर से बैटरियां चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित ने लिखित शिकायत देकर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि अज्ञात चोरों ने टावर से महंगी बैटरियां और अन्य उपकरण चोरी कर लिए, जिससे कंपनी को काफी नुकसान हुआ है। शिकायतकर्ता दुर्गा पाल सिंह पुत्र लाला राम निवासी ग्राम सुमेर, थाना अलीगंज, जनपद एटा ने बताया कि वह एक कंपनी के माध्यम से मोबाइल टावर की देखरेख का कार्य करते हैं। उनके अनुसार शाहाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी चांद खां क्षेत्र के एक मोबाइल टावर पर लगी बैटरियों को अज्ञात लोगों ने रात के समय चोरी कर लिया। घटना की जानकारी तब हुई जब टावर की जांच की गई तो वहां से बैटरियां और कुछ जरूरी उपकरण गायब मिले। पीड़ित के मुताबिक 30 बैटरियां लगी थीं।

# ईरान में पढ़ रही छात्राओं के परिजन चिंतित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।






ईरान में शिक्षा ग्रहण कर रही कटौना की बेटी जहरा बानो और जहरा बेगम।



जमीर अब्बास



सैयद मेहदी रजा

**अमृत विचार:** ईरान में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के स्वजन उनकी खैरियत के लिए फिक्रमंद हैं। इजराइल-अमेरिका-ईरान के मध्य छिड़े युद्ध के दृष्टिगत अपनों के लिए चिंता स्वाभाविक है।

जानकारों के अनुसार अकबरपुर, जलालपुर व टांडा तहसील क्षेत्र के 120 गांव के 350 से अधिक लोग वर्तमान में ईरान के विभिन्न स्थानों पर फंसे हैं। जिनमें अधिकांश लोग ईरान के कुम, इस्फहान, मशहद, शिराज जैसे शहरों में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। कुछ लोग नौकरीपेशा तो कुछ व्यवसाय से भी जुड़े हैं। ईरान में शिक्षारत अकबरपुर विकास खंड क्षेत्र अंतर्गत कटौना गांव की दो छात्राओं को लेकर स्वजन चिंतित हैं। सैयद जायर अब्बास की पुत्री जहरा बानो ईरान के इस्फहान शहर स्थित अल-मुस्तफा युनिवर्सिटी तथा फरमान अली की बेटी जहरा बेगम कुम शहर के जामियतुज्जहरा मदरसे में शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। विगत कुछ दिनों से अपनों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। इस बीच वहां गहराते युद्ध के बादल और धमाकों की खबरों ने परिवारों की रातों की नींद उड़ा दी है। वाजिदपुर के सैयद जमीर अब्बास भी ईरान के कुम में फंसे हैं, संपर्क न हो पाने से घर वाले परेशान हैं। नगर के मोहल्ला अब्दुल्लाहपुर निवासी सैयद एतबार हुसैन अक्कन के परिवार के पांच सदस्यों के ईरान में फंसे होने से परिवार व्यथित है। इसी प्रकार जलालपुर के जाफराबाद, मुस्तफाबाद, नगपुर, करीमपुर तथा वाजिदपुर के युवा ईरान में रहकर मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं।

**पूर्वोत्तर रेलवे** अधिसूचना सं. – 48/2026

**रेल यात्रियों हेतु आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए निम्नलिखित **स्पेशल गाड़ियों** का संचलन किया जा रहा है, जिसकी विस्तृत विवरण निम्नवत् है :-



**1. गाड़ी सं. 01079/01080 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस - गोरखपुर - छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्पेशल**

**गाड़ी सं. 01079** छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से (प्रतिदिन) - दिनांक 10.03.2026 से 31.03.2026 तक = **22 ट्रिप, गाड़ी सं. 01080** गोरखपुर से (प्रतिदिन) - दिनांक 12.03.2026 से 02.04.2026 तक = **22 ट्रिप**

| 01079 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस - गोरखपुर स्पेशल | | | 01080 गोरखपुर -छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्पेशल | |
|---|---|---|---|---|
| आ० | प्र० | स्टेशन | आ० | प्र० |
| --- | **22.30** | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट) | **00.40** | --- |
| 22.45 | 22.47 | दादर | 00.17 | 00.20 |
| 23.17 | 23.20 | ठाणे | 23.55 | 23.58 |
| 23.47 | 23.50 | कल्याण | 23.37 | 23.40 |
| 01.40 | 01.45 | इगतपुरी | 22.05 | 22.10 |
| 02.20 | 02.25 | नासिक रोड | 19.00 | 19.03 |
| 03.18 | 03.20 | मनमाड | 17.57 | 18.00 |
| 05.18 | 05.23 | जलगांव | 15.50 | 15.53 |
| 05.50 | 06.00 | भुसावल | 15.20 | 15.25 |
| 09.10 | 09.15 | खंडवा | 13.40 | 13.45 |
| 13.05 | 13.15 | इटारसी | 10.30 | 10.40 |
| 15.55 | 16.00 | भोपाल | 08.30 | 08.35 |
| 18.48 | 18.50 | बीना | 06.10 | 06.15 |
| 22.10 | 22.15 | विरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 02.10 | 02.15 |
| 23.30 | 23.32 | ओरई | 00.05 | 00.07 |
| 02.15 | 02.20 | कानपुर सेंट्रल | 22.20 | 22.25 |
| 04.10 | 04.15 | लखनऊ | 19.50 | 19.55 |
| 06.30 | 06.35 | गोण्डा | 16.55 | 17.00 |
| 07.52 | 07.55 | बस्ती | 15.42 | 15.45 |
| 08.25 | 08.30 | खलीलाबाद | 15.00 | 15.05 |
| **10.00** | --- | **गोरखपुर** | --- | **14.30** |

**रेक संरचना:-** एसी 2 टियर - 01, एसी 3 टियर - 06, शयनयान - 09, साधारण द्वितीय श्रेणी - 04, एसएलआर - 02 = **22 कोच।**

**2. गाड़ी सं. 01415/01416 पुणे - गोरखपुर - पुणे स्पेशल**

**गाड़ी सं. 01415** पुणे से (प्रतिदिन) - दिनांक 10.03.2026 से 31.03.2026 तक = **22 ट्रिप, गाड़ी सं. 01416** गोरखपुर से (प्रतिदिन) - दिनांक 11.03.2026 से 01.04.2026 तक = **22 ट्रिप**

| 01415 पुणे - गोरखपुर | | | 01416 गोरखपुर - पुणे | |
|---|---|---|---|---|
| आ० | प्र० | स्टेशन | आ० | प्र० |
| --- | **06.50** | **पुणे** | **03.15** | --- |
| 08.10 | 08.12 | दौंड कॉर्ड लाइन | 01.58 | 02.00 |
| 09.30 | 09.32 | अहिल्यानगर | 23.10 | 23.12 |
| 11.28 | 11.30 | कोपरगांव | 20.50 | 20.52 |
| 13.10 | 13.15 | मनमाड | 20.10 | 20.15 |
| 15.55 | 16.00 | भुसावल | 17.00 | 17.05 |
| 18.07 | 18.10 | खंडवा | 15.05 | 15.08 |
| 21.10 | 21.20 | इटारसी | 12.10 | 12.20 |
| 23.15 | 23.25 | रानी कमलापति | 10.30 | 10.40 |
| 01.25 | 01.30 | बीना | 08.00 | 08.05 |
| 04.00 | 04.10 | विरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 04.00 | 04.10 |
| 06.10 | 06.12 | ओरई | 01.58 | 02.00 |
| 08.35 | 08.40 | कानपुर सेंट्रल | 00.20 | 00.25 |
| 10.00 | 10.05 | लखनऊ | 22.30 | 22.35 |
| 12.25 | 12.30 | गोण्डा | 20.15 | 20.30 |
| 13.55 | 14.00 | बस्ती | 19.12 | 19.15 |
| **16.00** | --- | **गोरखपुर** | --- | **17.30** |

**रेक संरचना:-** एसी 2 टियर - 01, एसी 3 टियर - 05, शयनयान - 06, साधारण द्वितीय श्रेणी - 04, एसएलआरडी - 02 = **18 कोच।**

**मुजाधि/टी - 124** **मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक/गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य के लिए उप मुख्य विद्युत अभियंता, निर्माण, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निविदा संख्या 152-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 IREPS की वेबसाइट यानी http://www.ireps.gov.in पर समापन तिथि 04.04.2026 समय (11.30Hrs) एक पैकेट प्रणाली के तहत 'ई–टेंडर' आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| **NIT. संख्या.:** | 152-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 दिनांक 10.03.2026 |
| **निविदा संख्या:.** | 152-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 |
| **कार्य का नामः** उत्तरी रेलवे के लखनऊ डिवीजन के अयोध्या धाम स्टेशन पर अधिकारियों के विश्राम गृह, पर्यवेक्षकों के विश्राम गृह और अवकाश गृह के निर्माण से संबंधित विद्युत कार्य। | |
| **निविदा प्रपत्र लागत** | कुछ नहीं। |
| **लगभग निविदा मूल्य** | रु 2,20,08,851.53 (दो करोड़ बीस लाख आठ हजार आठ सौ इक्यावन रुपये और तिरपन पैसे मात्र) |
| **बोली सुरक्षा** | रु 2,60,100/– (दो लाख साठ हजार एक सौ रूपये मात्र) |
| **समापन की अवधि** | 12 (बारह) माह. |
| **ऑफर की वैधता** | 60 दिन. |
| **IREPS वेबसाइट पर विज्ञापित निविदा दिनांक।** | 10.03.2026 |
| **जिस तिथि तक ठेकेदार अद्यतन/परिशिष्ट, संशोधित तिथि नोट कर सकता है।** | 21.03.2026 |
| **निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि और समय** | 04.04.2026 (11.30Hrs) |
| **पात्रता मापदंड** | निविदा दस्तावेज के अनुसार। |

**ध्यानदें:**

1. ठेकेदार को प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर अपलोड किए जाने वाले निविदा दस्तावेज के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

2. सभी प्रतिभागी ठेकेदार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ अपने आवश्यक दस्तावेज जमा करेंगे। "अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने के लिए कोई भी पोस्टटेंडर पत्राचार तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव खोलने के बाद विचार नहीं किया जाएगा। यहां तक कि निविदाओं के सू–मोटो पोस्टटेंडर पत्रों को अशक्त और शून्य माना जाएगा।"

टेंडर नोटिस **www.ireps.gov.in** की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**No. 152-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 दिनांक 10.03.2026** **806/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय नगर पालिका परिषद रायबरेली**

पत्रांक : 1705/न0पा0परि0/ज0क0/2025–26 दिनांक 10.03.2026

**ई–निविदा सूचना**

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में 15 वें वित्त आयोग की निर्दिष्ट अनुदान (प्रथम व द्वितीय किस्त) के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद रायबरेली मे निम्नांकित कार्यो हेतु य0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिल्डर्स/ कान्ट्रैक्टर्स/बेन्डर्स से दिनांक 10.03.2026 से 29.03.2026 सायं 5:00 बजे तक ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसकी समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर ही की जायेगी। दिनांक 30.03.2026 को अपरांह 11:00 बजे निविदायें कार्यालय नगर पालिका परिषद में खोली जायेगी। टेण्डर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताये सक्षम अधिकारी में निहित होगा। शासन के निदेशानुरूप जी.एस.टी. भी मान्य होगी। ई–निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**टेण्डर शेड्यूल (www.e-tender.up.nic.in)**

| क्र0सं0 | | | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1- | Tender Release | | 10/03/2026, 11:00 AM | - |
| 2- | | Tender Download | 11/03/2026, 11:00 AM | 29/03/2026, 5:00 PM |
| 3- | | Bid submission | 11/03/2026, 11:00 AM | 29/03/2026, 5:00 PM |
| 4- | Bid Opening Date And Place | | 30/03/2026, 11:00 AM(Office Of the Nagar Palika Parishad RBL) | |

**(स्वर्ण सिंह)**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद रायबरेली**

**(शत्रोहन सोनकर)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद रायबरेली**

**कार्यालय : जलकल विभाग नगर निगम, अयोध्या**

पत्रांक :– 1172/ज0क0वि0न0नि0अयो0/ई–निविदा/2025–26 दिनाक :– 10/03/2026

**प्रथम ई–निविदा सूचना पत्र**

**नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु**

**प्रथम ई–निविदा आमंत्रणः–**

नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य की समस्त नियम/शर्ते व निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट www.//etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। ई–निविदा के साथ संलग्न की जाने वाली जमानत धनराशि मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी नगर निगम अयोध्या के https://emdnagarnigamayodhya.in/loginWithotp के माध्यम से सम्बन्धित फर्म के खाते से जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या को बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत /अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा।

| | |
|---|---|
| वेबसाइट पर निविदा अपलोड होने की तिथि | 12/03/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे |
| निविदा की अन्तिम तिथि | 24/03/2026 सायंकाल 05:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 25/03/2026 को 12:00 बजे तक |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | जमानत धनराशि रूपया | निविदा मूल्य + 18% G.S.T सहित | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत जोन–3 कौशलपुरी के चौदहकोसी परिक्रमा भार्ग से विस्थापित किये गये कुल–15 नग हैण्डपम्पों का पुर्नस्थापित कार्य। | 81,100.00 | 960.00 | 45 दिवस |

**अधिशाषी अभियन्ता (जल)**
**नगर निगम अयोध्या**

**महाप्रबन्धक (जल)**
**नगर निगम अयोध्या**

**कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी, बाराबंकी।**

पत्रांक: 8075/ पं0/पं0 सहा0–चयन / विज्ञाप्ति/2025–26 दिनांक: 09.03.2026

**विज्ञापन**

निदेशक, पंचायतीराज उ0प्र0 लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप संख्या 6/2222/2018–6/208/2024–25, लखनऊ दिनांक 17.12.2024 एवं प्रमुख सचिव उ0प्र0 पंचायतीराज अनुभाग–3 दिनांक 06–12–2025 के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक / एकाउण्टेन्ट कम डाटा–इन्ट्री आपरेटर के पद पर चयन हेतु निम्नांकित योग्यता व विवरण के अनुसार आवेदन पत्र योग्य अभ्यार्थियों से आमंत्रित किये जाते हैः–

- कुल रिक्त पद–35
- ग्राम पंचायतवार अवशेष पदों का विवरण एवं आवेदन पत्र का प्रारूप पंचायतीराज विभाग की वेबसाईट https://panchayatiraj.up.nic.in एवं https://prdfinance.up.gov.in पर उपलब्ध है।
- आवेदन की तिथि 16 मार्च 2026 से 23 मार्च, 2026 तक

| क्रमांक | भर्ती प्रक्रिया | निर्धारित समय |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत सहायक / अकाउन्टेंट कम डाटा इन्ट्री आपरेटर के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना, प्रचार–प्रसार ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट एवं मुनादी द्वारा कराया जाना | 11 मार्च, 2026 से 15 मार्च, 2026 तक। |
| 2 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय एवं ग्राम पंचातय कार्यालय में आवदेन पत्र जमा करने की अवधि। | 16 मार्च, 2026 से 23 मार्च, 2026 तक। |
| 3 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय व विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराया जाना। | 24 मार्च, 2026 से 31 मार्च, 2026 तक। |
| 4 | ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करना एवं ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विपारार्थ प्रस्तुत किया जाना एवं समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के विचारार्थ समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराया जाना। | 01 अप्रैल, 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक। |
| 5 | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण एवं संस्तुति। | 16 अप्रैल, 2026 से 27 अप्रैल 2026 तक। |
| 6 | ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत किया जाना। | 28 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक। |

**आवेदन की प्रक्रिया :–** निर्धारित आवेदन के प्रारूप समस्त सूचनाएं अंकित कर व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से अपनी ग्राम पंचायत, विकास खण्ड कार्यालय, जिला पंचायतराज अधिकारी बाराबंकी के कार्यालय में निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराया जायेगा। समस्त चयन प्रकिया शासनादेश संख्या 42/2021/1235/33–3–2021/989, दिनांक 25.07.2021 में दिये गये प्राविधानों के अनुरूप संचालित होगी।

**(नीतेश भोंडेले)**
**जिला पंचायत राज अधिकारी**
**बारांबकी।**

## न्यूज ब्रीफ

### पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

**कुशीनगर, अमृत विचार :** हाटा कोतवाली क्षेत्र के संखापार गांव के पास सरेह में मंगलवार सुबह युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान विवेक यादव (24) पुत्र धर्मेंद्र यादव निवासी केवला चक, थाना चौरी-चौरा (गोरखपुर) के रूप में हुई। पुलिस मामले की जांच में जुटी रही। युवक की गला कसकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। कोतवाली प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि शव पीएम के लिए भेजा गया है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### जिला स्वास्थ्य समिति योजनाओं की समीक्षा की

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिला स्वास्थ्य समिति (डी0एच0एस0) एवं स्वास्थ्य विभाग से संबधित योजनाओ की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा के दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति कम पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। प्रगति लाकर लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# एससी/एसटी होने से केस में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश देना अनिवार्य नहीं

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा, न्यायालय को अपने विवेक का करना होता है प्रयोग

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**



**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति समुदाय से संबंधित मामलों में निचली अदालत द्वारा तथ्यों और परिस्थितियों की जांच करने के संबंध में महत्वपूर्ण रूप से कहा कि यदि कोई व्यक्ति अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति समुदाय से संबंधित है, तो मात्र इसी आधार पर कोर्ट प्रत्येक मामले में एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश देने के लिए बाध्य नहीं होगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 173(4) के तहत प्रस्तुत आवेदन पर विचार करते समय न्यायालय को अपने न्यायिक विवेक का प्रयोग करना होता है। न्यायालय पहले आवेदन में लगाए गए आरोपों और परिस्थितियों का परीक्षण करता है और उसके बाद यह तय करता है कि मामले में पुलिस द्वारा तत्काल जांच कराना आवश्यक है या नहीं। यदि न्यायालय को लगता है कि तत्काल पुलिस जांच आवश्यक नहीं है, तो वह आवेदन को परिवाद (कम्प्लेंट केस) के रूप में मानकर विधि के अनुसार शिकायतकर्ता और गवाहों के बयान दर्ज करते हुए मामले की कार्यवाही आगे बढ़ा सकता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति अनिल कुमार (दशम) की एकलपीठ ने कुसुम कनौजिया द्वारा दाखिल आपराधिक अपील खारिज करते हुए की। दरअसल अपीलकर्ता ने विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी अधिनियम), आजमगढ़ के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 173 (4) के तहत दाखिल उनके आवेदन को खारिज कर दिया गया था। याची के अधिवक्ता का तर्क था कि निचली अदालत को एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश देना चाहिए था, लेकिन इसके स्थान पर उसने आवेदन में लगाए गए आरोपों की स्वयं जांच कर डाली। अधिवक्ता के अनुसार यह स्थापित विधि है कि बीएनएसएस की धारा 173(4) के अंतर्गत दाखिल आवेदन पर विचार करते समय विशेष न्यायालय को इस प्रकार की जांच करने का अधिकार नहीं है।

### रामपुर तिराहा कांड से जुड़े मामले में निर्णय सुरक्षित, उत्तराखंड हाईकोर्ट ने की सुनवाई

**विधि संवाददाता, नैनीताल, अमृत विचार :** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तराखंड राज्य की अस्मिता से जुड़े बहुचर्चित रामपुर तिराहा कांड (मुजफ्फरनगर कांड) के लंबित वादों की शीघ्र सुनवाई करने को लेकर दायर याचिका पर अंतिम सुनवाई के बाद मंगलवार को पुन: निर्णय सुरक्षित रख लिया है। राज्य आंदोलनकारी अधिवक्ता रमन शाह की याचिका पर न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकलपीठ में सुनवाई हुई। इससे पहले पीठ ने इसी मामले में पिछले साल 09 सितंबर, 2025 को निर्णय सुरक्षित रख लिया था लेकिन 12 दिसंबर, 2025 को अदालत ने इसे आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया था। इसी क्रम में मंगलवार को याचिकाकर्ता, सीबीआई और राज्य सरकार की ओर से अंतिम रूप से अपना पक्ष रखा गया। याचिकाकर्ता व अधिवक्ता रमन साह ने बताया कि सभी पक्षों को सुनने के बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया है। पिछली सुनवाई में एकलपीठ ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार से मुजफ्फरनगर कांड से जुड़े सीबीआई कोर्ट में लंबित वादों की प्रगति रिपोर्ट पेश करने को कहा था।

# सांप काटने से मौत के मामलों में केवल तकनीकी आधार पर अनुग्रह राशि रोकना उचित नहीं

**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राज्य आपदा राहत कोष से मिलने वाले मुआवजे से जुड़े एक मामले में कहा कि सांप के काटने से हुई मृत्यु के मामलों में राज्य आपदा राहत कोष से दी जाने वाली अनुग्रह राशि केवल तकनीकी आधारों पर रोकी नहीं जा सकती। यदि उपलब्ध साक्ष्य घटना की पुष्टि करते हैं, तो मात्र पोस्टमार्टम रिपोर्ट के निष्कर्षहीन होने के आधार पर मुआवजा देने से इनकार करना उचित नहीं है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति अजीत कुमार और न्यायमूर्ति स्वरूपमा चतुर्वेदी की खंडपीठ ने जालौन जिले के एक मामले की सुनवाई के दौरान पारित किया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की 2 अगस्त 2018 की अधिसूचना सांप के काटने से हुई मौत को उन परिस्थितियों में शामिल करती है, जिनमें मृतक के आश्रितों को अनुग्रह राशि देने का प्रावधान है। यह एक राज्य स्तरीय कल्याणकारी नीति है, जिसका उद्देश्य ऐसी स्थानीय आपदाओं या दुर्घटनाओं में पीड़ित परिवारों को त्वरित आर्थिक सहायता प्रदान करना है, जो अन्य योजनाओं में शामिल नहीं हैं। कोर्ट ने 8 जुलाई 2021 की सरकारी अधिसूचना का भी उल्लेख किया।

### स्वच्छता अभियान का आयोजन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई इकाई, महारानी अहिल्या बाई होलकर इकाई एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस इकाई के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस (10 मार्च) पर जनजागरण, स्वच्छता अभियान एवं बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल की स्वच्छता के बाद ग्राम संग्रामपुर में ग्रामीणों को जागरूक किया।


**सूचना**

मैं अदिति वर्मा पत्नी स्व0 शक्ति कुमार वर्मा निवासिनी 624/35 हंस विहार कालोनी सतरिख रोड चिनहट लखनऊ अपने पुत्र मनीष वर्मा व बहू महिमा सोनी द्वारा आए दिन लड़ाई झगड़ा व गाली गलौज से पीड़ित होकर अपने होशो हवास में उनको अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर रही हूँ। भविष्य में इनके द्वारा किए गये किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार को कोई लेना–देना नहीं रहेगा।


# मृत छात्र के परिजनों को दी सांत्वना

**संवाददाता, संतकबीरनगर**



मृतक छात्र के परिजनों से मिलकर सांत्वना देते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और जिलाध्यक्ष प्रवीण चंद्र पांडे।

- कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, परिवार को एक करोड़ का मिले मुआवजा

**अमृत विचार।** गोरखपुर में हुए सड़क हादसे में मृत एमबीबीएस छात्र आकाश पांडेय के मामले को लेकर जिले में सियासत तेज हो गई है। मंगलवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र के बरगदवा माफी में पहुंचकर मृतक के परिजनों से मिले। उन्होंने घटना पर गहरा दुःख जताते हुए शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। प्रदेश सरकार से पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और अन्य आवश्यक मदद देने की मांग की। साथ ही उन्होंने आरोपित के खिलाफ तत्काल हत्या का मुकदमा दर्ज किए जाने की भी मांग उठाई।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरकार में बैठे लोग सत्ता के मद में चूर हैं और उन्हें सिर्फ वोट की चिंता है। सरकार में शामिल एक मंत्री के कार्यकर्ता द्वारा लाइव आकर आत्महत्या करने की घटना में मंत्री का नाम सामने आया था, लेकिन अब तक न तो मंत्री से पूछताछ की गई और न ही उन्हें मंत्रिमंडल से हटाया गया। आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ऐसे लोगों को संरक्षण दे रही है, जिनके समर्थक खुलेआम लोगों पर गाड़ियां चढ़ा रहे हैं और हिंसक घटनाओं में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना ने परिवार से उनके बुढ़ापे का सहारा छीन लिया है। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रवीण चंद्र पांडे, सुनील कुमार पांडेय समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में नई समिति का हुआ गठन

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ कस्बे के श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में बैठक हुई। जिसमें समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से नई समिति का गठन किया। जिसमें राजेन्द्र रुंगटा उर्फ नीलू रुंगटा अध्यक्ष व अजय कसौधन को महामंत्री चुना गया। बैठक में समिति का विस्तार करते हुए दिव्य प्रकाश उर्फ संजीव पाण्डेय को उपाध्यक्ष, नीरज जायसवाल (बंटी) को व्यवस्थापक, दुर्गेश कसौधन को कोषाध्यक्ष, आशीष पाण्डेय 'गुड्डू' को मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा सोनू निगम, सभासद सतीश वर्मा, दुर्गेश अग्रहरि, पशुपति रौनियार, रेशू ठाकुर, विक्की वर्मा, आदर्श श्रीवास्तव व विपिन उमर आदि को बतौर सक्रिय सदस्य बनाया गया।


**उ0प्र0 अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय, लखनऊ।**

प्रथम/द्वितीय तल, चतुर्थ टावर, सिग्नेचर बिल्डिंग पुलिस मुख्यालय, लखनऊ। Email- fshqup@gmail.com

पत्र संख्या: एफ0एस0 (टी)– 281–2025 (15वें वित्त आयोग) दिनांक: मार्च, 10,2026

**निविदा सूचना**

उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा हेतु 250 अदद EMERGENCY ESCAPE BREATHING DEVICE SET क्रय/निर्माण किये जाने हेतु जेम पोर्टल पर जेम कस्टम बिड संख्या-GEM/2026/B/7329612 दिनांक 10.03.2026 को कस्टम बिड की गयी। जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| BID DETAILS | |
|---|---|
| जेम कस्टम बिड संख्या | GEM/2026/B/7329612 |
| दिनांक | 10.03.2026 |
| बिड बंद होने की तारीख/समय | 25.03.2026 13:00:00 |
| बिड खुलने होने की तारीख/समय | 25.03.2026 13:30:00 |
| बिड पेशकश वैधता (बंद होने की तारीख से) | 180(DAYS) |
| प्री-बिड मीटिंग तारीख/समय | 16.03.2026 12:00:00 FSHQ, LKO |

उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा हेतु 250 अदद EMERGENCY ESCAPE BREATHING DEVICE SET क्रय/निर्माण किये जाने हेतु जेम पोर्टल पर जेम कस्टम बिड संख्या-GEM/2026/B/7329612 दिनांक 10.03.2026 में उल्लखित एंव जेम पोर्टल पर उल्लखित क्रय संबंधित समस्त नियम व शर्तों के साथ ही ऑनलाइन प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

(सुभाष कुमार)
मुख्य अग्निशमन अधिकारी/
नोडल अधिकारी (परचेज), अग्निशमन तथा आपात सेवा, मुख्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।

UP-247830 दिनांक 10.03.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


# साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी का संचलन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा होली पर्व के उपरान्त यात्रियों की सुविधा के लिए 09195/09196 वडोदरा-मऊ-वड़ोदरा साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी का संचलन वडोदरा से 14, 21 एवं 28 मार्च तक प्रत्येक शनिवार को तथा मऊ से 15, 22 एवं 29 मार्च तक प्रत्येक रविवार को किया जायेगा। इस गाड़ी का ठहराव आगरा फोर्ट के स्थान पर ईदगाह (आगरा) में प्रदान किया जायेगा। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 06 तथाएल.एस.एल.आर.डी. के 01 कोच सहित 21 कोच लगाये जायेंगे। इसके अलावा 05030/05029 काठगोदाम-ठाकुरनगर-काठगोदाम वाया गोरखपुर विशेष गाड़ी का संचलन काठगोदाम से 15 मार्च को तथा ठाकुरनगर से 18 मार्च को एक फेरे के लिये किया जायेगा। 05030 काठगोदाम-ठाकुरनगर विशेष गाड़ी 15 मार्च को काठगोदाम से 10.00 बजे प्रस्थान करेगी। इस गाड़ी में एस.एल.आर./डी. के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 07, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02 तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 16 कोच लगाये जायेंगे।

### अतिरिक्त ठहराव

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 05089/05090 छपरा–आनन्द विहार टर्मिनस–छपरा तथा 05071/05072 छपरा–आनन्द विहार टर्मिनस–छपरा विशेष गाड़ियों का 02 मिनट का अतिरिक्त ठहराव गोपालगंज स्टेशन पर प्रदान किया जायेगा।


**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुलतानपुर**

पत्रांक: बेसिक पदोन्नत /42111–13 /2025–26 दिनांक: 10.03.2026

**कार्यालय ज्ञाप / प्रेस विज्ञप्ति**

अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के परिषदीय अनुभाग में स्वीकृत 07 कनिष्ठ सहायक पद के सापेक्ष रिक्त 01 कनिष्ठ सहायक के पद पर जनपद के परिषदीय विद्यालयों / कार्यालयों में कार्यरत चर्तुथ श्रेणी कर्मचारियों में से पात्र अभ्यर्थी की पदोन्नति सचिव उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद इलाहाबाद के कार्यालय पत्रांक: बे0शि0प0 / सा0प्र0–2/25429–763/96–97 दिनांक 19.03.1997 एवं शासनादेश संख्या–बे0आ0–2–665 (III) /दस 54 (एम) 2008 टी0सी0 वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–2 दिनांक 26 सितम्बर 2013 एवं शासनादेश संख्या–3309/79–5–2016 दिनांक – 16 दिसम्बर 2016 में दिये गये प्राविधानों के अनुसार की जानी है। उक्त हेतु इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र संलग्नको सहित दिनांक–16.03. 2026 की सायं 05: 00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त कराना सुनिश्चित करें।

(उपेन्द्र गुप्ता)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
सुलतानपुर



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल–देवीपाटन गोण्डा
(कार्यालय का पता–निकट एस0पी0 आवास, पुलिस लाईन, जनपद–गोण्डा)
ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

पत्रांक 585 / ग्रा0अ0वि0 / निविदा / बलरामपुर / 2025–26, दिनांक 28.02.2026

महामहीम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल–देवीपाटन गोण्डा द्वारा 'ए', 'बी' श्रेणी (जैसी स्थिति हो) कार्य की लागत के सीमा के अनुरुप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिये निविदा दे सकता है।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख रू0 में (जी0एस0टी छोड़कर) | बिड सिक्योरिटी लाख रू0 में | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ग्राम्य विकास संस्थान (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | | | | | | |
| 1 | बलरामपुर | जनपद बलरामपुर में जिला ग्राम्य विकास संस्थान के (अनावासीय) भवन का निर्माण कार्य | 2284.81 | 45.70 | 5000 | 18 Month |
| 2 | | जनपद बलरामपुर में जिला ग्राम्य विकास संस्थान के (आवासीय) भवन का निर्माण कार्य | 542.33 | 10.85 | 5000 | 18 Month |

1. बेब साइट पर बिड डायक्मेन्ट की उपलब्धता की तिथि 14.03.2026 से 13.04.2026 तक
2. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक 13.04.2026 पूर्वान्ह 12:00 बजे तक
3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 14.04.2026 को अपरान्ह 01:00 बजे
4. नियोक्ता को आई.टी.बी के क्लॉज–10 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है,जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से निगरानी रखें और नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर जाये
5. विस्तृत विवरण देखने हेतु http://etender.up.nic.in को खोले तथा बिड डाउनलोड करें।

UP - 247687 दिनांक: 09/03/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अधीक्षण अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
परिमण्डल–देवीपाटन गोण्डा



**बप्पा श्री नारायण वोकेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय (के.के.वी.)**
स्टेशन रोड, चारबाग, लखनऊ–226001
**अल्प कालीन निविदा आमंत्रण**

पत्रांक–बीएसएनवीपीजीसी/A-54/343/निविदा/2025–26, दि0: 10.03.2026

प्राचार्य, बप्पा श्री नारायण वोकेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय (के.के.वी.), लखनऊ के द्वारा पंजीकृत फर्म/एजेंसी से महाविद्यालय में आधारभूत कार्य (Civil Work) से संबंधित पृथक–पृथक निविदा आमंत्रित की जाती है:–

नोट:–

- उपरोक्त कार्य की आपूर्ति हेतु निविदा फार्म का मूल्य रू0 500/– मात्र है, जो महाविद्यालय कार्यालय से दि0 11.03.2026 से 20.03.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 11:00 – 03:00 बजे के मध्य प्राप्त एवं जमा किया जा सकता है।
- निविदा अस्वीकार / निरस्त करने का अधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित होगा।

प्रो0 (संजय मिश्र)
प्राचार्य


### प्रमुख बुनियादी ढांचों और प्रौद्योगिकी का किया जा रहा आधुनिकीकरण

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** भारतीय रेलवे ने नेटवर्क के महत्वपूर्ण खंडों में संचालन को सुदृढ़ करने, लाइन क्षमता बढ़ाने और संचार प्रणालियों के आधुनिकीकरण के लिए 765 करोड़ से अधिक की लागत वाले अनेक प्रमुख बुनियादी ढांचों और प्रौद्योगिकी का आधुनिकीकरण करने संबंधी परियोजनाओं को मंजूरी दी है। स्वीकृत परियोजनाओं में दो उच्च घनत्व वाले माल और यात्री कॉरिडोरों पर विद्युत ट्रैक्शन प्रणाली के आधुनिकीकरण के साथ–साथ पश्चिम रेलवे के वडोदरा और मुंबई सेंट्रल डिवीजनों में ऑप्टिकल फाइबर संचार नेटवर्क के बड़े विस्तार को शामिल किया गया है। भारतीय रेलवे ने ईस्ट कोस्ट रेलवे के अंतर्गत 106 किमी लंबे दुव्वाडा–विशाखापत्तनम–विजयनगरम खंड पर विद्युत ट्रैक्शन प्रणाली के आधुनिकीकरण के लिए 318 .07 करोड़ रुपये की भी मंजूरी दी है। इस खंड में मौजूदा 1×25 केवी प्रणाली को आधुनिक कर 2×25 केवी प्रणाली में बदला जाएगा, जिससे अधिक विश्वसनीय संचालन सुनिश्चित होगा।


**अमृत विचार क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं अब्दुल हसन खान पुत्र निजामुद्दीन निवासी ग्राम निंदूरा तहसील करनैलगंज जिला गोंडा का निवासी हूँ। मेरे सभी अभिलेखानुसार व वास्तविक नाम और पता यही है। जबकि आधार कार्ड में त्रुटिवश मंहगू दर्ज हो गया था। मेरे वास्तविक नाम अब्दुल हसन खान पुत्र निजामुद्दीन के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**
मैं मोहन गुप्ता पुत्र राम शंकर गुप्ता, निवासी–548वी /470 विक्रमनगर, निकट वर्मा मेडिकल स्टोर, पोस्ट–मानकनगर, थाना–पारा, जिला–लखनऊ, मेरा नाम हाईस्कूल प्रमाणपत्र में मोहन कुमार गुप्ता (MOHAN KUMAR GUPTA) लिखा है जबकि आधार कार्ड, पैन, मतदाता पहचान पत्र के अभिलेखो में शपथी का नाम मोहन गुप्ता (MOHAN GUPTA) है जो पूर्णतया सच व सही है, इसलिये मेरा नाम मोहन कुमार गुप्ता के स्थान पर सही नाम मोहन गुप्ता (MOHAN GUPTA) के नाम से जाना व पहचाना जायें।

**Public Notice**
I. Asha Maurya wife of Mr. Vijay Kumar Maurya resident of Abbonagar dakshini near sansad niwas district Fatehpur, Uttar Pradesh - 212601. Hereby inform that my name was earlier Asha Devi in my Aadhaar Card, due to which the same wes entered in the school recards of my children, Astha mourya of Class 7-1 and. Vijit Maurya of Class 4-k, students of CMS School, LDA Branch, Kanpur Road," Lucknow. After correction in Aadhaar records, my correct name is Asha Maurya. Hence, Asha Devi and Asha Mourya refer to one and the same person. All concerned may kindly take note and make necessary corrections accordingly.

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम RAJENDRA BAHADUR था से बदलकर RAJENDRA BAHADUR VERMA रख लिया है। अब मुझे RAJENDRA BAHADUR VERMA के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-BRAHMDIN VERMA ADD-SANKLAP NEAR GOVT- PRIMARY SCHOOL PARSOYIA DIST-AMETHI-227406 (U.P.)

**सूचना**
मैने अपना नाम SHIVANANDA SINGH से बदलकर SHIVANAND SINGH रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAM MOHAN SINGH ADD-VILL-JIWALI POST-JIWALI DIST-AZAMGARH-276301 (U.P.)

**सूचना**
मै किशन कुमार पुत्र रामबरन नि. पूरे मुसहा पो. सिधौना रायबरेली का निवासी हूं। मेरे शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम किशन (KISHAN) है, जबकि आधारकार्ड आदि में किशन कुमार (KISHAN KUMAR) अंकित है। अब मैंने अपना नाम किशन से बदल कर किशन कुमार रख लिया है। मुझे किशन कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाता हूं।

**सूचना**
मैं श्यामलाल पुत्र गयादीन, निवासी ग्राम मुरादाबाद, परगना देवां, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी, यह घोषणा करता हूं कि श्रीमती विमला उर्फ आशा देवी पत्नी गुरुप्रसाद तथा उनके पुत्र विशाल व कुनाल को अपने परिवार से तथा अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से पूर्ण रूप से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनका मेरी किसी भी संपत्ति पर कोई अधिकार मान्य नहीं होगा।


# 9 दिवसीय श्री श्री शतचंडी महायज्ञ का भव्य शुभारंभ, श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा



महायज्ञ से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** नौगढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम धौरीकुइयां स्थित श्री समय माता मंदिर में आयोजित नव दिवसीय श्री श्री शतचंडी महायज्ञ का भव्य शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश धारण कर धौरीकुइयां से सोहास तक पदयात्रा करते हुए भव्य कलश यात्रा निकाली। पूरे क्षेत्र में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक श्यामधनी राही द्वारा विधि-विधान से आरती एवं पूजन कर किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सत्यप्रकाश राही, लोटन ब्लॉक प्रमुख आशीष सिंह, उसका ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम भरोसे चौहान, नितेश पाण्डेय, प्रधान संघ अध्यक्ष गंगा मिश्रा, राम निवास यादव, सुनी पाण्डेय, सोनू लोधी, रवि पाण्डेय, बबलू पाण्डेय, अर्जुन लोधी, ओम प्रकाश गुप्ता, अनिल चौधरी, श्यामनंदन लोधी, संजय सहानी, सतीश वर्मा, मिथुन यादव, प्रधान विशंभर यादव, दूधनाथ यादव, सौरभ पाण्डेय, सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग एवं हजारों की संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। महायज्ञ के आयोजन से क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त है। आयोजकों ने बताया कि नौ दिवसीय इस महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान, कथा एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंगे।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
लिफ्ट सिंचाई खण्ड, अयोध्या

अल्पकालीन निविदा संख्या–69 / EE/LID/AYO/APC/2025-26/ दिनांक:05.03.2026

महामहिम राज्य पाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ0प्र0 में सिविल कार्य हेतु "C" या उच्च श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं निविदा के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु आमंत्रित की जाती है।

| Sl. No. | Name of Item | Uint | Qauntity | Rate | अनुमानित लागत (भारतीय रू0 मे) | धरोहर धनराशि (भारतीय रू0 मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य(रू0 मे) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Construction of Room 3500 × 4000 mm for installation of SCADA system at out side of the pump house performing the work given below At ayodhya pump canal Vikram Jot Basti under Modernization Project of Electtrical & Mechanical at Ayodhya Pump Canal | | | | 434272.00+GST 18% 78169.00 = 512441.00 | 9000.00 | 15 Day | 150.00+ 18% GST (27.00)=177.00 (रू0 500.00 स्टेशनरी चार्ज अलग से देय होगा) |
| | Earth work | M³ | 10.00 | 115.00 | | | | |
| | Brick work in 1:4 | M³ | 5.10 | 8216.00 | | | | |
| | Centering & shuttering | M² | 70.00 | 850.00 | | | | |
| | M.S bar | Kg | 980.00 | 99.00 | | | | |
| | New Plaster in 1:4, 12 mm thick | M² | 63.00 | 297.00 | | | | |
| | C.C 1:2:4 | M³ | 15.00 | 11225.00 | | | | |
| | Providing & fixing of Steel window, door | Kg | 210.00 | 145.00 | | | | |
| | Painting room | M² | 75.00 | 101.00 | | | | |
| | Painting of steel door window | M² | 27.00 | 205.00 | | | | |
| | Wiring Point for light | Job | 5.00 | 614.00 | | | | |
| | Wiring Point for Fan | Job | 2.00 | 492.00 | | | | |

ये निविदा प्रपत्र दिनांक:12.03.2026 से दिनांक:16.03.2026 सायं 05.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लिफ्ट सिंचाई खण्ड अयोध्या, से ऐसे निविदा दाता जो निविदा की नियम व शर्तें पूरी करते हो निर्धारित शुल्क जमा कर एवं वांछित अभिलेखों की मूल प्रतियां एवं सत्यापित छायाप्रति प्रस्तुत करने पर निविदा प्राप्त कर सकते है। दिनांक:17.03.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक आंमत्रित की जाती है। जो कि उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, लिफ्ट सिंचाई खण्ड अयोध्या के कार्यालय में गठित निविदा समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों / उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेंगी।

UP - 247612 दिनांक: 09/03/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(शिव कुमार गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता

# कार्यालय नगरपालिका परिषद जलालपुर अम्बेडकरनगर

पत्रांक: 1226 न0पा0परि0ज0/नीलाम सूचना / 2025–26 दिनांक – 10/03/2026

**टैक्सी,टैम्पो, बस स्टैण्ड नीलामी सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 (01–04–2026 से 31–03–2027) हेतु नगर पालिका परिषद जलालपुर अम्बेडकरनगर सीमान्तर्गत टैक्सी, टैम्पो, बस स्टैण्ड की नीलामी दिनांक 24–03–2026 को प्रातः 01 बजे दिन में नगर पालिका परिषद जलालपुर कार्यालय सभागार में सम्पन्न होगी, यदि किन्ही कारणो से नीलामी उक्त तिथि को नहीं होती है, तो पुनः नीलामी दिनांक–25–03–2026 को अपरान्ह 01 बजे की जायेगी ।उक्त तिथि को नीलामी पूर्ण न हो पाने के कारण पुनः दिनांक 27–03–2026 को 01 बजे होगी ।इच्छुक व्यक्ति को नीलामी में भाग लेने हेतु दिनांक 23–03–2026 को प्रातः 10 बजे से 01 बजे अपरान्हन तक रू0–1,00,000.00 (एक लाख रुपया) नकद बतौर जमानत धनराशि तथा जिला मजिस्ट्रेट महोदय अम्बेडकर नगर द्वारा हस्ताक्षरित रुपया तीन लाख का हैसियत प्रमाण–पत्र तथा चरित्र प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। बोली समाप्त होने के तुरन्त बाद अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को बोली का 1/3 धनराशि नकद जमा करना अनिवार्य होगा। किसी भी बोली को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित है ।

**नीलामी की शर्ते निम्नवत है–**

1. यह ठेका नगर पालिका सीमान्तर्गत सार्वजनिक मार्गो पर जीप, टैम्पों, बस, मिनी बस इत्यादि वाहनो से शुल्क वसूल करने के संबंध में है ।
2. यह ठेका वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिये है।
3. ठेके की नीलामी में वही लोग भाग ले सकते है जिन्होने उप नियमों के अनुसार 1,00,000.00 (एक लाख रुपया) जमानत धनराशि तथा वांछित हैसियत प्रमाण पत्र व चरित्र प्रमाण–पत्र जमा किये हों ।
4. बोली समाप्त होने के बाद सर्वाधिक बोली की 1/3 धनराशि तत्काल जमा करना आवश्यक है तथा शेष 2/3 धनराशि तीन समान किश्तो में दिसम्बर 2026 तक जमा करना अनिवार्य होगा ।
5. वांछित धनराशि उपरोक्तानुसार जमा न करने पर ठेका निरस्त किया जा सकता है और पुनः नीलामी की कार्यवाही की जा सकती है ।
6. बोली स्वीकृत होने के पश्चात निर्धारित मूल्य के जनरल स्टाम्प पर नगर पालिका से अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा ।
7. पुनः नीलामी किये जाने पर यदि पालिका को क्षति होती है तो उसकी प्रतिपूर्ति ठेकेदार से की जायगी।
8. वाहनों से शुल्क पालिका द्वारा निर्धारित दरों पर ही लिया जायेगा ।

9– ठेकेदार द्वारा विभिन्न गन्तव्य स्थानों के खड़े वाहनों के लिये टोकन की व्यवस्था की जायेगी जिस वाहन को टोकन मिलेगा वही सवारियाँ बैठायेगा ।

10– ठेकेदार नगर पालिका द्वारा अनुमोदित रसीदे ही प्रयोग में लायेगा पड़ाव अड्डा पर केवल परिवहन विभाग द्वारा निर्गत परमिट अथवा लाइसेंस प्राप्त वाहनों को ही खड़ा करने की अनुमति दी जायेगी ।

11– नगर पालिका द्वारा घोषित कोई भी बकायेदार नीलामी में भाग नहीं ले सकेगी 12– नगर पालिका की उपविधियों तथा उपरोक्त शर्तो का उल्लंघन करने पर ठेका निरस्त कर जमानत धनराशि जब्त की जा सकती है तथा ठेका निरस्त किया जा सकता है।

13– नीलामी में भाग लेने वाले बोलीदाता सरकारी नीलामी से अधिक की बोली में एक बार में 50 हजार रुपये से अधिक एवं 5 हजार रुपये से कम की नीलामी धनराशि नही बोल सकते है।

14– नगर पालिका परिषद जलालपुर किसी प्रकार की दैविक आपदा से हुई, किसी प्रकार की क्षति के लिये, किसी प्रकार की प्रतिपूर्ति के लिये जिम्मेदार नही है।

15– नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों जो कि अभिलेख के अनुसार योग्य है। उनके अतिरिक्त अन्य कोई प्रतिनिधि / सहयोगी बोली में भाग नही ल सकता।

16– नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति द्वारा किसी प्रकार का संवाद किसी प्रकार के दूर संचार संयत्र का प्रयोग तब तक नहीं किया जायेगा जब तक किया जायगा जब तक कि नीलामी की कार्यवाही सम्पन्न नहीं हो जाती है।

17– नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों को किसी प्रकार के अस्त्र शस्त्र को लेकर नीलामी में भाग लेने की अनुमति नही होगी।

18– किसी भी पार्किग स्थल का संशोधन परिवर्तन/परिर्वधन करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा ।

19–नीलामी में वही ठेकेदार भाग लेगा जिसे नगर पालिका एवं शासन द्वारा समय समय पर दिये गये आदेश/निर्देश का पालन करना स्वीकार होगा ।

20–ठेकेदार द्वारा यदि वसूली में किसी प्रकार की अनियमितता पाई गई तो उसका ठेका निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा ।

21– ठेकेदार द्वारा वाहनो को निकाय द्वारा निर्धारित पार्किग स्थल पर ही खड़ा कराया जायेगा ।

22–यह कि ठेकेदार का ठेका स्वीकृत होने के बाद जिन कर्मचारियो का वसूली हेतु लगाया जायेगा, उनका फोटो के साथ आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करना अनिवार्य होगा ।

23–शासन द्वारा टैक्सी स्टैण्ड के संबंध में समय समय पर जारी शासनादेश व कार्यालय आदेश का पालन करना अनिवार्य होगा ।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद जलालपुर**
**अम्बेडकर नगर ।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद जलालपुर**
**अम्बेडकर नगर ।**

# कार्यालय आदर्श नगर पालिका परिषद, बलरामपुर

पत्रांक: 1831/न0पा0 परि0 (बल) / 2025–26 दिनांक– 10–03–2026

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना**

समस्त ठेकेदारों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.02.2026 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में 15वें वित्त आयोग निधि के अन्तर्गत वर्ष 2025–26 हेतु Non-Million Plus cities के लिए बुनियादी अनुदान (Untied Grant) एवं निर्दिष्ट अनुदान (Tied Grant) की प्रथम किश्त, द्वितीय किश्त की धनराशि के रूप में प्राप्त अनुदान से नगर पालिका परिषद, बलरामपुर में प्रस्तावित कार्यो को कराये जाने का अनुमोदन प्राप्त हुआ है व नगर पालिका परिषद, बलरामपुर द्वारा कान्हा गौशाला के लिय भूसा चारा आदि की आपूर्ति तथा बोर्ड फण्ड से सेवकरामपुरवा में स्थित कान्हा गौशाला में ईट बिछाने का कार्य किया जाना है। तत्क्रम में उपरोक्त स्वीकृत कार्यो को कराये जाने हेतु निविदा/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। समस्त ठेकेदारों को निविदा हेतु 02 प्रतिशत अग्रिम जमानत धनराशि जमा करना अनिवार्य है।

निविदा दिनांक–11.03.20 से दिनांक–20.03.2026 तक समय प्रातः 11:00 बजे तक कार्यदिवस पर कार्यालय में रखे निविदा बॉक्श में निविदा डाली जा सकती है। उक्त तिथियों में कार्यालय नगर पालिका परिषद, बलरामपुर में किसी भी कार्यदिवस में निविदा प्रपत्र का शुल्क जमा करके निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 18.03. 2026 को अपरान्ह 12:00 बजे अध्यक्ष महोदय के कक्ष मे अध्यक्ष महोदय तथा अधिशासी अधिकारी के समक्ष निविदा खोली जायेगी, निविदा खोलते समय निविदादाता उपस्थित रह सकते है।

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (जी0एस0टी0 सहित) | जमानत धनराशि (02 प्रतिशत) | निविदा मूल्य (जी0 एस0 टी0 सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0 3 खलवा दक्षिणी अंकित मिश्रा के मकान से मदनमोहन के मकान तक गली में इण्टरलाकिंग नाली व स्लैब का निर्माण कार्य। | 156941.00 | 3139.00 | 190.00 | 06 माह |
| 2 | वार्ड नं0 5 विशुनीपुर रिजर्व में धर्मपुर में जमाल के मकान से विनोद चौहान के मकान होते हुये बिहारी के हाता तक सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 310000.00 | 6200.00 | 370.00 | 06 माह |
| 3 | वार्ड नं0 9 भगवतीगंज उत्तरी में गोण्डा रोड के किनारे श्री भगवान विश्वकर्मा मन्दिर के सामने इण्टरलाकिंग लगाने का कार्य। | 98642.00 | 1973.00 | 120.00 | 06 माह |
| 4 | वार्ड नं0 9 भगवतीगंज उत्तरी में गोण्डा रोड के किनारे वारिस अली के दुकान के सामने इण्टरलाकिंग कार्य। | 102692.00 | 2054.00 | 125.00 | 06 माह |
| 5 | वार्ड नं. 10 टेढ़ी बाजार में विपिन मिश्रा के मकान सें मोनू शुक्ला के मकान तक गली में सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 141247.00 | 2825.00 | 170.00 | 06 माह |
| 6 | वार्ड नं0 12 खलवा उत्तरी में धर्मेन्द्र शुक्ला के मकान के पास शिव जी मन्दिर से राजकुमार के मकान तक गली में सी0सी0 कार्य। | 68646.00 | 1373.00 | 85.00 | 06 माह |
| 7 | वार्ड नं0 12. खलवा उत्तरी में गोरख प्रसाद श्रीवास्तव के मकान से शिव कुमार द्विवेदी के मकान तक गली में सी0सी0, नाली व स्लैब का निर्माण कार्य। | 141000.00 | 2820 | 170.00 | 06 माह |
| 8 | वार्ड नं0 14 बस स्टेशन में पद्म श्री बेकल उत्साही मार्ग लिंक, राजेश सक्सेना के मकान के बगल गली में सी0सी0 कार्य। | 84782.00 | 1696.00 | 105.00 | 06 माह |
| | **निर्दिष्ट अनुदान (Tide Grant) प्रथम एवं द्वितीय किश्त** | | | | |
| 9 | जनपद बलरामपुर मुख्यालय पर अचलापुर वेट–वेस्ट तक लाइन विस्तार का कार्य हेतु। | 739000.00 | 14780.00 | 875.00 | 06 माह |
| 10 | नार्मल पानी टंकी परिसर में कर्मचारी आवास मरम्मत का कार्य। | 70000.00 | 1400.00 | 85.00 | 06 माह |
| 11 | वार्ड नं0 6 पहलवारा में कैलाश कुमार द्विवेदी के मकान से अश्वनी कुमार त्रिपाठी के मकान, रमेश चन्द्र के मकान होते हुए सी0पी0 श्रीवास्तव के मकान तक नाली व स्लैब का निर्माण कार्य। | 232683.00 | 4654.00 | 275.00 | 06 माह |
| 12 | वार्ड नं0 2 तुलसीपार्क में गुप्ता डिजिटल एक्स–रे/मुरादाबादी चिकन बिरयानी सेंटर के सामने नाला पर आर0सी0सी0 स्लैब का निर्माण कार्य। | 55552.00 | 1111.00 | 70.00 | 06 माह |
| 13 | वार्ड नं0 4 नई बस्ती में काली माई थान तिराहा के पास रफीक बैट्री सर्विस शॉप के सामने नाला मरम्मत व स्लैब का निर्माण कार्य। | 53154.00 | 1064.00 | 65.00 | 06 माह |
| 14 | वार्ड नं0 4 नई बस्ती में राजू के मकान के सामने शिव जी मन्दिर के पास सी0सी0 कार्य। | 175851.00 | 3517.00 | 210.00 | 06 माह |
| 15 | छोटे वाहनों का मरम्मत कार्य | 593220.00 | 11864.00 | 705.00 | 06 माह |
| 16 | बडे वाहनों का मरम्मत कार्य | 677966.00 | 13559.00 | 800.00 | 06 माह |
| 17 | कार्यालय नगर पालिका परिषद, बलरामपुर में अधिशासी अधिकारी कक्ष में बाथरूम का निर्माण, फ्लोर पर टाइल लगाने, वॉल पैनलिंग का कार्य, अध्यक्ष कक्ष में फ्लोर पर टाइल लगाने तथा कार्यालय पेटिंग का कार्य। | 805085.00 | 16102.00 | 955.00 | 06 माह |
| 18 | नगर पालिका परिषद बलरामपुर सीमान्तर्गत् वीर विनय चौराहा के पास महेश मेडिसिन के सामनें सी0सी0, तुलसीपुर रोड के किनारे, नगर पालिका मोड़ पर सी0सी0 तथा नगर पालिका कार्यालय के पास क्रास ड्रेन के आंशिक भाग में सी0सी0 रैम्प का कार्य। | 126804.00 | 2537.00 | 150.00 | 06 माह |
| 19 | राजकीय कालोनी बहादुरापुर के पास अवशेष भाग में गोण्डा रोड के किनारे सौन्दर्गीकरण का कार्य। | 164406.00 | 3288.00 | 195.00 | 06 माह |
| 20 | नगर पालिका परिषद बलरामपुर सीमान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर बैरियर लगाने का कार्य। | 656841.00 | 13137.00 | 780.00 | 06 माह |
| 21 | आदर्श नगर पालिका सीमान्तर्गत स्थित वॉटर ए0टी0एम0 और वॉटर कूलर के पास सी0सी0 जाली पेंटिग, वेयस्टेड पानी को उचित जगह ले जाने का कार्य। | 483213.00 | 9664.00 | 575.00 | 06 माह |

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | निधि का नाम | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि 02% | निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सेवकरामपुरवा में स्थित कान्हा गौशाला में ईट बिछाने का कार्य। | बोर्ड फण्ड | 820000.00 | 16400.00 | 970 |

**नगर पालिका परिषद, बलरामपुर द्वारा कान्हा गौशाला हेतु भूसा चारा हेतु कोटेशन आमन्त्रण**

| क्रं0सं0 | आपूर्ति विवरण | दरें |
|---|---|---|
| 1 | कान्हा गौशाला के निराश्रित गौवंशो हेतु भूसा आपूर्ति का कार्य। | रू0 प्रति किग्रा में। |
| 2 | कान्हा गौशाला के निराश्रित गौवंशो हेतु हरा चारा आपूर्ति का कार्य।(चरी) | रू0 प्रति किग्रा में। |
| 3 | कान्हा गौशाला के निराश्रित गौवंशो हेतु चूना चोकर आपूर्ति का कार्य।(भूसा, भेली, पॉलिश, पशु आहार, खरी, नमक) | रू0 प्रति किग्रा में। |

**नियम एवं शर्ते**

1. निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा शुल्क तथा 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि इण्टरनेट बैंकिंग / NEFT/RTĞ पालिका के भारतीय स्टेट बैंक शाखा बलरामपुर खाता संख्या 11068756241 आई0एफ0एस0सी0 कोड SBIN0000019 में जमा करने व जमा पर्ची निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा अथवा 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि का FDR अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बलरामपुर के पक्ष में बनाकर निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। 2. जमानत धनराशि की वापसी कार्य संतोषजनक स्थित में बने रहने की स्थिति में अन्तिम भुगतान के 12 माह के पश्चात तकनीकि अधिकारी की आख्या पर वापस की जा सकेगी। उक्त अवधि में किसी भी प्रकार की खराबी आने की दशा में ठेकेदार को अपने व्यय पर ठीक कराना होगा। 3. निविदादाता को अपनी निविदा के साथ टी–4, टी–5 नियमानुसार जमा करना अनिवार्य होगा। 4. सम्बन्धित कार्य के सम्बन्ध में अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। 5. निविदा डालते समय 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि के अतिरिक्त कार्यादेश प्राप्त होने के उपरान्त 08 प्रतिशत धरोहर धनराशि जमा करना अनिवार्य होगा। 6. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा में सम्मिलित कार्यो की अवधि में तर्क संगत आधार होने पर नियमानुसार वृद्धि की जायेगी। अपूर्ण अथवा सही ढंग से न भरी गयी निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी। 7. कार्य निर्धारित समय के अन्दर बिना कारण पूर्ण न करने पर नियमानुसार आर्थिक दण्ड लगाया जायेगा। जिस पर कटौती ठेकेदार के बिल में अथवा जमा धनराशि से की जायेगी। यह दण्ड दो सप्ताह तक अधिकतम रू0 500/–प्रतिदिन तक हो सकता है। दो सप्ताह पश्चात कार्य की निविदा निरस्त करने की कार्यवाही की जा सकती है। 8. सक्षम अधिकारी/अधिशासी अधिकारी को विशेष परिस्थितियों में आवश्यकतानुसार दण्ड आरोपित करने अथवा बिना कोई दण्ड आरोपित किये समय वृद्धि करने का अधिकार होगा। 9. किसी विवाद की दशा में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बलरामपुर का अन्तिम निर्णय होगा, जो उस पक्ष को मान्य होगा तथा कार्यादेश जारी करने के पश्चात कार्य न करने पर जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 10. ठेकेदार के बिल से शासन के निर्देशानुसार देय करों की नियमानुसार कटौती की जायेगी जो ठेकेदार को मान्य होगा। नियमानुसार स्टाम्प पर भुगतान से पूर्ण अनुबन्ध सम्पन्न कराया जाना अनिवार्य होगा। 11. निविदा क्रय की रसीद, चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र व समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां आदि वांछित अभिलेख बंद लिफाफे में निर्धारित तिथि तक कार्यालय नगर पालिका परिषद बलरामपुर में प्रस्तुत करना है। 12. निविदादाता द्वारा विभागीय लागत से कम लागत की निविदा डालने की दशा में शासनादेश संख्या–14/2024/692/30.07.2024 लो0नि0वि0, अनुभाग–7 लखनऊ दिनांक–09 अगस्त 2024 के कॉलम 2 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाताओं की निर्विदत लागत, स्वीकृति (बी0ओ0 क्यू0) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 01 प्रतिशत प्रति प्रतिशत की कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेंश सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्धन गठन के समय जमा कराया जायेगा। 13. ठेकेदार को निर्धारित समय में आगणन की विशिष्टियों के अनुरूप कार्य पूर्ण करना होगा। पूर्ण कार्य होने पर पालिका में धन उपलब्ध होने की दशा में नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। पालिका में धन न होने पर ठेकेदार भुगतान हेतु धन की मांग/मा0 न्यायालय की शरण में नहीं जायेगा। 14. उ0प्र0 सरकार द्वारा लागू जी0एस0टी0 एवं अन्य कर नियमानुसार देय होगा। 15. किसी भी शर्त का उल्लंघन करने पर निविदा पर विचार करना सम्भव नहीं होगा। 16. निविदा स्वीकृत उपरान्त 07 दिन के अन्दर स्वयं के खर्चे पर स्टाम्प पर अनुबन्ध करना होगा, यदि कार्य का अनुबन्ध नहीं कराया जाता है तो धनराशि जब्त कर कार्य निरस्त कर दिया जायेगा, जिस पर कोई दावा मान्य नहीं होगा। 17. राज्य स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा नियम डिसप्ले बोर्ड पर योजना का पूर्ण विवरण कार्यदायी संस्था का नाम एवं कार्य पूर्ण होने की सम्भावित तिथि व कार्य प्रारम्भ तिथि आदि का उल्लेख किया जायेगा। 18. किसी भी दशा में निविदा शुल्क वापस नहीं किया जायेगा। 19. अधोहस्ताक्षरी द्वारा निविदा को अस्वीकृत करने तथा निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। 20. प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग टेण्डर की धनराशि बैंक में जमा की जायेगी।

**लाल चन्द मौर्य**
**अधिशासी अधिकारी आदर्श**
**नगर पालिका परिषद, बलरामपुर**

**डॉ0 धीरेन्द्र प्रताप सिंह ''धीरू''**
**अध्यक्ष आदर्श**
**नगर पालिका परिषद, बलरामपुर**

# अमृत विचार

बुधवार, 11 मार्च 2026






मनुष्य को वाणी की जो देन मिली है, वह बड़ी भारी शक्ति है। वह दुनिया को बनाने वाली तीसरी ताकत है।

–विनोवा भावे, संत

## तेल संकट की धार

अमेरिका द्वारा भारत को रूसी तेल की खरीद के लिए 30 दिन की छूट के पीछे हमारे प्रति सदाशयता का प्रदर्शन अथवा कोई दयानतदारी नहीं है। अमेरिका चाहता है कि तेल लेकर समुद्र में खड़े रूसी टैंकर उसके प्रतिद्वंद्वी चीन की तरफ रुख करें, इससे पहले यह तेल भारत की रिफाइनरियों में पहुंच जाए और फिर शोधित होकर उन देशों के पास जाएं, जो तेल के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। बेशक तेल संकट से परेशान देश कहीं न कहीं इस आफत के लिए अमेरिका को भी जिम्मेदार मानेंगे और इससे उसकी साख गिरेगी। सो अमेरिका ने अपने हित में यह फैसला लिया है।

यह बात उसकी इस चेतावनी से ही साफ है कि यह अल्पकालिक और व्यावहारिक प्रयास है, इसे रूसी तेल खरीद के बारे में अमेरिकी नीति के बारे में किसी बदलाव का संकेत न समझा जाए। असल में पश्चिमी एशिया में छिड़े संघर्ष के चलते उन देशों को जो तेल के बड़े उत्पादक है, उन्हें छोड़ कर संसार के तकरीबन सारे ऐसे देशों पर जो ईंधन या ऊर्जा का बेतरह इस्तेमाल करते हैं और इसके लिए वे आयात पर निर्भर हैं, तेल संकट गहराता जा रहा है। पाकिस्तान में तेल के दाम 55 रुपये फी लीटर बढ़ना, 50 फीसदी कर्मचारियों को घर से काम के आदेश और सरकार के मंत्रियों, सलाहकारों को एक महीने बिन वेतन भत्ते के रहने की सलाह तथा बांग्लादेश में कई बड़े संस्थानों में सप्ताह भर की बंदी और पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें, इसके नजदीकी गवाह हैं। सरकार ने कच्चे तेल के दाम 130 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने से पहले पेट्रोल, डीजल का दाम न बढ़ाने का फैसला लिया है, पर दाम अभी 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच चुका है, जल्द ही इसके 130 डॉलर प्रति बैरल भी पहुंचने की पूरी आशंका है, फिर घरेलू गैस और सीनजी के दाम भी अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में आसमान छू ही रहे हैं, तिसपर आपूर्ति भी बाधित है। देश के कई राज्यों में कामर्शियल सिलिंडर दुर्लभ है, तो साथ ही देश भर में घरेलू सिलिंडर की बुकिंग अवधि चार दिन बढ़ा दी गई है। यह सब इस बात का साफ संकेत है कि तेल का विकट संकट हमारे निकट भी आता जा रहा है, वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में 26 प्रतिशत से अधिक का उछाल और भारतीय शेयर बाजार में कोहराम भी यही कह रहा है।

यह जंग लंबी चली तो हमारा रिजर्व आखिर कब तक चलेगा? संकट बढ़ा तो हमें हर महीने सात से आठ अरब डॉलर का घटा झेलना पड़ेगा। फलस्वरूप मुद्रास्फीति, महंगाई बढ़ेगी, विदेशी मुद्रा का नुकसान होगा, राजस्व घाटा तथा चालू खाते का घाटा भी बढ़ेगा। भारत ने अपने आपूर्ति आधार को 27 से बढ़ाकर 40 देशों तक फैलाना, होर्मुज के अलाव अन्य रास्ते से तेल मंगाने की व्यवस्था किसी भी क्षेत्रीय संघर्ष के प्रभाव को कम करने के लिए एक मजबूत सुरक्षा घेरा प्रदान करता है। पर आसन्न संकट को देखते हुए संकट गहराने से पहले सरकार को चाहिए कि वह आवश्यक आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए गैर जरूरी खपत को नियंत्रित करने एवं खरीद और भंडारण के नए तरीके तलाशे।

### प्रसंगवश

## दुनिया के लिए स्वास्थ्य संकट बनता धूम्रपान

धूम्रपान के आदी मित्रों और परिजनों को धूम्रपान छोड़ने के लिए मदद पाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मार्च महीने के दूसरे बुधवार को 'नो स्मोकिंग डे' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 11 मार्च को मनाया जा रहा है। यह दिवस हर साल एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। नो स्मोकिंग डे 2026 का विषय 'धूम्रपान से मुक्त जीवन की शुरुआत एक धूम्रपान-मुक्त दिन से होती है' है। यह नारा धूम्रपान छोड़ने की दिशा में पहला कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह दिवस पहली बार 1984 में आयरलैंड गणराज्य में मनाया गया था।

गहन चिंतन का विषय है कि पिछले कई दशकों में दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों में यह प्रमाणित हो चुका है कि धूम्रपान हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है, लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास बच्चों को भी धूम्रपान करते देखते हैं, तो स्थिति बेहद चिंताजनक प्रतीत होती है। ऐसे बच्चों के मनो-मस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटता है और बच्चों पर तो इसका प्रभाव बहुत घातक होता है।




अतुल गोयल

लेखक


दुनियाभर में धूम्रपान के कारण हर साल 70 लाख से भी ज्यादा मौतें हो रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से एक पुरूष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। सिगरेट के धुएं में पोलिनियम 210, कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड, निकल, पाईरीडिन, बेंजीपाइरीन, नाइट्रोजन आइसोप्रेनावाइड, अम्ल, क्षार, निकोटीन, टार, जिंक, हाइड्रोजन साइनाइड, कैडमियम, ग्लायकोलिक एसिड, सक्सीनिक एसिड, एसीटिक एसिड, फार्मिक एसिड, मिथाइल क्लोराइड इत्यादि चार हजार से भी ज्यादा घातक रासायनिक तत्व विद्यमान होते हैं, जो मानव शरीर को विभिन्न प्रकार से नुकसान पहुंचाते हैं।

गर्भवती महिलाओं द्वारा धूम्रपान किए जाने से कम लंबाई और कम वजन के बच्चों का जन्म, बच्चों में अपंगता तथा बाल्यावस्था में ही घातक हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रतिदिन बीस सिगरेट तक पीने वाली गर्भवती महिला के बच्चे की मृत्यु होने की संभावना सामान्य के मुकाबले बीस फीसदी बढ़ जाती है, जबकि बीस से अधिक सिगरेट पीने पर यह खतरा पैंतीस फीसदी तक हो जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक किसी दूसरे के धूम्रपान के धुएं के प्रभाव से दिल के दौरे से होने वाली मौतों की आशंका तीस फीसदी बढ़ जाती है।

विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरुष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं, जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरुषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तंबाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# भारत की बढ़ती ताकत और अमेरिका की बयानबाजी






दिग्विजय सिंह

कानपुर


भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक जैसे संस्थानों को चौंकाया है। इसका परिणाम यह है कि आज दुनिया के तमाम देश भारत से कदम से कदम मिलाकर चलने और अपने संबंधों में सुधार लाने में लगे हुए हैं। यहां तक कि तमाम मंचों पर भारत का विरोध कर चुका चीन भी अपने व्यापारिक व अन्य रिश्तों को सुधारने की जी तोड़ कोशिश कर रहा है, लेकिन अगर कोई सबसे ज्यादा घबराया हुआ है, तो वह है अमेरिका। अमेरिकी उप विदेश सचिव क्रिस्टोफर लैंडौ ने नई दिल्ली में आयोजित रायसीना डायलॉग में अपनी इस घबराहट को जाहिर भी कर दिया। भारत से पहले ही चीन ने लैंडों के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देकर भारत के साथ खड़े होने के अपने इरादे को जाहिर कर दिया।

लैंडों का यह कहना कि अमेरिका, भारत को वैसी 'अनियंत्रित' आर्थिक छूट और बाजार पहुंच नहीं देगा, जैसी दो दशक पहले चीन को दी गई थी, जिसके चलते आज चीन, अमेरिका के एक प्रतिद्वंद्वी के रूप में उभरा है। अमेरिका को लगता है कि भारत रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन गया है। मेक इन इंडिया को बढ़ावा देकर रक्षा उत्पादों के खरीदार के साथ ही अब निर्यातक भी बन चुका है। तमाम क्षेत्रों में काम करने वाली मल्टीनेशनल कंपनियां मेक इन इंडिया के तहत भारत में अपने प्लांट लगा रही हैं।

> तेजी से बढ़ती भारत की अर्थव्यवस्था ने आईएमएफ और विश्व बैंक जैसे संस्थानों को चौंकाया है। दुनिया के तमाम देश भारत से कदम से कदम मिलाकर चलने और अपने संबंधों को सुधारने में लगे हैं।

भारत दुनिया का न सिर्फ बड़ा बाजार बन गया है, बल्कि बड़ा निर्यातक बनने की ओर भी अग्रसर है। ऐसे में अमेरिका की घबराहट स्वाभाविक है। पूरी दुनिया अब भारत की ओर हर मामले में देखती है, जो पहले कभी अमेरिका का मुंह देखती थी। वर्ष 2000 में तो चीन को परमानेंट नॉर्मल ट्रेड रिलेशंस या मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा तक दे दिया। चीनी उत्पादों पर टैरिफ बहुत ही कम किए। वहां उत्पाद सस्ते होने की वजह से मांग बढ़ी और चीन ने अपने निर्यात को खूब बढ़ाया। अमेरिका ने 2001 में चीन को विश्व व्यापार संगठन का सदस्य भी बनवा दिया। इससे तो पूरी दुनिया में चीनी उत्पादों के लिए बाजार खुल गए और फिर उसके सस्ते उत्पाद पूरी दुनिया के बाजारों में भर गए। 2001 में चीन का निर्यात 24.4 लाख करोड़ रुपये था, जो 2010 तक 145 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। अमेरिकी कंपनियों ने सस्ते श्रम की वजह से चीन में अपने प्लांट लगाए।

अब अमेरिका के साथ ही दुनिया के तमाम देशों की बड़ी कंपनियां भारत में निवेश कर रही हैं। अमेरिका को लगता है कि कहीं ऐसा न हो कि उनके यहां से भी कंपनियां अपने कारोबार को समेट कर भारत न चली जाएं। यही वजह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर पहले 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया और फिर रूस से तेल कारोबार बंद करने की मांग पूरी न होने पर 25 प्रतिशत और टैरिफ लगाकर झटका दिया, हालांकि व्यापार समझौते पर सहमति के बाद टैरिफ को घटा तो दिया, लेकिन कड़ी शर्तें थोप दीं।

अमेरिका को डर है कि विभिन्न उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भर हो रहा भारत धीरे धीरे व्यावसायिक मोर्चे पर अमेरिका को पछाड़ रहा है। कुछ देश, जो अमेरिका से हथियार खरीदते थे, अब वे भारत से भी रक्षा सौदे कर रहे हैं। यही वजह है कि लैंडौ ने कहा है कि भारत के साथ अमेरिका काम तो करना चाहता है, लेकिन भारत को यह समझना होगा कि अमेरिका अपनी पुरानी गलतियों से सीख ले चुका है और चीन के साथ 20 साल पहले जो गलती की थी, अब वह उसे नहीं दोहराएगा।

भारत के साथ व्यापार समझौते में अमेरिका पूरी सावधानी बरत रहा है। अब वह अपने देश में भारत को बिना रोकटोक के पहुंच नहीं बनाने देगा। भारत को डेड इकोनॉमी कहने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की निगाह भारत के हर व्यापारिक कदम पर है। भारत ने यूरोपियन यूनियन से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया और अब कई और देशों से करने की तैयारी है। 30 से अधिक देशों से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हो चुका है। ऐसे में अमेरिका के थिंकटैंक भारत को लेकर चिंतित दिख रहे हैं। बढ़ती अर्थव्यवस्था की रफ्तार यदि ऐसी ही रही तो भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन सकता है।

उधर अमेरिका, भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था को लेकर चिंतित दिख रहा है, तो चीन ने दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने भारत के साथ अच्छे रिश्ते पर जोर दिया है और कहा है कि चीन और भारत के विकास के लिए आपसी भरोसा और सहयोग जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि टकराव की स्थिति न सिर्फ भारत-चीन बल्कि पूरे एशिया के विकास में अड़चन का सबब बनेगा। वांग यी का बयान दर्शाता है कि चीन अब भारत के साथ अपने रिश्तों को सुधारने को आतुर है।

इस बार ब्रिक्स की मेजबानी भारत के पास है, जबकि अगली मेजबानी चीन करेगा। ऐसे में चीन की मंशा है कि दोनों देश ब्रिक्स के आयोजन में एक-दूसरे का साथ मजबूती के साथ दें। उम्मीद की जा रही है कि संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थायी सदस्यता के लिए भारत का विरोध करने वाला चीन अब समर्थन कर देगा। चीन ने अब भारत का विरोध करना लगभग बंद कर दिया है। जब भी अमेरिका की ओर से भारत विरोधी बयान आते हैं, चीन की सरकार भारत के पक्ष में खड़ी हो जाती है। टैरिफ के मुद्दे पर भी चीन ने अमेरिका की आलोचना की थी।

चीन के बार-बार भारत के पक्ष में खड़े होने के मायने भी निकाले जा रहे हैं। विशेषज्ञों कहना है कि चीन अनायास ही भारत के साथ खड़ा नहीं हो रहा है। चीन चाहता है कि ब्रिक्स में तुर्की और पाकिस्तान की एंट्री हो जाए, लेकिन भारत इसके लिए तैयार नहीं है। पाकिस्तान तो भारत का दुश्मन है ही तुर्की भी भारत के लिए हर मौके पर विरोध करने का बहाना ढूंढता रहता है। ऐसे में भारत कभी नहीं चाहेगा की ब्रिक्स में चीन के दो सहयोगी राष्ट्र शामिल हों। दूसरे चीन भारत के साथ व्यापार में थोड़ी और सुगमता चाहता है।

### आमने सामने



ईरान के खिलाफ युद्ध जल्दी ही खत्म हो सकता है। इस युद्ध में अमेरिका काफी आगे चल रहा है। ईरान की सैन्य ताकत को तकरीबन खत्म कर दिया गया है। मुझे लगता है कि युद्ध लगभग खत्म हो चुका है, क्योंकि अब ईरान के पास कोई सेना नहीं है।

–डोनॉल्ड ट्रंप
राष्ट्रपति, अमेरिका

जंग का अंत हम तय करेंगे। इलाके के समीकरण और भविष्य की स्थिति अब हमारी सेना के हाथों में है। अमेरिकी सेना जंग खत्म नहीं करेगी। वह अब इस स्थिति में नहीं है। जंग खत्म करने का फैसला अब हमारी ओर से लिया जाएगा। अब चीजें पूरी तरह से हमारे पक्ष में हैं।

–मोजतबा खामेनेई
सुप्रीम लीडर, ईरान



# इंसानों को नौकरी पर रखने लगा एआई




राजेश जैन

वरिष्ठ पत्रकार


सदियों से इंसान मशीनों का मालिक रहा है। उसने मशीनें बनाईं, उन्हें काम सिखाया और उनसे उत्पादन करवाया, लेकिन अब इतिहास एक दिलचस्प मोड़ पर खड़ा है। पहली बार मशीनें या कहें कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंसानों को काम पर रखने लगा है। यह बदलाव जितना चौंकाने वाला है, उतना ही गहरे अर्थ लिए हुए भी है। वर्षों तक यह आशंका जताई जाती रही थी कि एआई इंसानों की नौकरियां छीन लेगा, लेकिन अब एक नया परिदृश्य उभर रहा है, जहां एआई खुद इंसानों को भुगतान कर रहा है और उनसे अपने लिए काम करवा रहा है।

हाल ही में शुरू हुए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म 'रेंट-ए-ह्यूमन' ने इस नई व्यवस्था को वास्तविक रूप दिया है। इस ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर पांच लाख से अधिक लोग अपनी सेवाएं देने के लिए जुड़ चुके हैं। इस प्लेटफॉर्म की सबसे खास बात यह है कि यहां कोई पारंपरिक नियोक्ता नहीं है। यहां मालिक एआई एजेंट हैं, जो इंसानों को ऐसे कामों के लिए नियुक्त कर रहे हैं, जिन्हें वे खुद नहीं कर सकते- जैसे बाजार जाकर सामान लाना, किसी जगह की फोटो लेना, किसी कार्यक्रम में शामिल होना या वास्तविक दुनिया में किसी चीज की पुष्टि करना।

> डिजिटल प्लेटफॉर्म 'रेंट-ए-ह्यूमन' में मालिक एआई एजेंट हैं, जो इंसानों को ऐसे कामों के लिए नियुक्त कर रहे हैं, जिन्हें वे खुद नहीं कर सकते।

इस प्लेटफॉर्म के पीछे 26 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर एलेक्जेंडर लिटेप्लो का विचार है। उन्होंने महसूस किया कि दुनिया में लाखों एआई एजेंट हैं, जो डिजिटल दुनिया में बेहद सक्षम हैं, लेकिन भौतिक दुनिया में उनकी उपस्थिति नहीं है। वे सोच सकते हैं, विश्लेषण कर सकते हैं, कोड लिख सकते हैं और निर्णय ले सकते हैं, लेकिन वे चल नहीं सकते, देख नहीं सकते और छू नहीं सकते। इसी कमी को पूरा करने के लिए 'रेंट-ए-ह्यूमन' का जन्म हुआ। इसकी टैगलाइन 'एआई कैंट टच ग्रास, यू कैन' इस नई व्यवस्था की सच्चाई को बेहद सरल तरीके से व्यक्त करती है।

दिलचस्प बात यह है कि लिटेप्लो ने इस प्लेटफॉर्म को खुद नहीं बनाया। उन्होंने एआई एजेंट्स को ही इसका निर्माण करने का काम सौंप दिया और खुद अर्जेंटीना में पोलो खेलने चले गए। जब वे घुड़सवारी कर रहे थे, तब उनके डिजिटल एजेंट इस प्लेटफॉर्म को विकसित कर रहे थे। यह उदाहरण इस बात का प्रतीक है कि एआई अब केवल सहायक नहीं रहा, बल्कि एक सक्रिय कार्यकर्ता बन चुका है।

इस नई व्यवस्था में पूरा सिस्टम एआई द्वारा संचालित होता है। एआई एजेंट खुद नौकरी का विज्ञापन देते हैं, उम्मीदवारों का चयन करते हैं और काम पूरा होने के बाद भुगतान करते हैं। इंसान को अपने काम का प्रमाण फोटो या वीडियो के रूप में देना होता है। एक बार एआई द्वारा सत्यापन हो जाने के बाद भुगतान क्रिप्टोकरेंसी या डिजिटल वॉलेट के माध्यम से कर दिया जाता है। भुगतान की सुरक्षा के लिए एस्क्रो सिस्टम का उपयोग किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि काम पूरा होने पर व्यक्ति को उसका पैसा मिल जाए।

इस प्लेटफॉर्म पर मिलने वाले काम कई बार बेहद अनोखे और दिलचस्प होते हैं। उदाहरण के लिए, वॉशिंगटन में एक एआई एजेंट ने एक व्यक्ति को प्रति घंटे 2700 रुपये देकर कबूतर गिनने का काम दिया। वहीं एक एआई, जो बैडमिंटन की रणनीति सीख रहा था, उसने प्रति घंटे 9000 रुपये देकर एक इंसान को अपना बैडमिंटन पार्टनर बनाया। टोरंटो के मिंजे कांग दुनिया के पहले व्यक्ति बने, जिन्हें एआई ने नौकरी दी। उनका काम केवल एक बोर्ड पकड़कर खड़ा होना था, जिस पर लिखा था- 'एआई ने मुझे यह बोर्ड पकड़ने के पैसे दिए हैं।' यह दृश्य केवल एक प्रयोग नहीं था, बल्कि भविष्य की एक झलक थी।

एआई द्वारा इंसानों को काम पर रखने की इस व्यवस्था का सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू यह है कि यह रोजगार के नए अवसर पैदा कर सकती है। खासतौर पर उन लोगों के लिए, जो फ्रीलांस या अंशकालिक काम करना चाहते हैं। अब केवल कंपनियां ही नहीं, बल्कि एआई एजेंट भी लोगों को काम दे सकते हैं। इससे रोजगार के स्रोत बढ़ सकते हैं।

यह मॉडल वैश्विक रोजगार के नए दरवाजे भी खोल सकता है। एक भारतीय युवा अमेरिका, यूरोप या किसी अन्य देश के एआई एजेंट के लिए काम कर सकता है, बिना उस देश में गए। इससे रोजगार का वैश्वीकरण और अधिक व्यापक हो सकता है। भारत जैसे देशों के लिए, जहां बड़ी संख्या में युवा रोजगार की तलाश में हैं, यह एक महत्वपूर्ण अवसर बन सकता है।

एआई और इंसान का यह संयोजन उत्पादकता को कई गुना बढ़ा सकता है। एआई रणनीति और विश्लेषण कर सकता है, जबकि इंसान उसे वास्तविक दुनिया में लागू कर सकता है। इससे काम तेजी से और अधिक प्रभावी तरीके से हो सकता है। इस नए मॉडल के साथ कई गंभीर खतरे भी जुड़े हुए हैं। सबसे बड़ा सवाल जवाबदेही का है। यदि कोई एआई किसी व्यक्ति को खतरनाक काम दे और उसमें कोई दुर्घटना हो जाए, तो जिम्मेदार कौन होगा? एआई की कोई कानूनी पहचान नहीं होती, इसलिए जवाबदेही तय करना मुश्किल हो सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## रहस्यमयी नींद

1871 की एक अजीब और रहस्यमय घटना है, 15 साल की एक लड़की एवेलिना कॉटन रात का खाना खाने के बाद सोने गई, लेकिन वह फिर कभी नहीं जागी।

डॉक्टरों ने उसकी जांच की। उसका दिल धड़क रहा था। उसकी सांसें चल रही थीं, लेकिन वह किसी भी चीज़ पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रही थी।


बीएन थॉट

ब्लॉगर


न दर्द पर। न आवाज़ पर। न छूने पर। ठंडा पानी डाला गया। तेज़ आवाज़ें की गई। यहां तक कि बिजली के झटके भी दिए गए, लेकिन कुछ भी काम नहीं आया।

दिन बीत गए। फिर हफ्ते हफ्ते महीनों में बदल गए और महीने सालों में।

एवेलिना सोती ही रही। वह मरी नहीं थी। वह कोमा में भी नहीं थी। बस जैसे किसी गहरी रहस्यमयी नींद में खो गई थी।

उसकी मां ने उम्मीद नहीं छोड़ी। हर दिन वह एवेलिना के बाल संवारतीं। उसके कपड़े बदलतीं। उससे ऐसे बात करतीं, जैसे उसकी बेटी सब सुन रही हो।

फिर 9 साल बाद... एक सुबह अचानक एवेलिना ने अपनी आंखें खोल दीं। उसने चारों तरफ देखा और लगभग एक दशक बाद अपने पहले शब्द कहे, "सब लोग इतने बूढ़े क्यों लग रहे हैं?" वह लड़की अपनी नींद के बारे में किसी को कुछ भी नहीं बता सकी। न उसे यह ही पता था कि वह इतनी लंबी नींद सोई थी।

उसके लिए तो सिर्फ एक रात ही बीती थी लेकिन दुनिया में 9 साल गुजर चुके थे। आसपास काफी कुछ बदल चुका था। लड़की आसपास हुए बदलाव को लेकर काफी दिनों तक असहज और अचंभित रही।

डॉक्टरों ने इस पूरे मामले को समझने की काफी कोशिश की लेकिन लाख कोशिशों के बावजूद आज तक इसे समझ नहीं पाए। उन्होंने उस लड़की से भी काफी गहन पूछताछ की। लड़की के दिमाग को न कोई नुकसान हुआ था। न कोई बीमारी। डॉक्टरों ने इसे नाम दिया— 'लंबी कैटाटोनिक नींद'

एक नाम लेकिन कोई असली जवाब नहीं।

आज भी यह घटना मेडिकल इतिहास के सबसे रहस्यमय मामलों में से एक मानी जाती है।

यह घटना हमें बताती है कि कभी-कभी हमारा शरीर यहीं पर रह जाता है और समय हमारे बिना ही आगे बढ़ जाता है।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## प्रशासनिक तंत्र पर जनता के मन में बढ़ता संदेह

हरियाणा के आईपीएस अधिकारियों की संपत्ति का विवरण सार्वजनिक होने के बाद एक बार फिर प्रशासनिक पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिकता पर व्यापक चर्चा शुरू हो गई है। जब जनता के सामने यह तथ्य आते हैं कि कानून-व्यवस्था संभालने वाले कई वरिष्ठ अधिकारियों के पास करोड़ों रुपये की संपत्ति है। जमीन, प्लॉट, मकान, फार्महाउस या अन्य निवेश, तो स्वाभाविक रूप से लोगों के मन में जिज्ञासा और सवाल दोनों पैदा होते हैं। यह सवाल केवल आंकड़ों का नहीं होता, बल्कि उस भरोसे का होता है जो जनता प्रशासन और शासन पर करती है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकारी पद केवल अधिकार का प्रतीक नहीं होता, बल्कि वह जिम्मेदारी और नैतिक आचरण का भी प्रतीक होता है। विशेष रूप से पुलिस और प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारी राज्य की शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे कानून लागू करते हैं, अपराध पर नियंत्रण रखते हैं और आम नागरिक के अधिकारों की रक्षा करते हैं। ऐसे में जब उनकी आर्थिक स्थिति चर्चा का विषय बनती है, तो जनता यह समझना चाहती है कि यह संपत्ति किस प्रकार अर्जित हुई, क्या यह पूरी तरह वैधानिक है और क्या इस पर निगरानी की कोई प्रभावी व्यवस्था मौजूद है?




डॉ. प्रियंका सौरभ

लेखिका


संपत्ति का विवरण सार्वजनिक करना निश्चित रूप से एक सकारात्मक कदम है। इससे शासन की पारदर्शिता बढ़ती है और नागरिकों को यह अधिकार मिलता है कि वे सत्ता से जुड़े लोगों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। लोकतंत्र का मूल सिद्धांत भी यही है कि सत्ता जनता से छिपी हुई नहीं होनी चाहिए। भारत में कई वर्षों से यह परंपरा रही है कि वरिष्ठ सरकारी अधिकारी अपनी चल-अचल संपत्ति का विवरण सरकार को देते हैं, लेकिन जब यह जानकारी सार्वजनिक होती है, तब उसका महत्व और बढ़ जाता है, क्योंकि तब समाज स्वयं भी उस पर नजर रख सकता है।

केवल आंकड़े सामने आ जाने से समस्या का समाधान नहीं हो जाता। असली प्रश्न यह है कि क्या इन विवरणों की गंभीरता से जांच भी होती है? क्या यह सुनिश्चित किया जाता है कि घोषित संपत्ति वास्तविकता से मेल खाती है? क्या आय के स्रोत पूरी तरह स्पष्ट हैं? यदि यह प्रक्रिया केवल एक औपचारिकता बनकर रह जाए तो पारदर्शिता का उद्देश्य अधूरा रह जाता है। पारदर्शिता तभी सार्थक होती है, जब उसके साथ जवाबदेही भी जुड़ी हो।

सरकारी सेवाओं में काम करने वाले सभी अधिकारियों को एक ही नजर से देखना उचित नहीं होगा। देश में अनेक ऐसे अधिकारी हैं, जिन्होंने ईमानदारी, सादगी और सेवा भावना की मिसाल कायम की है। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने कर्तव्य से समझौता नहीं किया। कई अधिकारी ऐसे भी हैं, जो वर्षों तक दूर-दराज के क्षेत्रों में काम करते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश करते हैं, इसलिए किसी भी चर्चा को संतुलित दृष्टि से देखना आवश्यक है। कुछ मामलों के आधार पर पूरे तंत्र को दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं होगा।

दूसरी ओर यह भी सच है कि पिछले कुछ दशकों में प्रशासनिक तंत्र को लेकर जनता के मन में संदेह बढ़ा है। भ्रष्टाचार के कई मामलों ने लोगों का भरोसा कमजोर किया है। जब आम नागरिक रोजमर्रा के कामों के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाता है, रिश्वत की शिकायतें सुनता है या व्यवस्था की जटिलताओं से जूझता है, तो उसके मन में यह भावना पैदा होती है कि कहीं न कहीं व्यवस्था में सुधार की जरूरत है। ऐसे माहौल में जब बड़े पैमाने पर संपत्तियों की खबर सामने आती है, तो संदेह और गहरा हो जाता है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।



# कला शिक्षा और सांस्कृतिक चेतना
## नई पीढ़ी के निर्माण की दिशा

पिछले दिनों लखनऊ स्थित 'लखनऊ पब्लिक वर्ल्ड स्कूल' द्वारा फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी के सहयोग से 'नन्हें हाथ, बड़ी रचनाएं' शीर्षक से एक रचनात्मक क्ले मॉडलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छोटे विद्यार्थियों को मिट्टी जैसे सहज और अभिव्यक्तिपूर्ण माध्यम से रचनात्मकता, कल्पनाशीलता तथा स्पर्श-आधारित सीखने की प्रक्रिया से जोड़ना था। कला शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार की कोई भी पहल केवल एक गतिविधि भर नहीं होती, बल्कि वे बच्चों के व्यक्तित्व विकास, संवेदनात्मक जागरूकता और सृजनात्मक सोच को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम भी बनती है।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

### बच्चों के समग्र विकास का आवश्यक हिस्सा



वास्तव में हाल के वर्षों में यह प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है कि विद्यालयों और महाविद्यालयों में स्थानीय स्तर पर कला एवं संस्कृति से जुड़े आयोजनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आज कला प्रदर्शनी, कला कार्यशालाएं, लोककला शिविर, संगीत एवं नाट्य आयोजन जैसे कार्यक्रम अब केवल बड़े सांस्कृतिक केंद्रों अथवा केवल महानगरों तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि छोटे शहरों और जिलों में भी सक्रिय रूप से आयोजित हो रहे हैं। एक ओर शिक्षा संस्थान अब यह समझने लगे हैं कि कला शिक्षा बच्चों के समग्र विकास का आवश्यक हिस्सा है, वहीं दूसरी ओर राज्य और केंद्र सरकार की सांस्कृतिक नीतियों ने भी इस दिशा में वातावरण तैयार किया है। उदाहरण के लिए बिहार में सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में सांस्कृतिक पदाधिकारी की नियुक्ति की पहल ने स्थानीय स्तर पर कला-सांस्कृतिक गतिविधियों को नई गति दी है। इन पदाधिकारियों की भूमिका केवल औपचारिक कार्यक्रम आयोजित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि वे स्थानीय कलाकारों, लोककलाओं और सांस्कृतिक परंपराओं को मंच उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप विभिन्न जिलों में लोक नृत्य, लोक संगीत, चित्रकला, शिल्प और नाट्यकला से जुड़े कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित हो रहे हैं। इससे जहां एक ओर स्थानीय कलाकारों व प्रतिभाओं को अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर समाज के विभिन्न वर्गों में कला के प्रति रुचि और संवेदनशीलता का विकास भी हो रहा है।

### महापुरुषों का दृष्टिकोण

भारतीय संदर्भ में कला और संस्कृति को राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रिया से अलग करके नहीं देखा जा सकता। इस संदर्भ में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद का दृष्टिकोण विशेष रूप से उल्लेखनीय है। वे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे और उनका मानना था कि किसी भी राष्ट्र की आत्मा उसकी संस्कृति में निहित होती है। अपने लेखों और भाषणों में उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भारत की सांस्कृतिक परंपराएं- चाहे वे लोक कलाओं में हों या शास्त्रीय कलाओं में हमारी राष्ट्रीय पहचान की आधारशिला हैं। उनका मानना था कि जब कोई समाज अपनी सांस्कृतिक जड़ों से कट जाता है, तो उसकी राष्ट्रीय चेतना भी कमजोर पड़ जाती है।

इसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने भी कला और संस्कृति को राष्ट्र के बौद्धिक और सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण आधार माना। उन्होंने कहा था कि किसी भी सभ्यता की वास्तविक पहचान उसकी कला, साहित्य और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों में दिखाई देती है। नेहरू के समय में ही अनेक राष्ट्रीय सांस्कृतिक संस्थानों की स्थापना हुई, जिनका उद्देश्य भारतीय कला और परंपराओं के संरक्षण तथा प्रसार को सुनिश्चित करना था। इसी प्रकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का मानना था कि भारतीय ग्राम्य जीवन में विकसित कला और शिल्प परंपराएं केवल सौंदर्यबोध की अभिव्यक्ति नहीं हैं, बल्कि वे समाज की आत्मनिर्भरता, श्रम-सम्मान और सांस्कृतिक स्वाभिमान की भी परिचायक हैं। इन विचारों के आलोक में देखा जाए, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि कला शिक्षा केवल सौंदर्यबोध विकसित करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज में संवेदनशीलता, रचनात्मकता और सांस्कृतिक चेतना को विकसित करने का भी महत्वपूर्ण साधन है। यदि बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही कला और संस्कृति से जोड़ा जाए, तो उनमें न केवल रचनात्मक सोच का विकास होता है, बल्कि वे अपने समाज और परंपराओं के प्रति भी अधिक जागरूक बनते हैं। इसी कारण आज यह आवश्यकता और भी अधिक महसूस की जा रही है कि प्राथमिक कक्षाओं से ही छात्रों में कला एवं संस्कृति के प्रति रुचि विकसित की जाए। चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत, नृत्य और लोकशिल्प जैसी गतिविधियों को विद्यालयी शिक्षा के साथ समन्वित करने से बच्चों को अपनी अभिव्यक्ति के विविध माध्यम मिलते हैं। इसके साथ-साथ वे भारतीय सांस्कृतिक विरासत से भी परिचित होते हैं। अंततः यह कहा जा सकता है कि कोई भी राष्ट्र अपनी कला और संस्कृति को अक्षुण्ण रखते हुए ही वैश्विक मंच पर सम्मानजनक उपस्थिति दर्ज करा सकता है।



ऐसे में विद्यालयों, सांस्कृतिक संस्थानों, स्थानीय समाज और सरकारों की यह साझा जिम्मेदारी बनती है कि वे कला शिक्षा को प्रोत्साहित करें और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने के लिए ठोस प्रयास करें। क्योंकि इस प्रयास में आयोजित छोटी-छोटी कार्यशालाएं और सांस्कृतिक गतिविधियां भविष्य में एक सशक्त सांस्कृतिक समाज की नींव तैयार करती हैं।

अनोखी परंपरा

## तोप की गूंज से मिलता सहरी का पैगाम




राजस्थान के अजमेर शहर में पवित्र रमजान माह के दौरान एक अनोखी और ऐतिहासिक परंपरा आज भी जीवित है। आधुनिक तकनीक और मोबाइल अलार्म के इस दौर में भी यहां सदियों पुरानी एक परंपरा लोगों को सहरी के लिए जगाने का काम करती है। जैसे ही रात गहराती है और शहर शांत नींद में डूब जाता है, तभी बड़ी पीर पहाड़ी की ओर से एक तेज और गूंजदार धमाके की आवाज सुनाई देती है। यह कोई सामान्य आवाज नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक तोप का धमाका होता है, जो रोजेदारों को सहरी के समय का संकेत देता है। तोप की यह आवाज सुनते ही शहर के कई इलाकों में लोग जाग जाते हैं और सहरी की तैयारी में लग जाते हैं।

यह परंपरा अजमेर की विश्व प्रसिद्ध अजमेर शरीफ दरगाह से जुड़ी हुई है। दरगाह परिसर के समीप स्थित बड़ी पीर पहाड़ी से रमजान के पूरे महीने हर रोज तोप दागी जाती है। इसकी गूंज दूर-दूर तक सुनाई देती है और यह आवाज रोजेदारों के लिए अलार्म का काम करती है। इस ऐतिहासिक जिम्मेदारी को निभाने वाली शख्सियत हैं फौजिया खान, जिन्हें अजमेर में लोग स्नेहपूर्वक 'तोपची' के नाम से जानते हैं। इस परंपरा की खास बात यह है कि इसे निभाने का जिम्मा एक महिला के हाथों में है, जो इसे और भी विशिष्ट बना देता है। फौजिया खान बताती हैं कि रमजान के दौरान मुसलमान सूर्योदय से पहले सहरी करते हैं और उसके बाद दिनभर रोजा रखते हैं, जो सूर्यास्त के समय इफ्तार के साथ खोला जाता है। सहरी का समय सीमित होता है, इसलिए लोगों को समय पर जगाने के लिए यह परंपरा शुरू की गई थी।

इतिहासकारों के अनुसार, तोप चलाने की यह परंपरा मुगल काल से चली आ रही है। उस समय घड़ियों और आधुनिक साधनों का अभाव था, इसलिए लोगों को समय का संकेत देने के लिए इस तरह के तरीके अपनाए जाते थे। अजमेर में यह परंपरा आज भी उसी श्रद्धा और अनुशासन के साथ निभाई जा रही है। दिलचस्प बात यह भी है कि अजमेर शरीफ दरगाह में होने वाली कई महत्वपूर्ण रस्मों की शुरुआत भी इसी तोप के धमाके से होती है। गरीब नवाज के उर्स के आगाज का संकेत भी इसी तोप की आवाज से दिया जाता है। प्रशासन और पुलिस की निगरानी में यह परंपरा हर वर्ष सुरक्षित रूप से निभाई जाती है। रमजान के दौरान अजमेर की यह परंपरा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि शहर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और इतिहास की जीवंत झलक भी प्रस्तुत करती है।

आर्ट गैलरी

## हजारों साल पुरानी रॉक पेंटिंग



'उत्तराखंड के अल्मोड़ा जनपद में अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ मार्ग पर नगर से 14 किलोमीटर आगे पेटशाल गांव में नदी के किनारे स्थित है - लखुडियार। लखुडियार का शाब्दिक अर्थ है 'एक लाख (लख) गुफाएं (उडियार)। यह एक प्रागैतिहासिक शैलाश्रय (रॉक शेल्टर) है, जो शैल चित्रण के लिए प्रसिद्ध है। माना जाता है कि यह शैल चित्र लगभग 6000 वर्ष पुराने हैं और उस समय के आदिमानव द्वारा इन विशाल शिलाओं में बनाए गए थे। लखुडियार की खोज 1968 में डॉ .एमपी जोशी ने की थी। इस खोज के बाद अल्मोड़ा जिले के फड़कनौली, कलामाटी, मल्ला पनेली आदि स्थानों पर भी रॉक आश्रयों की खोज की गई। ये शैलाश्रय भौगोलिक दृष्टि से कालामाटी- दीनापानी पर्वत श्रृंखला की पूर्वी दिशा में लगभग 15 किलोमीटर के दायरे में केंद्रित है। ये शैल चित्र उस समय के दैनिक जीवन, शिकार और सभ्यता को दर्शाते हैं। मुख्य सड़क से लगभग 25 मीटर अंदर सर्प के फन के समान आकृति की विशाल शिला में प्रागैतिहासिक मानव चित्रण कला का उत्कृष्ट अंकन मिलता है। चित्रों में अधिकांश मानव चित्रण के साथ साथ कहीं-कहीं पर पेड़ों तथा पशुओं की आकृति का चित्रण भी है। अलंकरण के लिए लहरदार रेखाओं और बिंदुओं का बखूबी इस्तेमाल किया गया है। लहरदार रेखाओं को इतिहासकार नदी की लहरों के रूप में पहचानते हैं, तो कुछ इसे सर्प की आकृति बताते हैं।



दीपक नौगांई
लेखक

यहां पर छतनुमा चट्टान फर्श से बहुत आगे निकली हुई है। स्थल को देखकर लगता है कि अग्रभाग लगभग चार-पांच मीटर टूट चुका है। इस शिला में अधिकतर चित्र गहरे गेरुए रंग में बने हैं। कहीं-कहीं पर हल्के काले और सफेद रंग से बने चित्र भी दिखाई देते हैं। चित्रों की विषय वस्तु में मुख्यतः पंक्तिबद्ध मानव, पशु, वृक्ष, ज्यामितीय नमूने और आखेटीय चित्र हैं। मानव आकृतियां पंक्तिबद्ध में एक दूसरे का हाथ पकड़े हुए चित्रित किए गए हैं। कहीं एक पंक्ति में दस तथा कहीं इससे कम मानव आकृतियां अंकित हैं। इसकी विशेषता यह है कि प्रथम मानव से अंतिम मानव एक दूसरे का हाथ पकड़े हुए छोटे होते जा रहे हैं। शिला में ऐसे चित्रण भी हैं, जहां पंक्तिबद्ध मानव एक दूसरे का हाथ नहीं पकड़े हुए हैं। प्रथम दृश्य में ये मानव अपने हाथ में कोई वस्तु धारण किए हुए हैं। संभवत यह आखेट का चित्रण है। लखुडियार के चित्रों में मानव तथा वृक्षों के चित्र समान आकृति के प्रतीत होते हैं। किंतु मानव आकृतियों में स्पष्ट रूप से गर्दन सहित शीर्ष बनाया गया है। कहीं-कहीं मानव आकृतियों में सिर पर पीछे की ओर लंबे बालों के जुड़े अथवा चोटी बनाई गई है। संभवतः यह नारी की आकृति है। इन शैल चित्रों को देखकर लगता है कि तत्कालीन मानव ने अभिव्यक्ति के लिए भाषा से पहले कला का प्रयोग किया होगा। लखुडियार में प्राप्त शैल चित्रण से स्पष्ट है कि कुमाऊं क्षेत्र प्रागैतिहासिक काल से ही मानव गतिविधियों का केंद्र रहा है। पुरातत्व विभाग ने 1992 में लखुडियार को अपने सरंक्षण में तो ले लिया, पर इसे सुरक्षित और सहेजकर रखने के कोई इंतजाम नहीं किए है। मानवीय हस्तक्षेप तथा प्राकृतिक कारणों से अधिकांश चित्रण धूमिल हो गए हैं। यह स्थान इतिहासविद और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण आकर्षण का केंद्र है, जो हमें पाषाण युग की कलात्मक अभिव्यक्ति से जोड़ता है। आज इस अद्भुत शैल चित्रण को संरक्षित और बचाने की जरूरत है।

लोकायन

## कलाबाजी, संगीत और आस्था का संगम

उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति में अनेक पारंपरिक नृत्य रूप शामिल हैं, जो यहां की आस्था, जीवनशैली और सामुदायिक उत्सवों को जीवंत बनाते हैं। इन्हीं में से एक है लांगवीर नृत्य, जो राज्य के टिहरी गढ़वाल क्षेत्र में विशेष रूप से प्रसिद्ध है। अपनी अनोखी शैली और रोमांचक प्रस्तुति के कारण यह नृत्य दर्शकों के लिए बेहद आकर्षक और यादगार अनुभव बन जाता है।

लांगवीर नृत्य की सबसे खास बात यह है कि यह सामान्य लोक नृत्यों से अलग एक प्रकार का कलाबाजी प्रधान नृत्य है। इसे परंपरागत रूप से केवल पुरुष कलाकार ही प्रस्तुत करते हैं। इस नृत्य की शुरुआत एक लंबे और मजबूत बांस के खंभे को जमीन में गाड़कर की जाती है। इसके बाद नर्तक बड़ी फुर्ती और कौशल के साथ उस खंभे पर चढ़ता है और ऊपर पहुंचकर अपनी नाभि के सहारे संतुलन बनाते हुए खड़ा हो जाता है। नर्तक का यह संतुलन ही इस नृत्य की सबसे चुनौतीपूर्ण और रोमांचक विशेषता है। खंभे के ऊपर पहुंचने के बाद कलाकार धीरे-धीरे अपने शरीर को संतुलित करते हुए गोल-गोल घूमता है और हाथ-पैरों की सहायता से विभिन्न कलाबाजी के करतब दिखाता है। यह दृश्य दर्शकों को रोमांच से भर देता है और नर्तक की शारीरिक क्षमता तथा अभ्यास का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। नृत्य के दौरान नीचे खड़े संगीतकार ढोल और दमाना जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्र बजाते हैं। इन वाद्यों की ताल और लय के साथ नर्तक अपने करतबों को और भी प्रभावशाली बना देता है।

लांगवीर नृत्य केवल मनोरंजन का माध्यम ही नहीं है, बल्कि इसका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी है। लोकमान्यता के अनुसार इस नृत्य का उद्देश्य नाटक, संगीत और कलाबाजी के माध्यम से देवताओं का मनोरंजन करना और उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करना है। इसलिए इसे अक्सर मेलों, पर्व-त्योहारों और धार्मिक आयोजनों के दौरान प्रस्तुत किया जाता है। खंभे के ऊपर पेट के बल संतुलन बनाते हुए घूमते कलाकार को देखना दर्शकों के लिए अत्यंत रोमांचक अनुभव होता है। यही कारण है कि लांगवीर नृत्य उत्तराखंड सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा बना हुआ है।





## प्रकृति का सूक्ष्म संगीत और चैत्र

चैत्र और वसंत के संधिकाल में जब प्रकृति अपने नवजीवन की आभा से भर उठती है, तब आम के वृक्षों पर आने वाले बौर एक अद्भुत सौंदर्य और सुगंध का संसार रच देते हैं। यह दृश्य केवल एक वृक्ष के फूलने का नहीं, बल्कि पूरे परिवेश के जाग्रत होने का संकेत है। आम के बौर, जो सूक्ष्म और कोमल पुष्पों के गुच्छों के रूप में शाखाओं पर झूलते दिखाई देते हैं, प्रकृति के उस सूक्ष्म सौंदर्य का प्रतीक हैं, जिसे देखने के लिए संवेदनशील दृष्टि और अनुभवशील मन की आवश्यकता होती है। डालियों पर फैले छोटे-छोटे पुष्पों का यह गुच्छा किसी कलाकार की सूक्ष्म रचना जैसा प्रतीत होता है। प्रत्येक कली और फूल जीवन की उस संभावना का प्रतीक है, जो आगे चलकर मीठे और रसपूर्ण फलों का रूप लेती है। यही कारण है कि भारतीय ग्रामीण जीवन में आम के बौर को केवल एक वनस्पतिक घटना नहीं माना जाता, बल्कि इसे समृद्धि और आशा के आगमन का संकेत भी समझा जाता है। आम के वृक्षों पर जब बौर आते हैं, तब वातावरण में एक विशिष्ट प्रकार की मादक सुगंध फैल जाती है। यह सुगंध इतनी सूक्ष्म होती है कि वह हवा के साथ बहते हुए धीरे-धीरे मन के भीतर तक उतर जाती है। ग्रामीण अंचलों में यह समय विशेष उल्लास का होता है, क्योंकि आम के बौर आने का अर्थ है कि प्रकृति अपने अगले मधुर फल की तैयारी कर रही है। किसान और ग्रामीण जन इसे आने वाले फलों की पहली आहट के रूप में अनुभव करते हैं। छोटे-छोटे फूलों से भरी यह शाखाएं यह भी बताती है कि प्रकृति की महानता उसकी विराटता में ही नहीं, बल्कि उसकी सूक्ष्मता में भी छिपी हुई है। भारतीय काव्य और लोकपरंपरा में आम के बौर का विशेष महत्व रहा है। कवियों ने इसे प्रेम, सौंदर्य और नवजीवन के प्रतीक के रूप में चित्रित किया है। लोकगीतों में भी बौराए आम का उल्लेख अक्सर मिलता है, जहां यह ऋतु के परिवर्तन और मन के उल्लास का संकेत बन जाता है। जब वसंत की बयार इन बौरों को हल्के से स्पर्श करती है, तब वे झूमते हुए मानो प्रकृति के संगीत पर थिरकने लगते हैं। इस प्रकार यह छोटा-सा बौर केवल एक फूलों का गुच्छा नहीं, बल्कि प्रकृति की उस चिरंतन प्रक्रिया का प्रतीक है, जिसमें हर वर्ष जीवन नए रूप में जन्म लेता है। यह हमें यह भी स्मरण कराता है कि हर नई शुरुआत पहले एक सूक्ष्म कली के रूप में ही जन्म लेती है और समय के साथ वह फलित होकर जीवन को मधुरता से भर देती है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 78,205.98 | 24,261.60 |
| बढ़त | 639.82 | 233.55 |
| प्रतिशत में | 0.82 | 0.97 |

सोना 1,64,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,79,275 प्रति किलो

अमृत विचार

लखनऊ, बुधवार, 11 मार्च 2026

www.amritvichar.com



बिजनेस ब्रीफ

## पांच साल में 36 नये मॉडल उतारेगा रेनो ग्रुप

**नयी दिल्ली।** वाहन निर्माता रेनो ग्रुप ने अगले पांच साल में 36 नये मॉडल उतारने की घोषणा की है। कंपनी ने मंगलवार को एक नयी रणनीतिक योजना 'फ्यूचरेडी' की घोषणा की जिसके तहत साल 2030 तक 36 नये मॉडल बाजार में पेश करने की योजाना है। इनमें 16 इलेक्ट्रिक वाहन और 14 अंतर्राष्ट्रीय बाजार के लिए बनाये गये वाहन होंगे। रेनो ग्रुप की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि फ्यूचरेडी के साथ कंपनी मानक यूरोपीय कार निर्माता बनना चाहती है। यह चार स्तंभों – विकास, प्रौद्योगिकी, उत्कृष्टता और विश्वास – पर आधारित होगा। यूरोप के अलावा कंपनी भारत, दक्षिण अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर भी फोकस कर रही है जो उसके प्रमुख बाजार हैं। कंपनी ने बताया कि उसका लक्ष्य 2030 तक 55 प्रतिशत वैश्विक बाजार में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करना है।

## एक्सईडी ने आईपीओ की तारीख आगे बढ़ाई

**नयी दिल्ली।** वरिष्ठ पेशेवरों को प्रशिक्षण प्रदान करने वाली कंपनी एक्सईडी एक्जिक्यूटिव डेवलपमेंट ने अपने 1.2 करोड़ डॉलर के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए पहले तय की गई छह मार्च की तारीख से बदलकर 16 मार्च कर दिया है। यह फैसला पश्चिम एशिया में अमेरिका, इज़राइल और ईरान से जुड़ी मौजूदा भू–राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण लिया गया है। कंपनी का 10 से 10.5 डॉलर प्रति शेयर के मूल्य दायरे वाला यह आईपीओ 16 मार्च को खुलकर 24 मार्च को बंद होगा। यह आईपीओ अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) के नियमों के तहत लाया जा रहा है।

## गुजरात में उद्योगों को गैस आपूर्ति में 50% कटौती

**अहमदाबाद।** पश्चिम एशिया संकट से गैस आपूर्ति को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच गुजरात सरकार ने घरेलू रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उद्योगों को होने वाली गैस आपूर्ति में 50 प्रतिशत तक कटौती कर दी है। गुजरात के ऊर्जा मंत्री ऋषिकेश पटेल ने मंगलवार को विधानसभा सत्र से पहले यहां संवाददाताओं से कहा कि राज्य और केंद्र सरकार मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी घर में रसोई गैस सिलेंडर की कमी न हो। उन्होंने कहा कि गैस की घरेलू खपत को प्राथमिकता देने के लिए कुछ औद्योगिक उपयोगों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि उद्योगों को मिलने वाली गैस आपूर्ति में 50 प्रतिशत तथा उर्वरक और दूध प्रसंस्करण क्षेत्रों के लिए गैस आपूर्ति में लगभग 40 प्रतिशत कटौती की गई है।

## एलपीजी का उत्पादन अधिकतम किया जाएगा : रिलायंस

**नयी दिल्ली।** उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज ने मंगलवार को कहा कि उसका विशाल जामनगर तेल रिफाइनरी परिसर रसोई गैस एलपीजी का उत्पादन अधिकतम करेगा। साथ ही बंगाल की खाड़ी के केजी–डी6 क्षेत्र से गैस को प्राथमिक क्षेत्र को उपलब्ध कराने के लिए मोड़ा जाएगा, ताकि भारतीय अर्थव्यवस्था को पश्चिम एशिया में युद्ध से होने वाले व्यवधानों से उबरने में मदद मिल सके। कंपनी ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब सरकार ने औद्योगिक उपयोगकर्ताओं के लिए एलपीजी आपूर्ति को घरेलू उपभोक्ताओं की ओर मोड़ दिया है, ताकि आम आदमी को पश्चिम एशिया में युद्ध के प्रभाव से सुरक्षित रखा जा सके।

# दिवाला, कंपनी कानून में बदलाव और एफडीआई नियम किये आसान

### केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले-मध्य प्रदेश में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के एक हिस्से को फोर लेन बनाने का प्रस्ताव भी मंजूर

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को एफडीआई, दिवाला-कंपनी कानून संशोधन और दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे के बदनावर–टिमरवानी खंड को 4 लेन का करने के प्रस्ताव को मंजूरी समेत कई बड़े फैसले किये। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) और कंपनी अधिनियम, 2013 में विभिन्न संशोधनों को मंजूरी दे दी गयी है। इन दोनों कानूनों को कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय लागू करता है। पिछले साल अगस्त में मंत्रालय ने लोकसभा में आईबीसी में संशोधन के लिए एक विधेयक पेश किया था। इस विधेयक में कई बदलाव प्रस्तावित किए गए थे, जिनका उद्देश्य दिवाला मामलों की प्रक्रिया को तेज करना और आवेदन स्वीकार करने में लगने वाले समय को कम करना है। इस विधेयक को लोकसभा की एक प्रवर समिति के पास भेजा गया था। समिति ने दिसंबर, 2025 में अपनी रिपोर्ट भी दे दी है। पिछले महीने वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि सरकार बजट सत्र के दूसरे भाग में आईबीसी (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करने चाहती है।

इसके अलावा एक अन्य फैसले में सरकार ने सरकार ने मंगलवार को चीन समेत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले सभी देशों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों को सरल बना दिया। सूत्रों ने कहा कि इस




संबंध में 2020 के प्रेस नोट-3 में संशोधन किया गया है। हालांकि, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसलों पर संवाददाताओं से बातचीत के दौरान इस संबंध में कोई घोषणा नहीं की। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने कहा की मंत्रिमंडल द्वारा आज ऐसी कोई घोषणा नहीं की गई। डीपीआईआईटी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की इकाई है जो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) से संबंधित मामलों को देखता है।

इस प्रेस नोट के तहत जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों के शेयरधारकों वाली विदेशी कंपनियों को भारत में किसी भी क्षेत्र में निवेश करने के लिए सरकार से अनिवार्य रूप से मंजूरी लेने की जरूरत है। भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देश चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमार और अफगानिस्तान हैं।

बता दें कि जून, 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आ गयी थी। इसके बाद भारत ने टिक टॉक, वीचैट और अलीबाबा के यूसी ब्राउजर जैसे 200 से अधिक चीनी मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि, भारत को चीन से बहुत कम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है, फिर भी दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में कई गुना वृद्धि हुई है।

इसके अलावा मध्य प्रदेश में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के एक हिस्से बदनावर-पेटलावद-थांदला-टिमरवानी खंड के 80.45 किलोमीटर लंबे मार्ग को चार लेन का बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। इस परियोजना की कुल लागत 3,839.42 करोड़ रुपये होगी और इसे सरकार और निजी कंपनियों की साझेदारी में पूरा किया जाएगा।

### जेवर एयरपोर्ट से दिल्ली-एनसीआर की हाई स्पीड कनेक्टिविटी को मंजूरी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में जल्द शुरू होने वाले जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए सड़क संपर्क विकसित करने को 3,630.77 करोड़ रुपये की कुल संशोधित पूंजीगत लागत को मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 31.42 किलोमीटर लंबी यह प्रस्तावित परियोजना और इसका गलियारा दक्षिण दिल्ली, फरीदाबाद और गुरुग्राम से हवाई अड्डे तक सीधा और तीव्रगामी संपर्क प्रदान करेगा। इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आर्थिक विकास और लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ावा मिलेगा।

## अखबारी कागज की गुणवत्ता, मानकों पर आईएनएस चिंतित

**नयी दिल्ली,एजेंसी।** इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी (आईएनएस) ने मंगलवार को घरेलू अखबारी कागज की गुणवत्ता और मानकों को लेकर चिंता व्यक्त की है। सोसाइटी ने कहा कि जब तक देश में अखबारी कागज के उत्पादन की क्षमता अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नहीं हो जाती, तब तक भारत में अख़बारों के समय पर और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लिए कागज के आयात की जरूरत बनी रहेगी। आईएनएस के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने बताया कि उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग की 2024-25 की रिपोर्ट के अनुसार, देश में 123 अखबारी कागज मिलें हैं, जिनकी स्थापित क्षमता लगभग 22 लाख टन प्रति वर्ष है। लेकिन वास्तविक उत्पादन आंकड़े इस दावे से काफी कम हैं, जिससे घरेलू उपलब्धता पर्याप्त नहीं दिखाई देती।

# सकारात्मक विदेशी संकेतों से शेयर बाजारों में लौटी तेजी, सेंसेक्स 639 अंक उछला

### निफ्टी भी 233.55 अंक चढ़ा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के युद्ध जल्दी खत्म होने संबंधी बयान का असर

मुंबई, एजेंसी

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौट आयी। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 639.82 अंक (0.82 फीसदी) चढ़कर 78,205.98 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 233.55 अंक यानी 0.97 प्रतिशत ऊपर 24,261.60 अंक पर बंद हुआ। बीती 26 फरवरी के बाद छह कारोबारी दिवस में दोनों प्रमुख सूचकांक 5.7 प्रतिशत टूट गये थे। इस दौरान सिर्फ एक दिन बाजार में तेजी रही थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान युद्ध जल्द समाप्त होने संबंधी बयान के बाद वैश्विक स्तर पर सभी शेयर बाजारों में तेजी देखी गयी। घरेलू शेयर बाजारों पर भी इसका असर दिखा। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा लिवाली रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक



1.60 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.12 प्रतिशत की बढ़त में रहा। आईटी और तेल एवं गैस को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में तेजी रही। ऑटो, वित्त, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, बैंकिंग, रियलिटी, फार्मा, धातु, मीडिया और रसायन समूहों में लिवाली ज्यादा रही। एनएसई में कुल 3,304 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,544 के शेयर हरे और 673 के लाल निशान में रहे। अन्य 87 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे।

सेंसेक्स की कंपनियों में इंडिगो का शेयर 3.46 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 3.30 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक में 2.73, मारुति सुजुकी में 2.71, एशियन पेंट्स में 2.70, अल्ट्राटेक सीमेंट में 2.42, टाटा स्टील में 2.09 और एक्सिस बैंक में 2.07 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज फिनसर्व का शेयर 1.48 प्रतिशत, टाइटन का 1.47, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.41, बीईएल का 1.29, भारतीय स्टेट बैंक का 1.24, एचडीएफसी बैंक का 1.18 और पावरग्रिड का 1.08 प्रतिशत चढ़ गया।

आईटीसी, एलएंडटी, ट्रेंट और सनफार्मा के शेयर भी ऊपर बंद हुए। इटरनल में सबसे अधिक 1.50 प्रतिशत की गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर 1.43 प्रतिशत और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.08 प्रतिशत टूट गया। भारती एयरटेल और टीसीएस के शेयर भी लाल निशान में रहे।

वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 2.88 फीसदी, हांगकांग का हैंग सेंग 2.17 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.65 फीसदी की मजबूती में बंद हुए।

यूरोपीय बाजारों में जर्मनी का डैक्स फिलहाल 2.32 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 1.56 प्रतिशत ऊपर है।

### कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ युद्ध जल्द समाप्त होने के बयान के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में करीब पांच प्रतिशत की गिरावट रही और यह 100 डॉलर प्रति बैरल के नीचे आ गया। कच्चे तेल का मानक लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा 4.1 प्रतिशत टूटकर 94.20 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। अमेरिकी वेस्ट टेक्सस क्रूड 4.89 प्रतिशत उतरकर 90.3 डॉलर प्रति बैरल बोला गया। इससे पहले सोमवार को कच्चे तेल में जबरदस्त तेजी देखी गयी थी और एक समय यह 119 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया था। अमेरिका और इजरायल द्वारा 28 फरवरी को एक संयुक्त सैन्य अभियान में ईरान पर किये गये हमले के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। ईरान पर हमले और उसकी जवाबी प्रतिक्रिया के कारण पश्चिमी एशिया में इन दोनों गंभीर भू राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। इससे कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति और उत्पादन दोनों बाधित हुए हैं।

## अनुचित मूल्य निर्धारण से बचें जहाजरानी कंपनियां

मुंबई, एजेंसी

- नौवहन महानिदेशालय ने कंपनियों, पोत संचालकों और उनके एजेंटों को दी सलाह

पोत परिवहन क्षेत्र के नियामक डीजीएस ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न व्यवधानों के बीच जहाजरानी कंपनियों, पोत संचालकों और उनके एजेंटों को अनुचित, अपारदर्शी एवं अवसरवादी मूल्य निर्धारण से बचने की सलाह दी है। सूत्रों ने मंगलवार को जानकारी दी।

नौवहन महानिदेशालय ने सोमवार को जारी अपने परामर्श में यह भी कहा कि जहाजरानी कंपनियों को निर्यातकों, आयातकों और अन्य हितधारकों को सभी लागू शुल्कों के बारे में स्पष्ट रूप से और पहले से बताना होगा। यह परामर्श ऐसे समय जारी किया गया है जब नियामक को निर्यात-आयात व्यापार से जुड़े विभिन्न हितधारकों से कई अतिरिक्त शुल्क लगाने की शिकायतें मिली थीं।

डीजीएस के अनुसार, जहाजरानी कंपनियों, मालवाहकों और उनके एजेंटों द्वारा लगाए जा रहे कई सहायक शुल्क अपारदर्शी और अवसरवादी प्रकृति के माने जा रहे हैं, जिससे लॉजिस्टिक श्रृंखला में लेनदेन की लागत बढ़ जा रही है। नियामक ने कहा कि ये शुल्क मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध जैसी स्थिति का अनुचित लाभ उठाने के तरीके लग रहे हैं।

### द एनो-रेक्टल क्लीनिक के नए क्लीनिक का शुभारंभ

**लखनऊ, अमृत विचार।** महानगर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करते हुए द एनो–रेक्टल क्लीनिक के नवीन क्लीनिक का शुभारंभ किया गया। क्लीनिक का उद्घाटन मुख्य अतिथि



विनोद कुमार शाही, अपर महाधिवक्ता, उत्तर प्रदेश ने किया। डॉ संजय कुमार यादव की धर्मपत्नी डॉ वंदना यादव के साथ शहर के गणमान्य डॉक्टर एवं प्रतिष्ठित लोग भी उपस्थित रहे।

## अप्रैल–जून तिमाही में नियुक्तियां बढ़ने की उम्मीद

नयी दिल्ली, एजेंसी

- मैनपावरग्रुप के नवीनतम रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण की रिपोर्ट

मजबूत कारोबारी भरोसे और घरेलू मांग के दम पर भारतीय नियोक्ताओं ने इस साल की अप्रैल-जून तिमाही के लिए नियुक्तियों के इरादे में मजबूती दर्ज की है। मंगलवार को जारी एक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई।

मैनपावरग्रुप के नवीनतम रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण के अनुसार, साल 2026 की दूसरी तिमाही के लिए शुद्ध रोजगार परिदृश्य (एनईओ) 68 प्रतिशत के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया है। यह पिछली तिमाही से 17 अंक और पिछले साल की समान तिमाही से 24 अंक अधिक है। मैनपावरग्रुप इंडिया के प्रबंध निदेशक संदीप गुलाटी ने कहा कि ये आंकड़ा दोहरी वास्तविकता पेश करता है। एक तरफ नियुक्तियों का इरादा मजबूत है, वहीं दूसरी तरफ प्रतिभाओं की कमी भी बढ़ रही है। लगभग 82 प्रतिशत संगठनों ने अपनी जरूरत के अनुसार कौशल वाले लोग ढूंढने में कठिनाई की बात कही है।क्षेत्रवार प्रदर्शन में भारत में 'वित्त और बीमा' क्षेत्र 71 प्रतिशत के रोजगार परिदृश्य के साथ सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी बना हुआ है। इसके बाद संख्या के आधार पर वाहन, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं सूचना और प्रौद्योगिकी सेवाओं में सबसे ज्यादा नियुक्तियां होने का अनुमान है।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने निपटाये धोखाधड़ी के 645 करोड़ के दावे

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** निजी क्षेत्र के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने मंगलवार को कहा कि चंडीगढ़ की एक शाखा में सामने आए धोखाधड़ी मामले से जुड़े दावों का निपटान 645 करोड़ रुपये में कर दिया गया है। बैंक ने पिछले महीने बताया था कि चंडीगढ़ स्थित उसकी एक शाखा में हरियाणा सरकार के कुछ खातों से जुड़े मामलों में कुछ कर्मचारियों और अन्य लोगों द्वारा 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई थी। बैंक ने शेयर बाजार को दी नवीनतम सूचना में कहा कि पहले इस राशि का आकार 590 करोड़ रुपये रहने का अनुमान था लेकिन बाद में मिले दावों के आधार पर 645 करोड़ रुपये की मूल राशि का भुगतान किया गया है।

# काम बंद करने को मजबूर हो सकते हैं होटल–रेस्तरां

नयी दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कमी से जूझ रहे होटल कारोबारियों के संगठन ने मंगलवार को कहा कि अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो मुंबई के कई होटल और रेस्तरां को अगले दो दिनों में अपना कामकाज बंद करना पड़ेगा। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) के उपाध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने कहा कि पुणे, औरंगाबाद, नागपुर, दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से भी समस्याएं सामने आ रही हैं।

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच, सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित प्राकृतिक गैस के आवंटन की प्राथमिकता सूची में संशोधन किया है और एलपीजी उत्पादन को सीएनजी



और पाइप वाली खाना पकाने की गैस के साथ शीर्ष पर रखा है। इससे बाजार मूल्य पर वाणिज्यिक एलपीजी का उपयोग करने वाले होटल और रेस्तरां के लिए आपूर्ति में भारी कमी हो गई है। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (पश्चिमी भारत) के प्रवक्ता शेट्टी ने कहा कि बीते एक सप्ताह में वाणिज्यिक एलपीजी की बेहद गंभीर किल्लत हो गई है और सोमवार से कई क्षेत्रों में आपूर्ति लगभग पूरी तरह ठप हो गई है। कहा कि हमें मुंबई, पुणे, औरंगाबाद और नागपुर जैसे शहरों से भी गंभीर किल्लत की खबरें मिल रही हैं। दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में भी इसी तरह की समस्याएं हैं।

अगर अगले दो दिनों के भीतर स्थिति नहीं सुधरती है तो मुंबई में लगभग 50 प्रतिशत होटल एवं रेस्तरां को अपने पास उपलब्ध गैस सिलेंडरों के मौजूदा भंडार के आधार पर अस्थायी रूप से संचालन बंद करने को मजबूर होना पड़ सकता है।

### पेट्रोलियम मंत्री से वाणिज्यिक सिलेंडर पर हस्तक्षेप की मांग

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में कमी को लेकर ओडिशा होटल एवं रेस्तरां संघ (एचआरएओ) ने मंगलवार को पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी से हस्तक्षेप कर एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। एचआरएओ ने पुरी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में व्यवधान से आतिथ्य उद्योग के संचालन में गंभीर कठिनाइयां पैदा हो रही हैं। उद्योग संगठन ने कहा कि होटल और रेस्तरां अपने रोजमर्रा के रसोई संचालन के लिए वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की निरंतर आपूर्ति पर अत्यधिक निर्भर हैं।

# युवा उद्यमी योजना : जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर बनने का मौका

युवा अब जॉब सीकर नहीं जॉब क्रिएटर बनकर देश के विकास में सक्रिय सहभागिता करना चाहता है। युवा अब उद्यमी बनना चाहता है। युवाओं की इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने युवाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान शुरू किया है। इस योजना का उद्देश्य ऐसे युवाओं की मदद करना है जो पूंजी के अभाव में अपना व्यवसाय शुरू नहीं कर पा रहे हैं। यदि जानते हैं इस योजना से जुड़ी सभी जरूरी बातें-

**योजना की मुख्य विशेषताएं:** इसके तहत 21 से 40 वर्ष तक के युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए बिना गारंटी और ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाता है। अगले दस वर्षों में लगभग 10 लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है। इसके तहत हर वर्ष करीब एक लाख युवाओं को इस योजना का लाभ देने की योजना बनाई गई है।

**दो चरणों में मिलेगी वित्तीय सहायता:** योजना को दो चरणों में लागू किया गया है। पहले चरण में अधिकतम 5 लाख रुपये की परियोजना के लिए करीब 4.5 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाता है। खास बात यह है कि ऋण चुकाने की प्रक्रिया में शुरुआती छह महीने तक राहत दी जाती है।

यदि लाभार्थी पहले चरण का ऋण समय पर चुका देता है, तो दूसरे चरण में उसे 10 लाख रुपये तक का ऋण मिल सकता है। इस चरण में ब्याज पर 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी का प्रावधान भी है।

जानकारी



### किसे मिलेगा योजना का लाभ

1-आवेदक उत्तर प्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिए।

2- उम्र 21 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

3-कम से कम आठवीं कक्षा पास होना आवश्यक है।

4-कोई स्किल सर्टिफिकेट, डिप्लोमा या डिग्री होना चाहिए।

इसके अलावा योजना में लाभार्थी को अपनी श्रेणी के अनुसार कुछ अंशदान भी करना होता है। सामान्य वर्ग के लिए 15 प्रतिशत, ओबीसी के लिए 12.5 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति-जनजाति और दिव्यांग वर्ग के लिए 10 प्रतिशत योगदान तय किया गया है।

### कैसे और कहां करें आवेदन

सीएम युवा उद्यमी योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आधिकारिक पोर्टल msme.cmyuva.org.in पर किया जा सकता है।

**वेबसाइट पर जाएं :** उत्तर प्रदेश (CMYUVA) के आधिकारिक उद्यमी पोर्टल पर जाएं।

**पंजीकरण :** पंजीकरण/लॉग इन पर क्लिक करें और आधार नंबर दर्ज करके पासवर्ड बनाएं।

**फॉर्म भरें :** व्यक्तिगत, शैक्षणिक और व्यावसायिक जानकारी (जैसे परियोजना रिपोर्ट) सही–सही भरें।

**दस्तावेज़ अपलोड करें :** आधार, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), 8वीं पास मार्कशीट, पैन कार्ड, फोटो, और बैंक पासबुक की स्कैन की गई प्रतियां अपलोड करें।

**सबमिट और ट्रैकिंग :** फॉर्म को 'फाइनल सबमिट' करें और आवेदन संख्या यानी एप्लीकेशन नम्बर को भविष्य के लिए सुरक्षित रखें।

**प्रशिक्षण और मार्गदर्शन भी देगी सरकार:** सरकार इस योजना के तहत केवल वित्तीय सहायता ही नहीं देती, बल्कि व्यवसाय शुरू करने और उसे सफल बनाने के लिए प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की व्यवस्था भी करती है। अधिक जानकारी के लिए अपने जिले के जिला उद्योग केंद्र से संपर्क करें।

# पश्चिम एशिया संकट: निर्यातकों को बीमा समर्थन देने पर विचार: गोयल

नयी दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट के बीच निर्यातकों को मदद देने के लिए सरकार बीमा समर्थन की नई योजना लाने की संभावना तलाश रही है। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि इस संबंध में निर्यात ऋण गारंटी देने वाली इकाई ईसीजीसी और अन्य विभागों के साथ परामर्श किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम निर्यातकों की मदद के लिए बीमा समर्थन जैसी कुछ नई योजनाएं विकसित करने पर भी विचार कर रहे हैं... इस बारे में ईसीजीसी और अन्य विभागों से चर्चा की जा रही है। उन्होंने कहा कि



एक अंतर-मंत्रालयी समूह पश्चिम एशिया संकट से जुड़े घटनाक्रम पर नजर रखे हुए है और निर्यातकों के साथ लगातार संपर्क में है।

गोयल ने कहा कि सरकार उन निर्यातकों की मदद के उपाय तलाश रही है जिनका माल भेजा जा चुका है लेकिन मौजूदा हालात के कारण उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार चौबीसों घंटे हालात पर नजर रखे हुए है। ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच लगातार जारी हमलों से पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है, जिससे तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है। यह संकट भारतीय निर्यातकों के लिए इस लिहाज से अहम है कि भारत के लिए पश्चिम एशिया प्रमुख निर्यात बाजारों में से एक है। इससे पहले गोयल ने आहार खाद्य एवं आतिथ्य मेला को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के क्षेत्र में दुनिया के शीर्ष निर्यातकों में शामिल होने का लक्ष्य रखना चाहिए। भारत फिलहाल दुनिया का सातवां सबसे बड़ा निर्यातक है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### केन्या : दो बाइक की टक्कर के बाद भीड़ पर चढ़ा ट्रक, 14 की मौत

**वेबुये।** केन्या के वेबुये-किटाले राजमार्ग पर सोमवार रात भीषण सड़क हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई और 16 गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। इस हादसे में दो मोटरसाइकिलों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हुई, जिसमें दोनों सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद जब आसपास के लोग और राहगीर घायलों की मदद के लिए जमा हुए, तभी एक अनियंत्रित ट्रक भीड़ को कुचलता हुआ निकल गया। ट्रक की चपेट में आने से 10 लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। अस्पताल में चार घायलों की मृत्यु हो गई। 16 घायलों का उपचार चल रहा है, जिनमें कई की हालत नाजुक बनी हुई है।

### हिंसा के बाद मेघालय के पश्चिम गारो हिल्स में सेना तैनात की गई

**शिलांग।** मेघालय के पश्चिम गारो हिल्स जिले में सेना तैनात कर दी गई है, जहां दो गुटों के बीच झड़प होने के बाद सुरक्षाबलों की गोलीबारी में दो लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गारो हिल्स स्वायत्त जिला परिषद (जीएचएडीसी) चुनावों की नामांकन प्रक्रिया के दौरान तनाव के बीच हिंसक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षाबलों ने गोलीबारी की। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने कहा, 'नागरिक प्रशासन के अनुरोध पर पश्चिम गारो हिल्स में सेना की टुकड़ियां तैनात की गई हैं और वे फ्लैग मार्च कर रही हैं।' हालांकि, उन्होंने इस बारे में नहीं बताया कि इलाके में शांति बहाल करने के लिए कितने सैन्यकर्मी तैनात किए गए हैं।

### सूची से किसी भी पात्र मतदाता का नाम नहीं हटाया जाएगा: सीईसी

**कोलकाता।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा और उसकी प्राथमिकता राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करना है। तनावपूर्ण राजनीतिक माहौल के बीच आयोग ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को तेज कर दिया है। राज्य में चुनाव तैयारियों पर दो दिन तक राजनीतिक दलों, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कई बैठकें करने के बाद कोलकाता में संवाददाता सम्मेलन में सीईसी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता का हमेशा से शांतिपूर्ण और भागीदारी वाले लोकतंत्र में विश्वास रहा है।

## कनाडा के स्कूल में गोलीबारी मामले में ओपनएआई पर केस

- घायल छात्रा के परिवार ने चैटबॉट पर लगाया साजिश के बारे में पहले से पता होने का आरोप

**वैंकूवर।** कनाडा में स्कूल में हुई गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल एक छात्रा के माता-पिता ने सोमवार को दायर दीवानी मुकदमे में आरोप लगाया कि चैटबॉट बनाने वाली कंपनी ओपनएआई को पहले से पता था कि हमलावर सामूहिक हमले की योजना बना रहा था।

मुकदमे के अनुसार, कंपनी के एआई आधारित संवाद प्रोग्राम चैटजीपीटी का उपयोग हमलावर ने हमले की योजना बनाने के लिए किया था। ओपनएआई ने कहा है कि उसने हमलावर की गतिविधियों पर विचार किया था, लेकिन पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी। बाद में 10 फरवरी को ब्रिटिश कोलंबिया के टम्ब्लर रिज में हुई गोलीबारी के बाद उसने पुलिस से संपर्क किया।

इस हमले में हमलावर जेस वान रूस्टसेलार ने आठ लोगों की हत्या करने के बाद स्वयं भी जान दे दी थी। कंपनी के अनुसार हमलावर का चैटजीपीटी खाता बंद कर दिया गया था, लेकिन उसने दूसरा खाता बनाकर प्रतिबंध से बचने की कोशिश की।

ब्रिटिश कोलंबिया सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि कंपनी को इस बात की विशिष्ट जानकारी थी कि हमलावर टम्बलर रिज जैसी बड़ी जनहानि वाली घटना की योजना बनाने के लिए चैटजीपीटी का उपयोग कर रहा था।

## ऊर्जा खपत कम करने में जुटे देश

ईरान और अमेरिका-इजराइल युद्ध के कारण वैश्विक तेल बाजार में भारी उथल-पुथल है। कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया है, हालांकि ताजा घटनाक्रम और अमेरिकी बयानों के बाद बाजार में कुछ स्थिरता के संकेत मिले हैं। 9 मार्च को ब्रेंट क्रूड की कीमतें 119 .50 डॉलर प्रति बैरल के उच्च स्तर तक पहुंच गई थीं जो 10 मार्च को 90 डॉलर के आसपास आ गईं। इसके बाद भी ईरान द्वारा महत्वपूर्ण जलमार्ग हॉर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की चेतावनियों के कारण अनिश्चितता छायी हुई है और दुनिया की 20 प्रतिशत तेल आपूर्ति और एलएनजी पर खतरा मंडरा रहा है। तेल संकट बढ़ने की आशंकाओं से घिरे दुनिया भर के देशों ने इससे निपटने की तैयारी शुरू कर दी है। इसका सबसे महत्वपूर्ण पहलू अपनी ऊर्जा खपत को कम करना है।

## तेल संकट की आहट



### उत्पादन-आपूर्ति पर असर

- युद्ध के बीच हॉर्मुज जलडमरूमध्य की घेराबंदी से कई खाड़ी देशों की तेल आपूर्ति और उत्पादन पर गंभीर असर पड़ा है।
- अपने तेल ढांचों पर हमलों की संभावना को देखते हुए प्रमुख तेल उत्पादक देश ईरान का निर्यात काफी हद तक बाधित है।
- कुवैत और इराक ने अपने उत्पादन में कटौती की है, क्योंकि उनके पास तेल को स्टोर करने की जगह भी खत्म हो रही है।
- दुनिया में एलएनजी के प्रमुख निर्यातक कतर की आपूर्ति पर हॉर्मुज जलमार्ग के बाधित होने से लगभग रोक लग गई है।
- सऊदी अरब ने लाल सागर के रास्ते पाइपलाइनों से तेल आपूर्ति शुरू की है, मगर निर्यात क्षमता में बड़ी गिरावट आई है।

### ओपेक का रुख

- ओपेक देशों ने अनिश्चितता देखते हुए उत्पादन में वृद्धि नहीं की है, जिसके कारण आपूर्ति की कमी बनी हुई है।

### पूरी दुनिया में चिंता

- अमेरिका, चीन और यूरोपीय देशों के साथ दुनिया के प्रमुख देश ऊर्जा संरक्षण के लिए सख्त और रणनीतिक उपाय लागू कर रहे हैं।
- अमेरिका और अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के सदस्य देशों ने अपने आपातकालीन तेल भंडार से लाखों बैरल तेल बाजार में जारी किया है।
- संकट ने सौर, पवन और परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश बढ़ाने के लिए मजबूर किया है ताकि तेल निर्भरता को कम किया जा सके।

### इन देशों में कड़े कदम

- पाकिस्तान में चारदिवसीय कार्य सप्ताह, स्कूल दो सप्ताह के लिए बंद, सरकारी कर्मचारियों के ईंधन भत्ते में 50% कटौती।
- थाईलैंड में सिविल सेवकों को वर्क फ्रॉम होम, लिफ्ट बंद, कार्यालयों में एसी का तापमान 26-27 डिग्री सेल्सियस निर्धारित।
- वियतनाम में निजी कंपनियों को कर्मचारियों से वर्क फ्रॉम होम कराने का निर्देश, ईंधन पर आयात शुल्क हटाने की योजना।
- बांग्लादेश सरकार की ओर से बिजली की खपत कम करने के लिए विश्वविद्यालयों में समय से पहले घोषित की गईं छुट्टियां।

### ये भी उपाय

- कई देशों ने निजी वाहनों का उपयोग कम कर सार्वजनिक परिवहन मुफ्त कर दिया है। संडे को कार फ्री घोषित कर रात में लाइटिंग को जल्दी बंद किया जा रहा है।

### भारत की पहल

- भारत सरकार ने सरकार ने नेचुरल गैस (सप्लाई रेगुलेशन) ऑर्डर, 2026 लागू किया है।
- इसके तहत सबसे पहले घरेलू पीएनजी, सीएनजी, उर्वरक उत्पादन को गैस दी जा रही है।
- बड़े रेस्टोरेंट जैसे गैरजरूरी उद्योगों और व्यवसायों के लिए आपूर्ति में कटौती की गई है।
- एलपीजी की जमाखोरी रोकने को रिफिल बुकिंग का अंतर 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन।

# नाम हटाने के खिलाफ अपील की सुनवाई के लिए न्यायाधिकरण बनाने का आदेश

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, निर्वाचन आयोग को अधिसूचना जारी करने का निर्देश

### पश्चिम बंगाल में एसआईआर

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में एसआईआर मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अपीलों पर सुनवाई के लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीशों और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की पीठ गठित कर सकते हैं। शीर्ष कोर्ट ने इसके साथ निर्वाचन आयोग को एसआईआर प्रक्रिया में न्यायिक अधिकारियों के फैसलों के खिलाफ अपीलों पर सुनवाई के लिए एक अपीलीय निकाय गठित करने के लिए अधिसूचना जारी करने का भी निर्देश दिया।

सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ राज्य में जारी एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जैसे ही मुख्य न्यायाधीश पूरक सूचियों के प्रकाशन के संबंध में उचित सिफारिश करेंगे, चुनाव आयोग को उस पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। पीठ ने कहा कि आयोग के पोर्टल में तकनीकी व्यवधानों की जांच की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि आगे ऐसी कोई बाधा न उत्पन्न हो। पीठ ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों के लिए नई लॉगिन आईडी शीघ्र बनाई जाएं, ताकि मतदाता सूचियों में संशोधन की प्रक्रिया सुचारू रूप से सुनिश्चित हो सके। पीठ ने यह भी कहा कि न्यायिक अधिकारियों के निर्णयों की समीक्षा निर्वाचन आयोग के किसी भी प्रशासनिक अधिकारी द्वारा नहीं की जा सकती।

### चीफ जस्टिस की मंजूरी बिना कोई कदम न उठाए आयोग

सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उसकी ओर से कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की मंजूरी के बिना ऐसा कोई अनिवार्य कदम न उठाया जाए, जिससे पश्चिम बंगाल में एसआईआर की प्रक्रिया बाधित हो। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग के साथ राज्य सरकार को भी निर्देश दिया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) में न्यायिक अधिकारियों को हर तरह की सहायता प्रदान की जाए।

### आईटी नियमों को रद्द करने संबंधी बंबई हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ केंद्र की याचिका पर विचार करने पर सहमति

**फैसले पर रोक लगाने से इन्कार**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह सोशल मीडिया पर फर्जी और झूठी सामग्री को विनियमित करने के उद्देश्य से सूचना प्रौद्योगिकी नियमों में सरकार द्वारा 2023 में किए गए संशोधनों को रद्द करने संबंधी मुंबई हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ केंद्र सरकार की याचिका पर विचार करेगा। शीर्ष अदालत ने हालांकि 2024 के मुंबई हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया, जिसमें न केवल संशोधित सूचना प्रौद्योगिकी नियमों को रद्द कर दिया गया था बल्कि उन्हें 'असंवैधानिक' भी करार दिया गया था। सीजेआई सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कॉमेडियन कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैगजीन्स सहित मूल याचिकाकर्ताओं को नोटिस जारी किया। हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इन्कार करते हुए सीजेआई ने कहा कि बेहतर होगा कि इस पूरे मामले का अंतिम निर्णय आ जाए।

### सोशल मीडिया पोस्ट विवाद: नेहा सिंह को अग्रिम जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर सोशल मीडिया पोस्ट के कारण दर्ज मामले में मंगलवार को लोक गायिका नेहा सिंह राठौर की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पीठ ने इस बात का संज्ञान लिया कि राठौर संबंधित अधिकारियों के समक्ष पेश हो चुकी हैं और अपने बयान दर्ज करा चुकी हैं। इसके बाद पीठ ने उनकी अग्रिम जमानत अर्जी स्वीकार कर ली। शीर्ष अदालत ने उन्हें जांच में सहयोग जारी रखने का निर्देश दिया। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पिछले साल पांच दिसंबर को राठौर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

## अफगानिस्तान पर हवाई हमले अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन

नई दिल्ली/संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



- भारत ने संयुक्त राष्ट्र में की पाकिस्तान के हमलों की निंदा

भारत ने अफगानिस्तान पर हाल ही में हुए हवाई हमलों की संयुक्त राष्ट्र में कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच बढ़ते सीमा पार संघर्षों के बीच भारत ने इन हमलों को अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और राज्य संप्रभुता के सिद्धांत का घोर उल्लंघन करार दिया है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने महासचिव की रिपोर्ट में उजागर की गई उन चिंताओं का उल्लेख किया, जो सीमा पार हिंसा के कारण हताहत होने वाले नागरिकों से जुड़ी हैं। हरीश ने कहा, महासचिव की रिपोर्ट में सीमा पार सशस्त्र हिंसा के कारण नागरिकों के प्रभावित होने पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है। हम महासचिव के उस आह्वान का समर्थन करते हैं, जिसमें अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत दायित्वों का पालन करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा, अफगानिस्तान के क्षेत्र पर हुए हवाई हमलों की भारत कड़ी निंदा करता है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और राज्य संप्रभुता के सिद्धांत का स्पष्ट उल्लंघन हैं।

भारतीय दूत ने इस भू-आबद्ध देश पर आर्थिक दबाव के संबंध में भी चिंता जताई। हरीश ने गंभीर चिंता जताते हुए व्यापार के लिए रास्ता रोकने और चारों तरफ जमीन से घिरे देश की पहुंच को जानबूझकर बंद कर व्यापार और पारगमन आतंकवाद के अभ्यास का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, ऐसी कार्रवाइयों के सामने भू-आबद्ध विकासशील देशों पर संयुक्त राष्ट्र की घोषणाएं खोखली लगती हैं। इन देशों की व्यापारिक और पारगमन संबंधी मजबूरियों को हथियार के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

## ममता बनर्जी ने खत्म किया धरना

- सुप्रीम कोर्ट के मतदाता सूची पर अपीलीय अधिकरण बनाने के आदेश का स्वागत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दोषपूर्ण एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ अपना धरना पांचवें दिन समाप्त कर दिया। कहा, सुप्रीम कोर्ट द्वारा मतदाता सूची में संशोधन के संबंध में अपीलीय अधिकरण गठित करने के आदेश के बाद विरोध को अस्थाई रूप से स्थगित किया जा रहा है।

धरना ऐसे दिन खत्म हुआ, जब निर्वाचन आयोग की टीम ने राज्य में चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए अपना दो दिवसीय दौरा समाप्त किया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपीलीय अधिकरण के गठन के कदम का स्वागत करते हुए ममता ने कहा कि वह दरवाजा अब खुल गया है जिसे निर्वाचन आयोग ने बंद किया था। उन लोगों के लिए आशा की एक नई किरण जगी है, जिनके नाम एसआईआर के तहत 'तार्किक विसंगति' के कारण हटा दिए गए थे या विचाराधीन थे।

## कोविड टीकाकरण दुष्प्रभाव के लिए मुआवजा नीति बनाए केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कोविड-19 रोधी टीकाकरण के बाद होने वाले गंभीर दुष्प्रभाव के लिए दोष निर्धारण के बगैर मुआवजा देने की नीति तैयार करने का केंद्र सरकार को मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभावों की निगरानी के लिए मौजूदा व्यवस्था जारी रहेगी। न्यायमूर्ति नाथ ने फैसला सुनाते हुए कहा, टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभाव के वैज्ञानिक मूल्यांकन के लिए मौजूदा व्यवस्था को देखते हुए, अदालत द्वारा नियुक्त किसी अलग विशेषज्ञ निकाय की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि उसका यह निर्णय किसी व्यक्ति को कानून में उपलब्ध अन्य उपायों का सहारा लेने से रोकता नहीं है। कहा, इसी तरह दोष निर्धारण के बैगर मुआवजा देने की नीति तैयार करना, सरकार या किसी अन्य प्राधिकरण की ओर से किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी या गलती को स्वीकार करना नहीं माना जाएगा। कोर्ट ने उन याचिकाओं पर यह व्यवस्था दी, जिनमें से एक में आरोप लगाया गया था कि 2021 में कोविड-19 रोधी टीके की पहली खुराक लेने के बाद दो महिलाओं की मृत्यु हो गई थी।

### सीबीएसई: 12वीं के पेपर का क्यूआर स्कैन करने पर बजा से रिकरोल गाना

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 12वीं कक्षा के प्रश्न पत्र पर दिए क्यूआर कोड को स्कैन करने पर गाना बजने का दावा स्वीकार किया, लेकिन प्रश्न पत्रों की सुरक्षा में किसी भी तरह की चूक की संभावना को खारिज कर दिया। बोर्ड ने एक आधिकारिक बयान में कहा, प्रश्न पत्र असली हैं। प्रश्न पत्रों की सुरक्षा में कोई चूक नहीं है।

## चीन ने विकसित किया मॉलिक्यूलर ब्रिज ब्लड कैंसर के इलाज में बड़ी सफलता

- शरीर में कैंसर की छिपी हुई कोशिकाओं को भी नष्ट करने में होगा सक्षम

**बीजिंग।** चीनी वैज्ञानिकों ने ल्यूकेमिया (ब्लड कैंसर) के उपचार की दिशा में क्रांतिकारी सफलता हासिल की है। वैज्ञानिकों ने एक ऐसा 'मॉलिक्यूलर ब्रिज' (आणविक सेतु) बनाया है, जो कैंसर कोशिकाओं के छिपने की स्थिति में भी उन्हें नष्ट करने में सक्षम है।

प्रतिष्ठित जर्नल 'सेल' के नवीनतम अंक में प्रकाशित यह शोध भविष्य में कैंसर उपचार की क्षमता को कई गुना बढ़ा सकता है। चीनी विज्ञान अकादमी के इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोसेस इंजीनियरिंग की शोध टीम ने पारंपरिक 'सीएआर-टी सेल थेरेपी' में सुधार करते हुए नया 'हेल्पर मॉलिक्यूल' विकसित किया है, जिसे 'फेस' नाम दिया गया है। सामान्यतः 'सीएआर-टी सेल थेरेपी' में मरीज की टी-कोशिकाओं (इम्यून सेल्स) को लैब में संशोधित कर कैंसर से लड़ने के लिए तैयार किया जाता है। हालांकि, कई मामलों में कैंसर कोशिकाएं अपनी सतह से उन निशानों (मार्करों) को हटा देती हैं जिन्हें टी-कोशिकाएं पहचानती हैं। इससे कैंसर कोशिकाएं अदृश्य हो जाती हैं।

## ऑस्ट्रेलिया : बिजली की खपत कम करने के लिए प्रकाश की गति वाला एआई चिप

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने एक अल्ट्रा-कॉम्पैक्ट एआई चिप तैयार की है, जो प्रकाश की शक्ति का उपयोग कर प्रकाश की गति से गणना करने में सक्षम है। यह तकनीक एआई कंप्यूटिंग में होने वाली भारी बिजली की खपत को काफी हद तक कम कर सकती है।

यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी के सिडनी नैनो हब में विकसित यह प्रोटोटाइप पारंपरिक कंप्यूटर चिप्स में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रॉनों के बजाय फोटोन का उपयोग करता है। विश्वविद्यालय की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान में कहा गया कि पारंपरिक चिप्स बिजली पर निर्भर होते हैं, जबकि यह नई तकनीक प्रकाश पर आधारित है।

## मेटा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड अमोल पालेकर को




**नई दिल्ली।** जाने-माने वरिष्ठ अभिनेता अमोल पालेकर को यहां 'महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवाड्र्स' के 21वें संस्करण में 'मेटा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार भारतीय रंगमंच और सिनेमा में उनके असाधारण योगदान के लिए दिया जाएगा।


पुरस्कार के आयोजकों ने मंगलवार को यह घोषणा की। मेटा (महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवाड्र्स) द्वारा यहां जारी एक बयान में कहा गया है, कई दशकों के करियर में, पालेकर को उनकी खास कलात्मक आवाज, रंगमंच और स्क्रीन पर कहानी को अलग अंदाज में कहने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। एक अभिनेता, निदेशक और रचनात्मक दूरदृष्टा के तौर पर उनके काम ने आज के भारतीय मनोरंजन परिवेश पर गहरी छाप छोड़ी है। अपने 'साधारण युवक' वाले किरदार के लिए जाने जाने वाले पालेकर 1970 के दशक में 'छोटी सी बात', 'चितचोर', 'बातों बातों में' और 'गोलमाल' जैसी फिल्मों से अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहे।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन


मेष: आज अनावश्यक यात्रा करनी पड़ सकती है। अधिकारी आपके काम में बाधा डाल सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


तुला: आज घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। आपकी रचनात्मक क्षमताओं का विकास होगा। प्रेम-संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।


वृष: आज नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। काम करने के तरीके में बदलाव कर सकते हैं। लोग आपके विचारों का विरोध कर सकते हैं।


वृश्चिक: आज व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ हो सकता है। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। धन को लेकर कुछ समस्या हो सकती है।


मिथुन: आज कार्यक्षेत्र में सीनियर आपको प्रोत्साहित करते रहेंगे। अजनबी लोगों पर अधिक विश्वास न करें। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।


धनु: आज सुबह आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं। पुराना कर्ज उतार सकते हैं। करियर में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।


कर्क: आज जीवनसाथी को आभूषण उपहार में दे सकते हैं। सहकर्मियों से तालमेल में कमी देखने को मिलेगी। मित्रों से सलाह लेंगे।


मकर: आज घरेलू खर्च बढ़ने के योग बन रहे हैं। अपने लक्ष्य को लेकर लापरवाह न रहें। संतान को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है।


सिंह: आज का दिन नौकरीपेशा लोगों के लिए बहुत अच्छा है। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।



कुंभ: आज नए संपर्क से आपको धन लाभ हो सकता है। आपके व्यवहार में ताजगी बनी रहेगी। अच्छी नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं।


कन्या: आज आप कुछ चिंतित रहेंगे। व्यापार में नया प्रयोग न करें। मन में निराशाजनक विचार उत्पन्न हो सकते हैं।


मीन: आज का दिन नौकरी ढूंढ रहे लोगों के लिए दिन शुभ है। आपके उदार स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। छात्रों को नया सीखने को मिलेगा।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 11 मार्च, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी 12 मार्च 04 .19 तक तत्पश्चात नवमी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- ज्येष्ठा 22 .00 तक तत्पश्चात मूल।

### सुडोकू - 84 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 5 | 6 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 1 |
| 1 | 7 | 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 |
| 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 9 | 2 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 7 | 3 |
| 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 6 | 1 | 8 | 2 |
| 4 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 | 5 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |

### सुडोकू -85

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 3 | | 4 | | | 6 |
| | | 8 | | 6 | | | 3 | |
| | | | 2 | | 1 | | 9 | |
| 7 | | 3 | | 9 | | 5 | | |
| | 9 | | | | | | | |
| | | 6 | | 2 | | 9 | | 8 |
| | 4 | | 5 | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | | 2 | | |
| 9 | | | 7 | | 2 | | 8 | |

**नई सरकार की तैयारी**

आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत मतगणना जारी, देर रात तक पूरी होने की उम्मीद

# आरएसपी ने 125 सीटें जीतकर बहुमत का आंकड़ा किया पार

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में संसदीय चुनावों में प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत मतगणना मंगलवार को पूरी होने के साथ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने 165 में से 125 सीटें जीतकर बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत सभी 165 सीट की मतगणना पूरी हो चुकी है और आरएसपी 125 सीट के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

अन्य दलों में नेपाली कांग्रेस (एनसी) को 18 सीट मिली हैं। इसके अलावा सीपीएन-यूएमएल को नौ, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) को आठ, श्रम संस्कृति पार्टी (एसएसपी) को तीन और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) को एक सीट मिली है। इसके अलावा एक निर्दलीय उम्मीदवार भी निर्वाचित हुआ है। निर्वाचन आयोग ने बताया कि आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत मतगणना अभी जारी है और इसके मंगलवार देर रात तक समाप्त होने की उम्मीद है। पीआर प्रणाली के तहत अब तक आरएसपी को 49,74,957 वोट मिले हैं। नेपाली कांग्रेस को 16,85,722, सीपीएन-यूएमएल को 14,02,157, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को 7,63,633, श्रम संस्कृति पार्टी को 3,50,809 और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी को 3,23,744 वोट मिले हैं।


रुझानों के आधार पर आरएसपी को आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत 50 और सीट मिलने की संभावना है। ऐसे में 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में उसकी सीटें 175 तक पहुंच सकती है और पार्टी संविधान के तहत बहुमत की सरकार बनाने के योग्य होगी। चुनाव आयोग ने कहा कि आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत अंतिम परिणाम घोषित करने और उम्मीदवारों को औपचारिक रूप से सीट आवंटित करने में अभी कुछ और दिन लगेंगे।

### विकास केंद्रित कूटनीति से भारत से संबंधों की उम्मीद: लामिछाने

**काठमांडू।** राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने चुनावी सफलता पर बधाई देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया और कहा कि उन्हें विकास केंद्रित कूटनीति के माध्यम से भारत-नेपाल संबंधों के मजबूत होने की आशा है। लामिछाने ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, आरएसपी और हमारी सरकार आपसी सम्मान और साझा समृद्धि पर आधारित संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी, जिसमें आरएसपी 'विकास केंद्रित कूटनीति' को प्राथमिकता देगी। कहा, हम भारत के साथ ऐसी साझेदारी की आशा करते हैं जो संपर्क, सांस्कृतिक पर्यटन, ऊर्जा और व्यापार के क्षेत्रों में सहयोग के जरिए नई ऊंचाइयों तक पहुंचे और दोनों देशों के लोगों के लिए समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करे।

## एनसीईआरटी ने मांगी बिना शर्त माफी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक और सदस्यों ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक 'समाज की खोजः भारत और उससे आगे' के एक विवादित अध्याय को लेकर मंगलवार को बिना शर्त और बिना किसी योग्यता के सार्वजनिक माफी मांगी है। विवाद पुस्तक के अध्याय-4 'हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका' को लेकर हुआ, जिसमें न्यायपालिका में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े संदर्भों का उल्लेख किया गया था। एनसीईआरटी ने कहा है कि यह पूरी पुस्तक अब वापस ले ली गई है और फिलहाल उपलब्ध नहीं है।



मुझे अच्छा लग रहा है। टीम इंडिया जीत गई है। मंगलवार को पटना लौटने पर इशान ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि हम आगे भी बेहतर खेलते रहेंगे और जीतेंगे भी। मेरा मानना है कि अगर मैं अच्छा प्रदर्शन करता हूं तो इससे युवा खिलाड़यों को प्रेरणा मिलेगी। मैं हमेशा युवाओं को बढ़ावा देने की कोशिश करता हूं। -ईशान किशन


# स्टेडियम

लखनऊ, बुधवार, 11 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


हाईलाइट

### गुजरात टाइटन्स ने मैथ्यू हेडन को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया

**अहमदाबाद, एजेंसी :** गुजरात टाइटन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है।



फ्रेंचाइजी ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। दो बार के वनडे विश्व कप विजेता और अपने जमाने के सबसे प्रभावशाली सलामी बल्लेबाजों में से एक हेडन का अंतर्राष्ट्रीय करियर शानदार रहा है। उन्हें टी20 में बल्लेबाजी का व्यापक अनुभव है और वह इसकी बारीकियों को समझते हैं।

### अर्शदीप पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना

**दुबई, एजेंसी :** भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर अहमदाबाद में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के फाइनल के दौरान न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल पर आक्रामक और अनुचित तरीके से' गेंद फेंकने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा अर्शदीप के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है जो 24 महीने के समय में उनका पहला अपराध है। आईसीसी ने मंगलवार को मीडिया विज्ञप्ति में कहा कि अर्शदीप को आईसीसी की खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टॉफ से संबंधित आचार संहिता के नियम 2.9 के उल्लंघन का दोषी पाया गया।



### मैनचेस्टर सिटी-लिवरपूल आमने-सामने होंगे

**लंदन,एजेंसी :** मैनचेस्टर सिटी एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में लिवरपूल की मेजबानी करेगा जबकि चेल्सी का सामना तीसरी श्रेणी की टीम पोर्ट वेल से होगा। पोर्ट वेल ने रविवार को सुंदरलैंड पर चौंकाने वाली जीत दर्ज की थी। उसे अब अंतिम आठ के मुकाबले के लिए चेल्सी का दौरा करना होगा। आर्सेनल क्वार्टर फाइनल में साउथेम्प्टन का सामना करेगा। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में लीड्स का सामना वेस्ट हैम से होगा।

## विश्व कप फुटबॉल स्थगित करना आसान नहीं: शिर्गी

**डलास, एजेंसी**

फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के मुख्य संचालन अधिकारी हेइमो शिर्गी ने कहा कि यह बहुत बड़ा टूर्नामेंट है तथा अमेरिका और इजरायल के ईरान के खिलाफ युद्ध के कारण उत्पन्न वैश्विक उथल-पुथल के चलते इसे स्थगित करना आसान नहीं होगा।

विश्व कप 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा जिसमें पहली बार 48 देश भाग लेंगे। इनमें ईरान भी शामिल है। शिर्गी ने सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय प्रसारण केंद्र में कहा कि फीफा ईरान युद्ध और उसके नतीजों पर करीबी नजर रखे हुआ है। शिर्गी ने कहा कि अगर मैं भविष्यवक्ता होता मैं अभी बता सकता था कि क्या होने वाला है, लेकिन जाहिर है कि स्थिति बदल रही है। उन्होंने कहा कि हालात दिन-प्रतिदिन बदल रहे हैं और हम उन पर कड़ी नजर रख रहे हैं। किसी न किसी स्तर पर हमें इसका समाधान मिल जाएगा। विश्व कप तो होगा ही। विश्व कप बहुत बड़ा टूर्नामेंट है और हम उम्मीद करते हैं कि क्वालीफाई कर चुके सभी देश इसमें भाग लेंगे।

## सैमसन ने 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बनकर बनाया अनोखा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत को तीसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने हाल में समाप्त हुई प्रतियोगिता का 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बनकर एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कर दिया। सैमसन पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने आईसीसी (अंतर्राष्ट्रीय) क्रिकेट परिषद) के पुरुष या महिला वर्ग के किसी टूर्नामेंट में अपनी टीम की तरफ से चार मैच नहीं खेलने के बावजूद प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार हासिल किया। उनसे पहले चार खिलाड़ी ही ऐसे थे जिन्होंने अपनी टीम के सभी मैच नहीं खेलने के बावजूद टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था।

इन खिलाड़ियों ने हालांकि अपनी टीम की तरफ से केवल एक मैच नहीं खेला था। प्रतियोगिता के शुरू होने पर सैमसन रन बनाने के लिए जूझ रहे थे और इसलिए उन्हें शुरुआती मैचों में अंतिम एकादश में नहीं चुना गया था। उन्हें बीच में अभिषेक शर्मा के अस्वस्थ होने के कारण एक मैच खेलने का मौका मिला लेकिन उसके बाद उन्हें बाहर कर दिया गया था। सुपर आठ



● टूर्नामेंट में संजू ने भारत के नौ में से पांच मैच ही खेले

में दक्षिण अफ्रीका से बड़ी हार के बाद भारत ने अपने शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की अधिकता को देखते हुए दाएं हाथ के बल्लेबाज सैमसन को मौका दिया और केरल के इस खिलाड़ी ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल की तरह बने मैच में नाबाद 97 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 89 और फिर न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में भी 89 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके लिए उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

भारत ने इस टूर्नामेंट में कुल नौ मैच खेले जिनमें से सैमसन पांच मैच ही खेल पाए थे। जिन खिलाड़ियों ने आईसीसी के किसी टूर्नामेंट में एक मैच नहीं खेलने के बावजूद प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट पुरस्कार हासिल किया था उनमें ऑस्ट्रेलिया की लिसा कीटली (महिला वनडे विश्व कप 2000, नौ में से आठ मैच खेले), ऑस्ट्रेलिया की ही कारेन रोल्टन (महिला वनडे विश्व कप 2005, आठ में से सात मैच खेले), इंग्लैंड के केविन पीटरसन (पुरुष टी20 विश्व कप 2010, सात में से छह मैच खेले) और न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र (चैंपियंस ट्रॉफी 2025, पांच में से चार मैच खेले) शामिल हैं।

# टी-20 विश्व कप विजेता टीम को 131 करोड़ रुपये का विशेष बोनस देगा बीसीसीआई

## पुरस्कार की राशि 15 खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ व सहयोगी स्टाफ को मिलेगी

**नई दिल्ली,एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने तीसरी बार पुरुष टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के लिए मंगलवार को 131 करोड़ रुपये के पुरस्कार की घोषणा की।यह पुरस्कार राशि 15 खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और अन्य सहयोगी स्टाफ में वितरित की जाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय टीम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए विशेष बोनस के रूप में 131 करोड़ रुपये की भारी-भरकम पुरस्कार राशि घोषित की है। यह राशि आईसीसी की ओर से प्रदत्त लगभग 27.48 करोड़ रुपये (30 लाख डॉलर) की पुरस्कार राशि के अतिरिक्त है।

सूत्रों के अनुसार, सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि का बड़ा हिस्सा मिलना तय है, जबकि सहयोगी स्टाफ के सदस्यों के लिए पुरस्कार राशि उनके पद के अनुसार तय की जाएगी। यह राशि 2024 में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली चैंपियन टीम को दिए गए 125 करोड़ रुपये से छह करोड़ रुपये अधिक है।

सूत्रों के अनुसार15 खिलाड़ियों में से प्रत्येक को छह करोड़ रुपये मिलेंगे जबकि शेष 41 करोड़ रुपये सहयोगी स्टाफ के सदस्यों में वितरित किए जाएंगे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बयान में कहा कि बोर्ड इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और चयनकर्ताओं को एक बार फिर बधाई देता है और भविष्य में उनकी निरंतर सफलता की कामना करता है । भारत ने रविवार को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी अपने नाम की थी। वह टी20 विश्व कप में खिताब का सफल बचाव करने वाली पहली टीम है। भारतीय टीम ने तीसरी बार यह टूर्नामेंट जीता। यह कारनामा करने वाली वह पहली टीम बन गई जिससे खेल के इस छोटे प्रारूप में उसके दबदबे का भी पता चलता है। भारत ने खिताब तो अपने नाम किया ही, साथ ही रिकॉर्ड बुक में दर्ज कई रिकॉर्ड तोड़कर उन्हें अपने नाम किये। आईसीसी की वेबसाइट के अनुसार, भारत और श्रीलंका में आयोजित एक महीने लंबे इस टूर्नामेंट के दौरान कई शानदार व्यक्तिगत और टीम प्रदर्शन देखने को मिले। भारत ने पूरे टूर्नामेंट में 106 छक्के लगाकर किसी एक टी-20 अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 100 से अधिक छक्के लगाने वाली पहली टीम बनने का रिकॉर्ड भी बनाया।



टी-20 विजेता भारतीय टीम की बल्ले-बल्ले। जीत के साथ साथ खिलाड़ियों के चेहरे पर झलक रही ईनाम पाने की खुशी। ● एजेंसी

## कोवासेविक को हराकर इंडियन वेल्स के चौथे राउंड में पहुंचे जोकोविच

**इंडियन वेल्स,एजेंसी**



जोकोविच

सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने सोमवार को इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन में अमेरिका के एलेक्जेंडर कोवासेविक को तीन सेट के मुकाबले में हराकर बीएनपी परिबास ओपन के चौथे राउंड में प्रवेश कर लिया। जोकोविच ने सोमवार को एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के तीसरे राउंड में कोवासेविक को 6-4, 1-6, 6-4 से मात दी। यह 2017 के बाद इंडियन वेल्स में चौथे राउंड में उनकी पहली मौजूदगी होगी।

रोजर फेडरर के साथ सबसे ज़्यादा इंडियन वेल्स टाइटल जीतने का रिकॉर्ड साझा करने वाले जोकोविच हाल के सालों में टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं दे सके हैं। उन्हें 2025 में बोटिक वैन डे ज़ैंड्सचुल्प से पहले ही राउंड में चौंकाने वाली हार का स्वाद चखना पड़ा था। चुनौतियों के बावजूद, जोकोविच ने टूर्नामेंट में अपनी 17वीं बार मौजूदगी के दौरान एक और मुश्किल मुकाबला किया और अब उनका सामना गत चैंपियन जैक ड्रेपर से होगा, जिन्होंने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 6-1, 7-5 से हराकर चौथे चरण में जगह बनायी है।

जोकोविच ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो, मैं हर समय सच में खेल का आनंद नहीं ले पा रहा हूं। आप इन हालात में अच्छा खेलने की कोशिश कर रहे होते हैं जब विरोधी ज़बरदस्त टेनिस खेल रहा हो लेकिन किसी भी तरह जीतना ही मायने रखता है और मुझे खुशी है कि मैं आज इस चुनौती को पार करने में सफल रहा। इस जीत के साथ ही जोकोविच 1990 में सीरीज़ शुरू होने के बाद से एटीपी मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता के चौथे राउंड में पहुंचने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उनसे आगे सिर्फ़ इवो कार्लोविक हैं, जिन्होंने 2019 में इंडियन वेल्स में 40 साल की उम्र में यह कामयाबी हासिल की थी। इस बीच, स्पेन की युवा प्रतिभा कार्लोस अल्काराज़ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच को 6-7(6), 6-3, 6-2 से हराकर बीएनपी परिबास ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया।

## एलीट क्लब में शामिल होकर अच्छा लग रहा : सूर्यकुमार

**मुंबई,एजेंसी**

**भारत** को टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने के दो दिन बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि वह देश को आईसीसी ट्रॉफी दिलाने वाले कपिल देव, महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में शामिल होकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत ने रविवार को अहमदाबाद में न्यूजीलैंड को फाइनल में 96 रन से हराकर टी20 विश्व कप जीता। यह रिकॉर्ड तीसरा अवसर है जबकि भारत ने यह खिताब अपने नाम किया। वह अपने खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम भी बन गई है।

अहमदाबाद से लौटने के तुरंत बाद सूर्यकुमार ने अपने आवास पर पीटीआई वीडियो से कहा कि 2024 और अब 2026 में ट्रॉफी जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह बहुत ही खास अहसास है। जब हमने 2024 में जीत हासिल की थी, तब हमने सोचा था कि 2026 में अपने घरेलू मैदान पर इसे दोहराना कितना खास होगा। उन्होंने कहा कि हमारा अगला लक्ष्य 2028 में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतना है। टीम अच्छी लय में है। अगर भारत उसी साल (2028 में) टी20 विश्व कप जीत जाता है, तो यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी।

रोहित और धोनी जैसे दिग्गजों से अपनी तुलना किए जाने पर सूर्यकुमार ने कहा कि उस एलीट क्लब में शामिल होकर अच्छा लग रहा है। मैं धीरे-धीरे इसे महसूस कर रहा हूं। इतने महान खिलाड़ियों के साथ मेरा नाम आना बहुत ही खास अहसास है। मैं भविष्य में भी ऐसा करने की कोशिश करूंगा और भारत को और अधिक ट्रॉफियां दिलाने में मदद करना चाहूंगा। रोहित



उस समय कप्तान थे जब भारत ने जून 2024 में बारबाडोस में टी20 विश्व कप जीतकर आईसीसी ट्रॉफी का सूखा खत्म किया था। धोनी की कप्तानी में भारत ने 2007 में टी20 विश्व कप और 2011 में वनडे विश्व कप जीता था।

कपिल देव की कप्तानी में भारतीय टीम ने 1983 में वनडे विश्व कप जीता था, जो देश के लिए पहला बड़ा खिताब था। सूर्यकुमार ने खुलासा किया कि उन्होंने टी20 विश्व कप से पहले धोनी से बात की थी। भारतीय कप्तान ने कहा, ''मैंने टूर्नामेंट से पहले उनसे (धोनी) मुलाकात की थी और उन्होंने मुझे आईसीसी टूर्नामेंट में खेलने का तरीका बताया था। उन्होंने कहा था कि हमारी टीम अच्छी है, हमें बस हिम्मत रखनी होगी और हम निश्चित रूप से जीतेंगे। जीत के बाद उनकी प्रतिक्रिया शानदार थी। पूरा भारत इस उपलब्धि का जश्न मना रहा है। भारतीय टीम ने भी रविवार की पूरी रात को जश्न मनाया।

सूर्यकुमार ने कहा कि विश्व चैंपियन बनने के बाद उस रात हमने जो जश्न मनाया काश उसे मैं सबके साथ साझा कर पाता। हमने बहुत अच्छा समय बिताया और हम सुबह आठ बजे तक जागते रहे। सूर्यकुमार को अब 28 मार्च से शुरू होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने का इंतजार है।

### आईसीसी की बैठक रद्द हुई

**दुबई, एजेंसी :** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष के कारण इस महीने के अंत में दोहा में होने वाली आईसीसी बोर्ड और कमेटी की बैठकों को रद्द कर दिया गया है। ईएसपीएन क्रिकइंफो को मिली जानकारी के अनुसार फ़ाइनेंस कमेटी से जुड़ी कुछ विशेष बैठकें अगले कुछ सप्ताह में ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी। अप्रैल में आमने-सामने बैठकों की संभावना अभी भी खुली है, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि क्या हवाई क्षेत्र इतना खुल गया है कि बोर्ड और कमेटी सदस्य सुरक्षित रूप से उड़ान भर सकें। ये बैठकें मूल रूप से 25 से 27 मार्च के बीच तय थीं और इनमें आईसीसी बोर्ड डायरेक्टर्स, चीफ एग्जीक्यूटिव्स, कमेटी सदस्य और आईसीसी के सीनियर लीडरशिप के शामिल होने की योजना थी। चर्चा के लिए तीन मुख्य मुद्दे थे- ग्लोबल ब्रॉडकास्टिंग राइट्स, क्योंकि आईसीसी और जियोस्टार के बीच मौजूदा समझौता 2027 में खत्म होने वाला है, अगला एफटीपी और लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक के लिए क्वालिफ़िकेशन। इनमें से दूसरे मुद्दे पर अनौपचारिक बातचीत पहले ही शुरू हो चुकी है, जहां कई सदस्य क्रिकेट के अगले चार साल के कैलेंडर की योजना बनाने के लिए आपस में पहले से चर्चा कर रहे हैं।

### वेस्टइंडीज दौरे के लिए सोफी मोलिनेक्स की टीम में वापसी

**मेलबर्न, एजेंसीः** ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज दौरे के लिए अपनी महिला टीम की घोषणा कर दी है, जिसमें ऑलराउंडर सोफी मोलिनेक्स की चोट के बाद वापसी हुई है। ऑस्ट्रेलियाई टीम 19 मार्च से शुरू होने वाले इस दौरे पर तीन टी20 और तीन वनडे मैच खेलेगी। यह सीरीज आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 की तैयारी का हिस्सा है। अनकैप्ड बल्लेबाज ताहलिया विल्सन को भी पहली बार टीम में जगह मिली है, जबकि लूसी हैमिल्टन और निकोल कैरी ने भारत के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन के बाद अपनी जगह बरकरार रखी है।

टीम : सोफी मोलिनेक्स (कप्तान), एश्ले गार्डनर (उपकप्तान), ताहलिया मैक्ग्रा (उपकप्तान), डार्सी ब्राउन, निकोल कैरी, किम गर्थ, लूसी हैमिल्टन, अलाना किंग, फीबी लिचफील्ड, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम, ताहलिया विल्सन।

## रिंकू ने इंस्टाग्राम पर लिखा भावुक पोस्ट,पिता को किया याद

**नई दिल्ली,एजेंसी**

भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद अपने दिवंगत पिता खानचंद सिंह को सोशल मीडिया के माध्यम से भावुक श्रद्धांजलि दी है।

रिंकू के पिताजी का शुक्रवार सुबह ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में चौथे चरण के कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद निधन हो गया था। बाद में उनका अंतिम संस्कार अलीगढ़ में किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने अंतिम विदाई दी। रिंकू ने



पिता के साथ रिंकू सिंह। (फाइल फोटो)

इंस्टाग्राम पर लिखा कि वह अपने पिता से बात किए बिना कभी इतने दिन नहीं रहे और उनके बिना जीवन की कल्पना करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि पिता ने उन्हें सिखाया था कि कर्तव्य सबसे पहले होता है, इसलिए मैदान पर वह हमेशा उनके सपने को पूरा करने की कोशिश करते रहे। रिंकू ने लिखा कि आपसे बात किए बिना इतने दिन कभी नहीं निकले। मुझे नहीं पता आगे कि ज़िंदगी आपके बिना कैसे चलेगी, पर मुझे हर कदम पर आपकी ज़रूरत पड़ेगी। आपने सिखाया था कि फ़र्ज़ सबसे आगे है, तो मैदान पर बस आपका सपना पूरा करने की कोशिश कर रहा था। अब आपका सपना पूरा हो गया है तो बस यही लगता है कि काश आप मेरे पास होते। हर छोटी बड़ी ख़ुशी में आपकी कमी खलेगी। बहुत याद करूंगा आपको पापा, बहुत ज़्यादा। टी20 विश्व कप 2026 के दौरान पिता जी की तबीयत बिगड़ने पर रिंकू टीम से अलग होकर कुछ समय के लिए घर लौटे थे और बाद में टीम से दोबारा जुड़ गए। टूर्नामेंट में उन्हें सीमित मौके मिले और उन्होंने पांच पारियों में 24 रन बनाए। इस साल अब तक खेले गए 10 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में रिंकू ने आठ पारियों में 115 रन बनाए हैं।

तैयारी

चोट और थकान से उबरने के बाद रणनीति पर फिर से कर रहे विचार

## लक्ष्य सेन का ध्यान अब बड़े टूर्नामेंटों पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में मिली शिकस्त से थोड़े निराश भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने स्वीकार किया है कि आधुनिक पुरुष एकल मुकाबलों की बढ़ती शारीरिक मांगों के कारण उन्हें अपनी रिकवरी (चोट और थकान से उबरने की प्रक्रिया) और तैयारी की रणनीति पर फिर से विचार करना पड़ रहा है। लक्ष्य दूसरी बार ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे थे।

उन्होंने बर्मिंघम में शारीरिक तौर पर थका देने वाले सप्ताह के दौरान कई कड़े और अधिक समय वाले मुकाबले खेले। उन्हें फाइनल में चीनी ताइपे के लिन चुन-यी से हार का सामना करना पड़ा। उत्तराखंड के अल्मोड़ा के इस 24 साल के खिलाड़ी ने कहा कि कुल मिलाकर यह सप्ताह अच्छा लेकिन भावनात्मक रहा। दूसरी बार फाइनल में पहुंचकर भी खिताब नहीं जीत पाना मैच के बाद थोड़ा निराशाजनक लगता है। पूरे टूर्नामेंट को देखें तो कुछ अच्छी जीत मिलीं, अच्छा अभियान रहा और जिस तरह मैंने मैच खेले, उससे आने वाले टूर्नामेंटों के लिए उम्मीदें बनी हैं।



एक मैच में शटल को रिटर्न करते लक्ष्य सेन। ● एजेंसी

लक्ष्य ने इस सप्ताह कोर्ट पर पांच घंटे से अधिक समय बिताया। इसमें एक बेहद कठिन सेमीफाइनल भी शामिल था। इस मुकाबले में उन्हें गंभीर ऐंठन से जूझना पड़ा। इसके बाद फाइनल में उन्हें करीबी हार का सामना करना पड़ा। इस युवा खिलाड़ी ने कहा कि मैच और टूर्नामेंट अब बहुत ज्यादा शारीरिक हो गए हैं और उम्र के साथ भी फर्क पड़ता है। मेरा मतलब है कि अब मैं 20 साल का नहीं रहा कि उतनी तेजी से रिकवर कर सकूं। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कह रहा कि मेरी उम्र काफी बढ़ गयी है, लेकिन तैयारी, अगले मैचों के लिए रिकवरी और खासकर डाइट (आहार) को लेकर बदलाव करने पड़ते हैं। जब मैं 21-22 साल का था तो जो भी खाता था, उससे वजन नहीं बढ़ता था। इस सत्र में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप और बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप को प्रमुख आयोजन बताते हुए लक्ष्य ने कहा कि अब वह अपनी टीम के साथ मिलकर ऑल इंग्लैंड अभियान का विश्लेषण करेंगे। उन्होंने कहा कि ये दोनों इस साल के बड़े टूर्नामेंट हैं जिनमें मैं खेलूंगा। मैं अपनी टीम के साथ बैठकर विस्तार से विश्लेषण करूंगा कि ऑल इंग्लैंड टूर्नामेंट कैसा रहा और पिछले कुछ महीनों में अभ्यास कार्यक्रम कैसा रहा। लक्ष्य ने कहा कि इसके बाद कोर्ट पर खास तौर पर अपने खेल को और बेहतर बनाने की कोशिश करूंगा और पूरे सत्र में फिट रहने पर ध्यान दूंगा क्योंकि आगे कई बड़े टूर्नामेंट हैं।

### वनडे सीरीज में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे लिटन दास

**ढाका, एजेंसी :** बंगलादेश के मुख्य कोच फिल सिमंस ने पुष्टि की है कि पाकिस्तान के खिलाफ आगामी तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला में लिटन दास पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। लिटन ने 2019 क्रिकेट विश्व कप के बाद से वनडे में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी नहीं की है। सिमंस को उम्मीद है कि मध्यक्रम में उतरने से वह 50 ओवर के प्रारूप में अपनी खोई हुई लय वापस पा सकेंगे।



लिटन पिछली आठ वनडे पारियों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके हैं। सिमंस का मानना है कि बल्लेबाजी क्रम में बदलाव से टीम के मध्यक्रम को मजबूती मिलेगी, जो लंबे समय से कमजोर कड़ी रहा है। उन्होंने कहा कि विकेटकीपिंग करने के बाद सीधे पारी की शुरुआत करना मुश्किल होता है।